राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 355
लखनऊ, गुरुवार 27 अगस्त, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित



samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

रक्षाबंधन के पर्व पर डीएम ने समूह की महिलाओं से बंधवाई राखी 10
देश की सबसे युवा बस फ्लीट वाला राज्य बना यूपी 03

# नेपाल में जलप्रलय, 100 की मौत

## 133 भारतीय समेत 1000 से ज्यादा लापता ✹ यूपी-बिहार में पहुंचा बाढ़ का पानी, हाई अलर्ट, एनडीआरएफ तैनात

समृद्धि न्यूज-एजेंसी

**काठमांडू/नई दिल्ली/कुशीनगर।** पड़ोसी देश नेपाल में बुधवार को आई विनाशकारी बाढ़ भारी तबाही मचाते हुए बिहार पहुंच गई है। गंडक बैराज के सभी 36 गेट खोल दिये गए हैं। नेपाल अचानक आए जलप्रलय से सबसे ज्यादा प्रभावित 50 हजार आबादी वाले रसुवा, तिमुरे और स्याब्रूबेसी में घर, वाहन और पुल बह गए हैं। खबर लिखे जाने तक 100 लोगों की मौत हो गई है और 1000 से ज्यादा लोग लापता हैं। इनमें 133 भारतीय भी हैं। मौतों और लापता लोगों की संख्या बढ़ने की आशंका है। बाढ़ से प्रभावित इलाकों में तलाशी और बचाव अभियान जारी है।

इधर, बाढ़ की विभीषिका को देखते हुए यूपी और बिहार के तटवर्ती 12 जिलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। यूपी के गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज और सिद्धार्थनगर के अलावा बिहार के मोतिहारी, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज समेत आठ जिलों में हाई अलर्ट है। गंडक नदी में तेज पानी के दबाव को देखते हुए 36 गेट खुल दिए गये हैं। दोनों राज्यों के प्रभावित इलाकों में एनडीआरएफ की 20 टीमों को तैनात कर दिया गया है।



बुधवार को तिब्बत में भूकंप के बाद हिम चट्टान खिसकने से नेपाल के रसुवा में आया भीषण जलप्रलय।

**गंडक-नारायणी पर निगरानी तेज:** उत्तर प्रदेश और बिहार में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। यूपी में नेपाल से लगे महाराजगंज और कुशीनगर जिलों में गंडक-नारायणी नदी तंत्र पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों जिलों के प्रशासन को सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने और नदी के जलस्तर पर लगातार नजर रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नेपाल में प्रभावित लोगों के सकुशल रहने के लिए भगवान पशुपतिनाथ से प्रार्थना भी की।

**बिहार के आठ जिलों में अलर्ट:** बिहार में पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सारण, मुजफ्फरपुर, मोतिहारी और वैशाली में गंडक नदी को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। वाल्मीकिनगर गंडक बराज, तटबंधों और निचले इलाकों की लगातार निगरानी की जा रही है। जरूरत पड़ने पर राहत एवं बचाव दलों को तत्काल प्रभावित क्षेत्रों में भेजने की तैयारी है।

**चीन सीमा मार्ग भी प्रभावित:** बाढ़ से नेपाल-चीन सीमा के महत्वपूर्ण रसुवागढ़ी मार्ग को भी भारी नुकसान पहुंचा है। सड़क और पुल क्षतिग्रस्त होने से सीमा क्षेत्र में आवागमन और व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हुई हैं। कई जलविद्युत परियोजनाओं को भी नुकसान पहुंचने की खबर है।

**चीन पर उठे सवाल:** नेपाल के रसुवा में आई भीषण बाढ़ के बाद तिब्बत के केरुंग क्षेत्र से समय पर आपदा सूचना साझा नहीं किए जाने को लेकर चीन पर सवाल उठ रहे हैं। नेपाली सूत्रों के अनुसार, केरुंग में बाढ़ आने के करीब 45 मिनट बाद नेपाल को इसकी जानकारी मिल सकी। समय पर चेतावनी नहीं मिलने से रसुवा के टिमुरे क्षेत्र में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने और राहत-बचाव की तैयारी के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल सका। अचानक बढ़े पानी के कारण इलाके में अफरा-तफरी मच गई और कई लोग जान बचाने के लिए भागते नजर आए।

### भूकंप के बाद हिमस्खलन से सैलाब!

रसुवा में आई अचानक बाढ़ के सटीक कारण की तकनीकी जांच जारी है। शुरुआती वैज्ञानिक आकलन में 4.4 तीव्रता के भूकंप के बाद हिमस्खलन या हिम-चट्टान खिसकने से ल्हेंडे नदी का रास्ता अवरुद्ध होने की आशंका जताई गई है। इसके बाद प्राकृतिक अवरोध टूटने से अचानक भारी जलप्रवाह नीचे आया हो सकता है। ग्लेशियर झील के फटने यानी जीएलओएफ की संभावना की भी जांच की जा रही है। बताते है कि तिब्बत में 5 मंजिला इमारत गिराती हुई नेपाल में लहरें घुसी हैं।

### मदद को आगे आया भारत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह से फोन पर बात की। उन्होंने नेपाल को हर संभव मानवीय और राहत सहायता देने का भरोसा दिया है। भारत नेपाल को मानवीय सहायता और आपदा राहत सामग्री भेजने की तैयारी कर रहा है। विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय के अधिकारी नेपाल के संबंधित अधिकारियों के संपर्क में हैं।

राहत सामग्री में खाद्य सामग्री, पीने का पानी, दवाइयां, मेडिकल किट, पानी शुद्ध करने वाली गोलियां, तंबू और कंबल शामिल हो सकते हैं। इन्हें वायुसेना के विमानों और सड़क मार्ग से प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचाने की तैयारी है। भारत की प्राथमिकता नेपाल में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और प्रभावित लोगों तक जल्द राहत पहुंचाना है।

## 50 हजार छात्राओं को योगी देंगे स्कूटी

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को प्रदेश की 50 हजार छात्राओं को स्कूटी देने का ऐलान किया। उन्होंने लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजना के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार की हर योजना बेटियों को ध्यान में रखकर तैयार की जा रही है। बेटियों की सुरक्षा सरकार की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा को लेकर व्यवस्था में व्यापक बदलाव किया है और अब उनकी सुरक्षा किस्मत के भरोसे नहीं, बल्कि सिस्टम और तकनीक पर आधारित है। योगी ने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में बेटियों के सम्मान, शिक्षा और भविष्य को लेकर असुरक्षा का माहौल था। उन्होंने कहा कि उस समय प्रदेश में अराजकता और अव्यवस्था का बोलबाला था। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि मौजूदा सरकार ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था को मजबूत किया है और अराजकता की जगह उत्सव का माहौल बनाया है।



बुधवार को लखनऊ में बुजुर्ग महिलाओं को रोडवेज की बस में मुफ्त यात्रा पर रवाना करने से पहले सेल्फी लेते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

उन्होंने कहा कि पहले सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी की शिकायतें सामने आती थीं, लेकिन अब व्यवस्था में पारदर्शिता लाई गई है। बेटियों के खिलाफ अपराध करने वालों को कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।


मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य बेटियों को सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाना है। स्कूटी देने की घोषणा को इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## चुनाव के चलते चढ़ावा चोरी की एफआईआर नहीं कराई: चंपत

✹ डायरी में कई चौंकाने वाले खुलासे

समृद्धि न्यूज, अयोध्या।

राम मंदिर से जुड़े एक मामले को लेकर पूर्व महासचिव चंपत राय की कथित डायरी में दर्ज टिप्पणियों ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। सामने आई जानकारी के मुताबिक, डायरी में चढ़ावे की चोरी से जुड़े मामले में तत्काल एफआईआर नहीं कराने की वजह चुनाव बताई गई है। हालांकि डायरी में दर्ज बातों और उनसे जुड़े दावों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है।



सूत्रों के मुताबिक, चढ़ावे की चोरी का मामला सामने आने के बाद तत्काल पुलिस में शिकायत दर्ज कराने पर जांच लंबी खिंचने और उसका राजनीतिक असर पड़ने की आशंका जताई गई थी।

### हमले की साजिश नाकाम पांच आतंकवादी गिरफ्तार

**एजेंसी, कुलगाम।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सुरक्षा बलों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच हाइब्रिड आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। सुरक्षाबलों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ है। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में एक बड़े आतंकी हमले की साजिश नाकाम होने की बात सामने आई है। सुरक्षा एजेंसियों को क्षेत्र में आतंकियों की गतिविधियों और संभावित हमले की साजिश की सूचना मिली थी। इसके बाद अभियान चलाकर पांच संदिग्धों को पकड़ा गया।

तलाशी के दौरान उनके पास से हथियार और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई।

## केवाईसी के बिना नहीं मिलेगी रसोई गैस

✹ एक सितंबर से बदलेंगे कई नियम
✹ सोना-चांदी निवेश सावधि जमा पर असर

एजेंसी, नई दिल्ली।

सितंबर की शुरुआत के साथ वित्तीय और घरेलू जरूरतों से जुड़े कई नियमों में बदलाव देखने को मिल सकता है। सोना-चांदी आधारित निवेश, पाइप से मिलने वाली प्राकृतिक गैस, बैंक की सावधि जमा, एटीएम शुल्क और रसोई गैस की ई-केवाईसी से जुड़े प्रावधानों का असर आम उपभोक्ताओं और निवेशकों पर पड़ सकता है। हालांकि इनमें कुछ बदलाव निर्धारित नियमों के तहत हैं, जबकि रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल की कीमतों जैसे मामलों में अंतिम निर्णय संबंधित कंपनियां लेंगी।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड की ओर से निवेश कोष कारोबार से जुड़े नए प्रावधान लागू किए जा रहे हैं। इसके तहत सोना और चांदी आधारित निवेश कोषों की कीमत सीमा तय करने में पिछले कारोबारी दिन के अंतिम 30 मिनट के कारोबार की औसत कीमत को आधार बनाया जाएगा। इसका उद्देश्य कीमतों को बाजार की वास्तविक स्थिति के अधिक करीब रखना है।

सरकार घरेलू पाइप से मिलने वाली प्राकृतिक गैस का नेटवर्क बढ़ाने पर जोर दे रही है। योजना के तहत नए क्षेत्रों में गैस कनेक्शन पहुंचाने और पहले से मौजूद लेकिन सक्रिय नहीं हो पाए कनेक्शनों को चालू करने पर जोर रहेगा। बैंक अपनी सावधि जमा की ब्याज दरों में समय-समय पर बदलाव करते हैं। ऐसे में सितंबर में भी कुछ बैंकों की ब्याज दरों में बदलाव हो सकता है। सावधि जमा कराने वाले ग्राहकों को निवेश से पहले अलग-अलग बैंकों की मौजूदा ब्याज दर और अवधि की तुलना करनी चाहिए।

एटीएम से नकद निकासी के निर्धारित निशुल्क लेनदेन पूरे होने के बाद शुल्क देना पड़ सकता है। अलग-अलग बैंकों के नियम और शुल्क अलग हो सकते हैं। इसलिए अधिक एटीएम लेनदेन करने वाले ग्राहकों को अपने बैंक के मौजूदा शुल्क की जानकारी जरूर देखनी चाहिए।

वहीं रसोई गैस कनेक्शन की ई-केवाईसी को लेकर भी उपभोक्ताओं को सतर्क रहने की जरूरत है। जिन उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी लंबित है, उन्हें निर्धारित समयसीमा में इसे पूरा कर लेना चाहिए।



# मातृ शक्ति को सम्मान, बहन बेटियों माताओं को सरकार ने दी यात्रा सुविधाओं की सौगात

समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।

**रामसनेहीघाट।** भारतीय जनता पार्टी मातृशक्ति को सम्मान और सुविधा देने के लिये माताओं, बहनों और बेटियों के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर उनके हितों के लिए कार्य कर रही है। यह बात खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने बुधवार को लोक सभागार कलेक्ट्रेट बाराबंकी में आयोजित लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति योजना के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान कही।



उन्होंने कहा कि मातृशक्ति समाज की आधारशिला है और उनके सम्मान व सशक्तिकरण के लिए सरकार लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति योजना इसी दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के तहत 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को परिवहन निगम की बसों में आजीवन निःशुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी। यही नहीं श्री शर्मा ने कहा कि रक्षाबंधन के पावन अवसर पर महिलाओं के आवागमन को सुलभ बनाने के लिए 27 अगस्त की सुबह छह बजे से 29 अगस्त की मध्यरात्रि 12 बजे तक माताओं, बहनों और बेटियों को सहयात्री सहित निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सुविधा महिलाओं को आवागमन में राहत देने के साथ ही उनके प्रति सरकार के सम्मान को भी दर्शाती है। कार्यक्रम में योजना के शुभारंभ का सीधा प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम में बहनों ने श्री शर्मा का तिलक करके उनका आभार व्यक्त किया।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, विधायक दिनेश रावत, वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप मिश्रा, जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा 'भुल्लन', महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रामेश्वरी त्रिवेदी, अर्चना मिश्रा, सरिता सिंह सहित मुख्य विकास अधिकारी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक और परिवहन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में महिलाएं भी कार्यक्रम में शामिल हुईं।

# ईद मिलादुन्नबी का पर्व अकीदत के साथ मनाया गया

समृद्धि न्यूज, रामसनेहीघाट, बाराबंकी।

नगर क्षेत्र में ईद मिलादुन्नबी का पर्व बुधवार को उल्लास, अकीदत और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। वार्ड आबकारी में पर्व को लेकर विशेष तैयारियां की गई। घरों और गलियों को आकर्षक ढंग से सजाया गया, जबकि देर रात तक रंग-बिरंगी रोशनी से पूरा इलाका जगमगाता रहा।

सभासद अफजाल की मौजूदगी में वार्ड आबकारी से जुलूस निकाला गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। जुलूस के रास्ते में जगह-जगह लोगों ने जायरीनों का स्वागत किया और शरबत व मिठाइयां बांटीं। लोगों ने एक-दूसरे को मुबारकबाद देते हुए अमन, शांति और खुशहाली की दुआ की। जुलूस में मदरसा अहले



सुन्नत फैजुल उलूम के बच्चों ने नात पेश की। बच्चों की प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया। नात और धार्मिक नारों की गूंज से माहौल पूरी तरह अकीदतमय रहा। कई घरों के बाहर पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मदिवस की खुशी में आकर्षक झांकियां भी सजाई गईं। इस दौरान हसन, सोनू, राहत, सिकंदर, सलीम, हलीम, इरफान, शमीम, दानिश, अब्दुल कादिर और शकील समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के माध्यम से प्रेम, इंसानियत, भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया गया।

## खबरें एक नजर में

### बाइक से गिरकर वृद्धा की मौत

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** दरियाबाद थाना क्षेत्र में लालगंज चौराहे के पास बुधवार को बाइक से गिरकर एक वृद्धा की मौत हो गई। हादसे के बाद मां की मौत का सदमा पुत्र नूर आलम बर्दाश्त नहीं कर सके और मौके पर ही बेहोश हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें संभालकर होश में लाया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। अयोध्या के मवई थाना क्षेत्र के नेवरा गांव निवासी नूर आलम अपनी वृद्ध मां को इलाज के लिए दरियाबाद लेकर आए थे। दवा लेने के बाद दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। लालगंज चौराहे के पास अचानक वृद्धा बाइक से सड़क पर गिर गईं। सिर और शरीर में गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### भाईचारे की मिसाल बना बारावफात

**विशेश्वरगंज, बहराइच।** थाना क्षेत्र में बुधवार को बारावफात (ईद-ए-मिलादुन्नबी) का पर्व अकीदत और उल्लास के साथ मनाया गया। गंगवल बाजार, पुरैना बाजार, गंघरिया सहित विभिन्न स्थानों पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुलूस निकालकर पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के प्रति अकीदत का इजहार किया। जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। पर्व के दौरान क्षेत्र में आपसी भाईचारे और सौहार्द की मिसाल देखने को मिली। जुलूस निर्धारित मार्गों से शांतिपूर्वक निकाला गया। जगह-जगह लोगों ने जुलूस का स्वागत किया। इस दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थानाध्यक्ष संदीप द्विवेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम सक्रिय रही। पुलिसकर्मियों ने प्रमुख बाजारों, जुलूस मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बनाए रखी। पुलिस की सक्रियता और स्थानीय लोगों के सहयोग से पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। पर्व के दौरान लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। क्षेत्र में गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी सौहार्द की तस्वीर देखने को मिली। पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांति और भाईचारा बनाए रखने की अपील की।

### अर्नव सिंह ने जीता सिल्वर मेडल

**बहराइच।** प्रयागराज में आयोजित 61वीं यूपी स्टेट जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जिले के होनहार युवा एथलीट अर्नव सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-16 पेंटाथलॉन इवेंट में 4097 अंक के साथ रजत पदक हासिल कर बहराइच का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही अर्नव ने आगामी नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। अर्नव सिंह शहर के प्रतिष्ठित महाराज सिंह इंटर कॉलेज में कक्षा 9 के छात्र हैं और निरंतर खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे पूर्व भी वह अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। अर्नव ने इससे पहले एसजीएफआई स्टेट लेवल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता था और वह नेशनल अवार्ड से भी सम्मानित हो चुके हैं। पदक जीतने के बाद अपनी खुशी जाहिर करते हुए अर्नव ने अपनी इस बड़ी कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद और गुरुजनों के कुशल मार्गदर्शन व कठिन प्रशिक्षण को दिया। अर्नव की इस स्वर्णिम उपलब्धि पर एथलेटिक्स एसोसिएशन बहराइच के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह टिंकू व सचिव अटल सिंह, विद्यालय परिवार, शिक्षकों, खेल प्रेमियों और जनपदवासियों में खुशी की लहर है। सभी ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य और आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए ढेरों बधाइयां व शुभकामनाएं दी हैं।

### मूलभूत सुविधाओं के विकास से ग्राम का होगा कायाकल्प

**बहराइच।** जनपद के विकास खण्ड शिवपुर का ग्राम गोड़िहा-2 कुल 160 जनसंख्या वाली बसावट का गांव है। यहां पर निवासरत कुल 29 परिवार में 54 पुरूष, 48 महिलाएं व 58 बच्चे हैं। किसी भी तरफ से सम्पर्क मार्ग से जुड़े न होने तथा विद्युतीकरण की सुविधा से वंचित ग्राम के लोग ग्राम स्वास्थ्य सेवाओं, बाल विकास एवं शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित है। स्थिति यह है कि अधिक वर्षा होने पर ग्राम की स्थिति टापू जैसी बन जाती है। सम्पर्क मार्ग के जुड़ाव तथा विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्राम गोड़िहा-2 की समस्याएं संज्ञान में आने पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा ग्राम को मुख्य धारा मे लाने हेतु सम्पर्क मार्ग के निर्माण के दृष्टिगत भूमिधारकों से कई चरणों में वार्ता की गयी। विभिन्न चरणों में चली वार्ता के परिणाम स्वरूप ग्रामीणों द्वारा अपने खेत के कुछ भू-भाग को रास्ते में देने हेतु सहमति प्रदान करते ही जिलाधिकारी के निर्देश पर अधिशासी अभियन्ता लो.नि.वि. प्रान्तीय खण्ड द्वारा 1.100 कि.मी. सम्पर्क मार्ग के निर्माण हेतु 15 जून 2026 को रू. 132.25 लाख का आगणन प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग मुख्यालय, लखनऊ को प्रेषित किया गया। जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी के प्रयासों से लोक निर्माण विभाग मुख्यालय, लखनऊ द्वारा 24 अगस्त 2026 को 1.100 कि.मी. सम्पर्क मार्ग के निर्माण हेतु धनराशि रू. रू. 130.31 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रा.ख. को निर्देश दिये गये हैं कि तत्काल निविदा आमंत्रण की कार्यवाही पूर्ण कर निविदा एवं अनुबंध गठन के उपरान्त निर्माण कार्य प्रारम्भ करा दिया जाय। डीएम ने बताया कि मार्ग के नवनिर्माण से क्षेत्रीय ग्रामीणों को अपने कृषि उत्पाद मण्डियों तक ले जाने में सुविधा होगी। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों की शासकीय शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच के सम्बन्ध में भी अनुकूल प्रभाव पड़ेगा तथा विद्युतीकरण हो जाने पर यह ग्राम भी मुख्यधारा से जुड़ जायेगा।

### मेडिकल कॉलेज ने हासिल की एक और बड़ी उपलब्धि

**बहराइच।** महाराजा सुहेलदेव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय, बहराइच ने चिकित्सा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। अस्थि रोग (हड्डी रोग) विभाग द्वारा मण्डल में पहली बार अत्याधुनिक दूरबीन विधि (शोल्डर आर्थ्रोस्कोपी) के माध्यम से कंधे के जोड़ की बैंकर्ट रिपेयर सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। लंबे समय से कंधे के जोड़ की गंभीर समस्या से पीड़ित 38 वर्षीय एक मरीज का आधुनिक आर्थ्रोस्कोपिक तकनीक द्वारा सफल ऑपरेशन किया गया। मरीज के नाम एवं अन्य व्यक्तिगत विवरण गोपनीयता की दृष्टि से सार्वजनिक नहीं किए जा रहे हैं। अस्थि रोग विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. (प्रो.) मिथिलेश कुमार ने बताया कि मरीज कंधे के जोड़ की बैंकर्ट चोट से ग्रसित था। इस प्रकार की चोट में कंधे का जोड़ बार-बार अपनी जगह से खिसकने अथवा अस्थिर होने की समस्या उत्पन्न हो सकती है। मरीज की स्थिति को देखते हुए अत्याधुनिक शोल्डर आर्थ्रोस्कोपी तकनीक के माध्यम से बैंकर्ट रिपेयर सर्जरी की गई। उन्होंने बताया कि दूरबीन विधि से की जाने वाली इस सर्जरी में छोटे-छोटे छिद्रों के माध्यम से कैमरा एवं विशेष उपकरणों का उपयोग कर कंधे के जोड़ के अंदर की चोट का उपचार किया जाता है।

# सरयू नदी की कटान हुई तेज, ग्रामीणों के सामने बढ़ा संकट

समृद्धि न्यूज, सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।

तहसील सिरौलीगौसपुर की ग्राम पंचायत सिरौली गुंग के पुरवा बबुरी में सरयू नदी की तेज कटान से ग्रामीणो के सामने बेघर होने का संकट खड़ा हो गया है।ग्रामीणो का आरोप है कि पिछले एक सप्ताह से नदी की कटान लगातार जारी है,लेकिन बाढ़ खंड का कोई अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने तक नहीं आया।

बुधवार को समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य विजय कुमार यादव ने बबुरी गांव के कटान प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया और ग्रामीणो से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली।उन्होने बताया कि नदी की कटान मे अब तक किसानो की लगभग 50 बीघा गन्ने की फसल लगी भूमि नदी



मे समाहित हो चुकी है।

कटान का खतरा अब आबादी तक पहुंच गया है। ग्रामीण रामकृपाल,राम सुमिरन,अयोध्या,कमलेश तथा श्रीमती कुंजा के घर नदी की कटान के मुहाने पर खड़े है।भयभीत ग्रामीण अपने घरों से गृहस्थी और राशन आदि सामान निकालकर बांध के दूसरी ओर अपने परिचितो एवं रिश्तेदारो के यहां रखने और शरण लेने को मजबूर हैं।जिला पंचायत सदस्य विजय कुमार यादव ने मौके से ही उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर को स्थिति से अवगत कराया तथा प्रभावित ग्रामीणो को तत्काल राहत उपलब्ध कराने की मांग की।उन्होने कहाकि कटान की गंभीर स्थिति के बावजूद बाढ़ खंड के अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों के घरों और जान-माल की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम न उठाया जाना बेहद चिंता का विषय है।विजय कुमार यादव ने सरकार से मांग की कि सरयू नदी की कटान से प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत एवं सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराया जाए। जिन परिवारों के घर नदी की कटान में प्रभावित अथवा नष्ट हो गए हैं,उनके पुनर्वास के लिए भूमि उपलब्ध कराकर मुख्यमंत्री आवास दिलाया जाए।साथ ही कटान में फसल एवं कृषि भूमि गंवाने वाले किसानो को नियमानुसार समुचित मुआवजा प्रदान किया जाए।उन्होने प्रशासन एवं बाढ़ खंड के अधिकारियो से कटान प्रभावित गांव मे तत्काल पहुंचकर बचाव एवं राहत कार्य शुरू कराने की भी मांग की।

# हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया



समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।

बलरामपुर जिले में बहुत ही धूम धाम से मनाया गया बारहवफात का त्योहार का कार्यक्रम रात भर सड़कों चहल पहल रही ।

जुलूस मोहम्मदी नौशहरा मस्जिद से शुरू हुआ जिसकी सदारत सैयद अहमद रज़ा ने की। जिसमें सैयद अहमद रजा के साथ शामिल हुए सांसद राम शिरोमणि वर्मा, पूर्व विधायक जगराम पासवान, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि शाबान अली तथा अन्य उलेमा इकराम शामिल हुए। जुलूस में हजारों लोग तादाद में शामिल हुए।

## डॉक्टरों की गैर हाजिरी से मरीज घण्टो तड़पते रहे

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** राजमार्ग पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट की इमरजेंसी बुधवार सुबह डॉक्टर की गैरहाजिरी के कारण घंटों भगवान भरोसे रही। ड्यूटी का समय होने के बावजूद चिकित्सक डॉ. अनूप सैनी के न पहुंचने से दुर्घटना में घायल और सर्पदंश समेत गंभीर मरीज इलाज के लिए इमरजेंसी के बाहर भटकते रहे। ऐसे में सवाल उठता है कि गंभीर मरीजों के लिए महत्वपूर्ण इस अस्पताल की इमरजेंसी में ही डॉक्टर समय पर नहीं मिलेंगे तो मरीज जाएं कहां?

बुधवार सुबह इमरजेंसी में डॉ. हरिशंकर मरीजों को देख रहे थे। करीब 9:30 बजे उनके जाने के बाद अगली ड्यूटी संभालने वाले डॉ. अनूप सैनी का घंटों इंतजार होता रहा, लेकिन वह अस्पताल नहीं पहुंचे। डॉक्टर के अभाव में इमरजेंसी की चिकित्सा व्यवस्था लगभग ठप हो गई।

इस दौरान दुर्घटना में घायल गुनौली निवासी नीरज और सर्पदंश के बाद इलाज के लिए पहुंचे रामसमुझ समेत एक दर्जन से अधिक मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मरीज और उनके तीमारदार डॉक्टर के आने का इंतजार करते रहे, जबकि अस्पताल में मौजूद मुख्य फार्मासिस्ट बृजेश श्रीवास्तव ने मोर्चा संभालते हुए आयुष, प्रतीक्षा, मुस्कान सिंह, सरिता देवी और सुमन समेत कई मरीजों को दवाएं देकर राहत पहुंचाने की कोशिश की।

राजमार्ग स्थित इस सीएचसी में सड़क हादसों और अन्य गंभीर मामलों के मरीज बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। ऐसे महत्वपूर्ण अस्पताल की इमरजेंसी में चिकित्सक का घंटों नदारद रहना स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर लापरवाही को उजागर करता है। यदि इसी दौरान किसी मरीज की हालत बिगड़ जाती तो जिम्मेदारी किसकी होती? केंद्र अधीक्षक डॉ. रमेश कुमार ने चिकित्सक की गैरहाजिरी को गंभीरता से लेते हुए कहा कि मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी जाएगी।

# जिले में मिलावटखोरों पर कार्रवाई 120 किलो दूषित मिठाई नष्ट

समृद्धि न्यूज़, बहराइच।

रक्षाबंधन से पहले बहराइच में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। मंगलवार को विभाग की चार टीमों ने जिले के अलग-अलग इलाकों में मिठाई की दुकानों और डेयरियों पर छापेमारी की। इस दौरान रमवापुर स्थित एक मिठाई की दुकान से करीब 120 किलो खराब और दूषित मिठाई मिली, जिसे टीम ने मौके पर ही नष्ट करा दिया। अलग-अलग प्रतिष्ठानों से दूध, खोया, पेड़ा, मिल्क केक, सोनपापड़ी और छेना मिठाई समेत 11 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। सभी सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। यह अभियान खाद्य सुरक्षा विभाग के डीओ डॉ. अमर सिंह वर्मा के निर्देश पर चलाया गया। विभाग का कहना है कि रक्षाबंधन तक अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि त्योहार के दौरान लोगों को मिलावटी और खराब खाद्य पदार्थों से बचाया जा सके। रमवापुर स्थित हर्षिता मिष्ठान भंडार में जांच के दौरान टीम को करीब 120 किलो खराब और दूषित मिठाई मिली। मिठाई की गुणवत्ता खराब पाए जाने पर टीम ने इसे मौके पर ही नष्ट करा दिया। इसी दुकान से टीम ने सोनपापड़ी और मिल्क केक के नमूने भी लिए। इसके बाद मौर्या मिष्ठान भंडार से दूध और जायसवाल मिष्ठान भंडार से खोया का सैंपल लिया गया। पहली टीम ने कुट्टी बाजार में भी खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की। बंगाली स्वीट्स से मिल्क केक, जायसवाल जलपान गृह से खोया और जायसवाल स्वीट्स से पेड़े का नमूना संकलित किया गया। विभाग की दूसरी टीम ने मरौचा स्थित जयगुरुदेव मिष्ठान भंडार से पेड़ा और पटेशिया स्थित बंगाली स्वीट्स से छेना मिठाई का सैंपल लिया।

# ऑटो लिफ्टर गिरोह का पर्दाफाश, सात घटनाओं का अनावरण कर एक को किया गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।

जनपद की स्वाट,सर्विलांस तथा थाना सफदरगंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा 1 शातिर आटोलिफ्टर को गिरफ्तार कर 7 घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए उसके कब्जे,निशादेंही से चोरी की विभिन्न घटनाओं से संबंधित 4 अदद ई-रिक्शा,5 अदद मोटरसाइकिल,21 अदद ई-रिक्शा बैटरी व अवैध देशी तमंचा मय कारतूस बरामद किया है।जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत आज स्वाट,सर्विलांस तथा थाना सफदरगंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा 1 शातिर आटोलिफ्टर इस्लामुद्दीन उर्फ बाबू पुत्र मेराजुद्दीन निवासी शाह कटरा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को




लखनऊ-अयोध्या हाइवे,रसौली अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया गया है।अभियुक्त के कब्जे,निशादेंही से 4 अदद ई-रिक्शा,5 अदद मोटरसाइकिल, 21 अदद ई-रिक्शा बैटरी तथा एक अदद अवैध देशी तमंचा .315 बोर मय जिन्दा कारतूस बरामद किया गया।उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सफदरगंज पर मुअसं 368/2026 धारा 317(2) बीएनएस, 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि अभियुक्त एक शातिर किस्म का अपराधी है, अभियुक्त गांव, कस्बों में रेकी करने के पश्चात सार्वजनिक क्षेत्र,भीड़ वाले क्षेत्रों में खड़े वाहनों को चिन्हित कर चोरी करता था।

अभियुक्त द्वारा कई बार ई-रिक्शा बुक किए जाते थे तथा ई-रिक्शा के ड्राइवर को किसी बन्द घर के बाहर ले जाकर कहता था कि अभी घर में ताला लगा है आप यहाँ बैठो मैं चाभी लेकर आता हूँ।इस प्रकार ई-रिक्शा चालक को भ्रमित करके चुपके से ई-रिक्शा चोरी करके ले जाता था।

# रक्षाबंधन पर बेटियों ने डीएम को बांधी अपने हाथों से बनाई राखी

- डीएम ने उपहार देकर जताया स्नेह

समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।

रक्षाबंधन के पावन पर्व पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय करपिया, मसौली की बालिकाओं ने जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें अपने हाथों से बनाई राखी बांधी। जिलाधिकारी ने बालिकाओं के स्नेह को सहर्ष स्वीकार करते हुए उन्हें उपहार भेंट किए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बालिकाओं से सहज संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई-लिखाई, विद्यालय की व्यवस्थाओं, खान-पान एवं रहने-सहने की सुविधाओं के संबंध में



जानकारी ली। उन्होंने बालिकाओं से कहा कि वे मन लगाकर पढ़ाई करें और विद्यालय में किसी भी प्रकार की आवश्यकता या समस्या होने पर बिना संकोच अपनी बात रखें।जिलाधिकारी ने कहा, 'आप सभी मन लगाकर पढ़ाई करें, बाकी जरूरतों की चिंता मुझ पर छोड़ दें। संवाद के दौरान बालिकाओं ने विद्यालय की आवश्यकताओं से भी जिलाधिकारी को अवगत कराया। उन्होंने उच्चीकृत एकेडमिक भवन से हॉस्टल तक आने-जाने वाले मार्ग पर इंटरलॉकिंग कार्य कराने तथा खेल मैदान में मिट्टी पटाई कराकर उसे खेल गतिविधियों के लिए बेहतर बनाने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने बालिकाओं की आवश्यकताओं को गंभीरता से लेते हुए अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। खेल मैदान में मिट्टी पटाई के संबंध में उन्होंने बरसात समाप्त होने के बाद आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।

जिलाधिकारी ने बताया कि गत 13 अगस्त को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मुजीबपुर, देवा के निरीक्षण के दौरान छात्राओं द्वारा परिसर के अंदर के रास्ते पर इंटरलॉकिंग की आवश्यकता बताई गई थी। छात्राओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इंटरलॉकिंग कार्य की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। साथ ही विद्यालय की अन्य मूलभूत आवश्यकताओं के संबंध में भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# रक्षाबंधन पर महिलाओं को निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा

समृद्धि न्यूज़, बहराइच।

रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर प्रदेश सरकार ने महिलाओं को निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा प्रदान की। बुधवार को उत्थान ऑडिटोरियम में 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा' के शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां मुख्यमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण भी हुआ। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर विकास राज्यमंत्री राकेश कुमार राठौर ने इस पहल के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन पर बहनों को उनके भाइयों और परिजनों के घर सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक ढंग से पहुंचाने के लिए यह सुविधा शुरू की गई है। निःशुल्क बस यात्रा से महिलाओं को आवागमन में राहत मिलेगी और आर्थिक बोझ भी कम होगा। राज्यमंत्री राठौर ने आगे कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सुविधा को प्राथमिकता दे रही है। रक्षाबंधन जैसे पर्व पर मुफ्त बस यात्रा की सुविधा देना सरकार की महिला हितैषी सोच को दर्शाता है। उन्होंने अधिकारियों को बसों का संचालन सुचारु रखने और यात्रा के दौरान महिलाओं की सुरक्षा व सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान यह भी बताया गया कि मुख्यमंत्री ने 60 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं के लिए भी निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा की घोषणा की है।

# फार्मेसी संस्थान के प्राचार्य पर फर्जी डिग्री देने का आरोप

- छात्र से रजिस्ट्रेशन के नाम पर लिए 1.75 लाख रुपए
- पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

समृद्धि न्यूज़, बहराइच।

जिले में एक फार्मेसी संस्थान के प्राचार्य पर फर्जी डिग्री देने के आरोप में पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान नंदा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी के प्राचार्य सुरेंद्र कुमार सिंह उर्फ दीप राठौर के रूप में हुई है। पुलिस ने पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

मामला बलरामपुर निवासी छात्र रवि प्रताप की शिकायत से जुड़ा है। छात्र ने वर्ष 2020 में नंदा इंस्टीट्यूट में डी-फार्मा कोर्स में प्रवेश लिया था। आरोप है कि संस्थान की निर्धारित फीस के अलावा उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल में पंजीकरण के नाम पर छात्र से 1.75 लाख रुपए लिए गए।

रवि प्रताप का आरोप है कि रकम जमा करने और पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद उसे अंकपत्र और प्रमाणपत्र उपलब्ध नहीं कराए गए। इसके बाद उसने मामले की जानकारी जुटाई। 31 मार्च को गाजीपुर थाने के उपनिरीक्षक नीरज यादव ने छात्र को बताया कि उसकी डी-फार्मा डिग्री फर्जी है।

डिग्री फर्जी होने की जानकारी मिलने के बाद छात्र ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव से मुलाकात कर शिकायत की। एसपी के हस्तक्षेप के बाद 13 अगस्त को रामगांव थाने में मामले की एफआईआर दर्ज की गई।

थानाध्यक्ष दिवाकर तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मंगलवार को आरोपी प्राचार्य के ठिकाने पर दबिश दी।

# हॉस्पिटल के शुभारंभ पर आयोजित हुआ विराट कवि सम्मेलन

समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।

साहित्य सभा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राष्ट्रवादी ओज कवि डॉ ओपी वर्मा ओम के संयोजन में जे एम डी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, गोकुला चौराहा दरियाबाद के भव्य शुभारंभ के अवसर पर ओ पी वर्मा की अध्यक्षता एवं व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव लल्लू के सफल संचालन में विराट कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। जगन्नाथ प्रसाद दीक्षित निर्दोष की वाणी वन्दना से कवि सम्मेलन का आगाज हुआ। युवा कवि गीतकार सोहन आजाद ने श्रृंगारिक गीत प्रस्तुत किया



-जोरू जो सही मिली तो एक बात तय है, कि जिंदगी तुम्हारी फिर वह संवार डालेगी। हास्य कवि प्रदीप महाजन ने हास्य व्यंग्य की कविताएं प्रस्तुत करते हुए श्रोताओं को हंसने पर मजबूर कर दिया। विराट कवि सम्मेलन के संयोजक राष्ट्रीय कविताओं के प्रस्तोता ओज कवि डॉ ओपी वर्मा ओम ने तिरंगे की शान पर ओजस्वी कविता प्रस्तुत की - निज तिरंगे की आन पर अपना सर्वस्व लुटाता हूं, अमर शहीदों के चरणों में अपना शीश झुकाता हूं। 'वंदे मातरम' के छंदों पर श्रोताओं की तालियो की गड़गड़ाहट से पूरा पंडाल गूंजता रहा। व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव लल्लू द्वारा हास्य व्यंग्य की कविताएं प्रस्तुत करते हुए बेटियों के सम्मान में पंक्तियां प्रस्तुत की गई- यही बेटियां जब जीतती है वर्ल्ड कप, राष्ट्र का गौरव देश का स्वाभिमान होती है। पंडित जगन्नाथ प्रसाद दीक्षित निर्दोष द्वारा लोकगीतों की बौछार करते हुए समसामयिक रचना 'कजरी' प्रस्तुत करते हुए श्रोताओं को आनंदमय कर दिया। हास्य कवि चेतराम अज्ञानी ने हास्य व्यंग्य की कविताएं प्रस्तुत करते हुए श्रोताओं को चिंतन के लिए मजबूर किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे एमएलसी माननीय अंगद सिंह द्वारा अपने उद्बोधन में जेएमडी हॉस्पिटल के संचालकों को बधाई देते हुए ग्रामीण क्षेत्र में अस्पताल खोलने को सार्थक प्रयास बताया गया। काव्य समारोह के अध्यक्ष ओपी वर्मा द्वारा अस्पताल के भव्य शुभारंभ के अवसर पर साहित्यिक आयोजन? का किया जाना आम जनमानस के लिए एक उदाहरण बताया गया।डॉ हिमांशु वर्मा एवं डॉ आर एन वर्मा द्वारा अतिथियों, साहित्यकारो के प्रति आभार व्यक्त करते हुए माल्यार्पण ,शाल्यार्पण एवं प्रतीक चिन्ह देकर कर सम्मानित किया गया।

# महिलाओं को कॉमन इन्क्यूबेशन सेंटरों से जोड़ा जाए: केशव

- दो वर्षों में 16 हजार यूनिट स्थापित कर यूपी देश में प्रथम

समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन पीएम एफएमई योजना के माध्यम से महिलाओं की उद्यमिता और सहभागिता को और अधिक बढ़ाने पर विशेष जोर दिया है। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित करने के साथ ही उन्हें आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए प्रदेश में स्थापित कॉमन इन्क्यूबेशन सेंटरों का अधिकतम उपयोग किया जाए।अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बीएल मीणा ने बताया कि प्रदेश में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन पीएम एफएमई योजना के क्रियान्वयन को और प्रभावी बनाया गया है। भारत सरकार द्वारा पीएम एफएमई योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश को अब तक कुल 31,335 यूनिट स्थापित करने का लक्ष्य दिया गया है। इसके सापेक्ष लगभग 27 हजार यूनिटों के लिए ऋण स्वीकृत हो चुका है। इन यूनिटों की औसत लागत लगभग 4 लाख रुपये है। पीएम एफएमई योजना के अंतर्गत पिछले दो वर्षों में प्रदेश में लगभग 16 हजार यूनिट स्थापित की गई हैं। इस उपलब्धि के साथ उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। स्टार्टअप आधारित नवीन तकनीक के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने तथा प्रदेश की स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के 14 स्थानोंक्मेरठ, सहारनपुर, आगरा, बरेली, झांसी, लखनऊ, कौशांबी, गोरखपुर, अयोध्या, बस्ती, वाराणसी, मिर्जापुर, अलीगढ़ तथा कानपुर देहात में कॉमन इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों में दुग्ध, बेकरी, पेठा, नमकीन, मस्टर्ड ऑयल, मैंगो, हल्दी, आरटीई, तुलसी एवं अमरूद प्रसंस्करण सहित विभिन्न उत्पादों पर आधारित 46 प्रोसेसिंग लाइनों की स्थापना की गई है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश को 9,000 नई यूनिट स्थापित करने का लक्ष्य दिया गया है। बैंकों की समीक्षा के दौरान पाया गया कि विभिन्न बैंकों के स्तर पर 7 हजार से अधिक आवेदन ऋण स्वीकृति के लिए लंबित हैं। इनमें स्टेट बैंक ऑफइंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, एचडीएफसी बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक तथा इंडियन बैंक में लंबित आवेदन शामिल हैं। संबंधित बैंक प्रतिनिधियों को लंबित आवेदनों की सूची उपलब्ध कराते हुए इनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं।

## 3,562 करोड़ विद्युत बिल संग्रह कर विद्युत सखियों ने बनाया कीर्तिमान, हजारों दीदियां बनीं लखपति

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व एवं निर्देशन में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण आत्मनिर्भरता का सशक्त मॉडल बनकर उभर रहा है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी ग्रामीण महिलाओं को आजीविका के नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में संचालित विद्युत सखी अभियान ने विद्युत बिल संग्रह के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। यह पहल महिलाओं को सम्मानजनक रोजगार और नियमित आय उपलब्ध कराने के साथ-साथ ग्रामीण उपभोक्ताओं को घर-घर विद्युत बिल भुगतान की सुविधा भी प्रदान कर रही है।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि विद्युत सखी कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। महिलाओं की आमदनी बढ़ रही है और उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और विश्वास भी बढ़ा है। पावर कॉरपोरेशन तथा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मध्य हुए अभिसरण से संचालित विद्युत सखी कार्यक्रम ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। मिशन निदेशक अरुण कुमार ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत से अब तक 16,021 सक्रिय विद्युत सखियों द्वारा 3,562 करोड़ से अधिक के विद्युत बिलों का संग्रह किया जा चुका है। विद्युत सखियों ने 1.55 करोड़ से अधिक बिलों का सफल संग्रह कर 46 करोड़ से अधिक का कमीशन अर्जित किया है। मिशन प्रबंधक आयुष वर्मा के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में पूरे वर्ष में 263 करोड़ का बिल संग्रह किया गया था, जबकि दिसंबर 2025 में अकेले एक माह में 350 करोड़ का संग्रहण किया गया। यह विद्युत सखी कार्यक्रम की अभूतपूर्व प्रगति और ग्रामीण महिलाओं की बढ़ती कार्यक्षमता का प्रमाण है।

## अमजदिया फाउंडेशन ने मनाया सद्भावना दिवस

समृद्धि न्यूज़, लखनऊ। कुबेर इंक्लेव कुर्सी रोड पर हजरत मोहमद साहब के जन्म दिन बारह रवि उल अव्वल 'जश्ने मौला' के अवसर पर अमजदिया फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं हाईकोर्ट के वरिष्ठ एडवोकेट अमजद खान तमन्ना ने मोहम्मद साहब के सम्मान पर ये शब्द कहा - भेद-भाव की दीवारें गिरा कर तो देखो, सद्भावना से हर दिल को सजा कर तो देखो। महक उठेगी ये सारी ज़मीन मोहब्बत से, सद्भावना वह पावन, और समाज में प्रेम, भाईचारा तथा शांति का संदेश फैलाता है। यही संदेश लेकर हजरत मोहम्मद साहब आए थे इन्होंने सबसे ज्यादा भेद भाव को मिटाने में लोगो के प्रति सम्मान में अपना पूर्ण जीवन लगा दिया। आगे अमजद जी संवाददाता को बताते है कि हजरत मोहम्मद साहब जी के अंग अंग में लोगो के प्रति महानता भरी थी आपस में भाई चारा किसी मजलूम को न सताना लोगो के प्रति प्रेम की अभिभूति दिखाना आपके मन विचार कर्म मेहनत लोगो की भलाई में लगाना उनका यही उद्देश्य रहा है उन्हीं के पद चिन्हों पर चलते हुए अमजदिया फाउंडेशन ने हज़रत साहब के जन्म दिन को सद्भावना दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया है।

अमजदिया फाउंडेशन ने विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट सामाजिक कार्य करने वाले लोगों को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित भी किया।

## हिजाब पर गरमाई सियासत के बीच मायावती की दो टूक

# धार्मिक मामलों में दखल नहीं, सम्मान जरूरी

समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।




हिजाब विवाद के बीच बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने बुधवार को कहा कि ऐसे मामलों को कानूनी विवादों में नहीं बदला जाना चाहिए और इनका इस्तेमाल संकीर्ण राजनीति के लिए नहीं किया जाना चाहिए। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि डॉ. बी.आर. आंबेडकर के नेतृत्व में तैयार किया गया संविधान सभी धर्मों और समुदायों के लोगों को समान अधिकार की गारंटी देता है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सभी को धार्मिक ग्रंथों, धार्मिक रीति-रिवाज व मान्यताओं के आधार पर शान्त एवं सुखी जीवन जीने का अधिकार है, जिसकी अनदेखी करने व उसमें दखल देने के बजाय सभी को उसकी पवित्रता का सम्मान करना चाहिये। स्कूलों में हिजाब पहनने के मुद्दे पर मायावती ने कहा, इन मामलों को ज्यादा तूल देकर कोर्ट-कचहरी में घसीटने के बजाय उन्हें स्थानीय स्तर पर स्कूल प्रबंधन व शासन-प्रशासन की आपसी समझ व सूझबूझ से सुलझा लेना चाहिये ताकि किसी को भी इसकी आड़ में संकीर्ण राजनीति करने का मौका न मिल पाये। मायावती ने कहा, बसपा सर्वसमाज के सम्मान, उनके जान-माल व मजहब की सुरक्षा की गारंटी देने वाली आंबेडकरवादी पार्टी है और उसका मानना है कि किसी भी धर्म, धार्मिक ग्रंथ व धार्मिक प्रचलन, मान्यताओं के संवेदनशील मामलों पर सभी लोग टीका-टिप्पणी करने से बचें तो यह देश व जनहित में होगा। उनकी यह टिप्पणियां तब आयी है जब कुछ दिन पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने प्रयागराज के एक निजी स्कूल की नाबालिग छात्रा की याचिका खारिज कर दी थी। छात्रा ने स्कूल की निर्धारित वर्दी के साथ हिजाब पहनने की अनुमति मांगी थी। इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने संकेत दिया कि वह उच्च न्यायालय के इस आदेश को चुनौती दे सकता है। मायावती ने उत्तर प्रदेश सरकार और प्रशासन से यह भी अपील की कि बदायूं जिले में आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित किए जाने को लेकर चल रहे विवाद और तनाव का तत्काल शांतिपूर्ण एवं उचित समाधान निकाला जाए।

## खबरें एक नजर में

### भैंसों की नीलामी के दौरान हंगामा करने वाले सपाईयों पर मुकदमा

**लखनऊ।** नगर निगम में 243 भैंसों की नीलामी के दौरान हंगामा और सड़क जाम करने के मामले में मामला दर्ज किया गया है। लालबाग पुलिस चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने सपा मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस रजा समेत 11 नामजद और 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ हजरतगंज कोतवाली में शिकायत दी। आरोपियों पर बिना अनुमति प्रदर्शन, नारेबाजी, सरकारी काम में बाधा डालने और सार्वजनिक रास्ता रोकने का आरोप लगाया।

### सपा छोड़ आए 7 बागी बीजेपी की टेंशन

**लखनऊ।** यूपी असेम्बली इलेक्शन की सरगर्मियां तेज होते ही बीजेपी के अंदर बड़ी हलचल शुरू हो गई है। चुनाव के वक्त समाजवादी पार्टी को तगड़ा झटका देकर बीजेपी का दामन थामने वाले 7 बागी विधायकों की वजह से अब बीजेपी के अपने ही खेमे में खलबली मच गई है। सपा से बगावत करके बीजेपी के पाले में आए ये सात दिग्गज नेता अपनी-अपनी सीट से बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ना चाहते हैं। बीजेपी हल निकालने में माहिर हैं मगर यह राह इतनी आसान नहीं। जिन सीटों पर बागी दावेदार हैं, वहां बीजेपी के पुराने और वफादार नेता सालों से पसीना बहा रहे हैं। अब सवाल है कि किसे अपनाए और किसे मनाए? अमेठी की हाई-प्रोफाइल गौरीगंज सीट पर मुकाबला बेहद दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गया है। सपा से आये विधायक राकेश प्रताप सिंह ने राज्यसभा चुनाव में खुलकर बीजेपी का साथ दिया था। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की है,जो साफसंकेत है कि वे बीजेपी के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं।लेकिन बीजेपी के पूर्व प्रत्याशी चंद्र प्रकाश मिश्रा उर्फ 'मटियारी' भी इसी सीट पर प्रबल दावेदार हैं। 2022 के चुनाव में मटियारी को राकेश प्रताप से हार का सामना करना पड़ा था।

### गांवों की सड़कें विकास व समृद्धि की नई राह: शिव सहाय

**लखनऊ।** डॉ. राम मनोहर लोहिया उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमि के तत्वावधान में प्रांतीय सिविल सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों के 91वें आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण शिव सहाय अवस्थी ने ग्रामीण विकास में सड़कों की भूमिका तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया।श्री अवस्थी ने उपमुख्यमंत्री एवं ग्राम्य विकास विभाग के मंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे के विस्तार और गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। श्री मौर्य का स्पष्ट विजन है कि प्रदेश का कोई भी गांव बेहतर सड़क संपर्क से वंचित न रहे और सड़क के माध्यम से गांव तक विकास की प्रत्येक सुविधा पहुंचे।

### ईद मिलाद-उन-नबी पर माल में निकला भव्य जुलूस

**लखनऊ।** ईद मिलाद-उन-नबी के अवसर पर बुधवार को राजधानी लखनऊ के माल कस्बे में मुस्लिम समुदाय की ओर से जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। निर्धारित मार्गों से गुजरते हुए जुलूस का जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। जुलूस के दौरान युवाओं और बच्चों में खासा उत्साह नजर आया। लोग शांतिपूर्ण ढंग से जुलूस में शामिल हुए। आयोजन के दौरान आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया गया। आयोजकों ने लोगों से शांति, आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। जुलूस के समापन पर देश में अमन-चौन और खुशहाली के लिए दुआ की गई। कार्यक्रम के शांतिपूर्ण समापन पर आयोजकों ने पुलिस-प्रशासन का आभार जताया।

### जूलूसे मदहे सहाबा पूरी शान शौकत से निकला

**लखनऊ।** ईद मिलादुन नबी सल्ल0 के मुबारक अवसर पर लखनऊ में ऐतिहासिक जुलूस मदहे सहाबा रजि0 पूरी शान व शौकत के साथ निकाला गया इस जुलूस में अकीदतमन्दों ने लाखों की संख्या में भाग लिया। ऐतिहासिक जुलूस 09 बजे दिन में अमीनाबाद पार्क से शुरू होकर मौलवीगंज, रकाबगज, नक्खास, बिल्लैचपुरा, हैदरगंज होता हुआ दोपहर को 02 बजे ईदगाह ऐशबाग लखनऊ पहुंचा।

# सपा का सालाना 40 हजार रुपये महिलाओं को देने का ऐलान

- आधी आबादी को पूरी आजादी दिलाने का संकल्प है : अखिलेश
- सरकार बनने पर 'स्त्री सम्मान समृद्धि योजना' शुरू होगी

समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी ने महिलाओं को रिझाने के लिए बड़ा एलान किया है। यूपी में सपा की सरकार बनने पर 'स्त्री सम्मान समृद्धि योजना' शुरू की जाएगी। पार्टी सांसद डिंपल यादव ने कहा कि योजना के तहत महिलाओं को सालाना 40 हजार रुपये देने का प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाना है। योजना को लेकर पार्टी की ओर से आगे पात्रता, प्रक्रिया और अन्य शर्तों की विस्तृत जानकारी दिए जाने की संभावना है।

**आधी आबादी को पूरी आजादी दिलाने का काम करेगी सपा**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि देश और समाज की प्रगति बिना आधी आबादी की तरक्की के अधूरी है। महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तीकरण के लिए उनकी सरकार के फैसले हमेशा अहम रहे हैं। अखिलेश यादव ने 'स्त्री सम्मान समृद्धि योजना' का जिक्र करते हुए कहा कि यह आधी आबादी को पूरी आजादी दिलाने का संकल्प है। योजना के तहत महिलाओं को हर साल 40 हजार रुपये दिए जाएंगे और भविष्य में इस राशि को बढ़ाया भी जाएगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार ने छात्र-छात्राओं को लैपटॉप देकर तकनीक से जोड़ने का काम किया था। भविष्य में इंटर पास करने वाली बेटियों को भी लैपटॉप देने की योजना है। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा से किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। भाजपा पर निशाना साधते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के लिए नारी सिर्फ एक राजनीतिक नारा बनकर रह गई है। उन्होंने अगले चुनाव में महिला आरक्षण लागू करने और महिलाओं के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई।

## 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृ शक्ति यात्रा' योजना मातृशक्ति के सम्मान का ऐतिहासिक कदम

समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृ शक्ति यात्रा' योजना के शुभारंभ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा और उपस्थित लोगों को संबोधित किया। श्री शर्मा ने कहा कि महान लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी ने नारी नेतृत्व, लोककल्याण और सुशासन का जो आदर्श प्रस्तुत किया, उसी प्रेरणा को आगे बढ़ाते हुए यह योजना शुरू की गई है। यह लोक कल्याण संकल्प पत्र-2022 के 'सशक्त नारी' संकल्प को पूरा करने की दिशा में डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की सभी पात्र माताओं-बहनों को परिवहन निगम की साधारण बसों में आजीवन निःशुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी।

एक बार पात्रता निर्धारित होने के बाद जीवनभर इस सुविधा का लाभ लिया जा सकेगा। यह किसी विशेष पर्व या अवसर तक सीमित सुविधा नहीं, बल्कि वर्षभर और प्रतिदिन उपलब्ध रहने वाली स्थायी जनसुविधा है। श्री शर्मा ने कहा कि पात्रता के लिए आधार कार्ड अथवा वोटर आईडी में दर्ज जन्मतिथि को आधार बनाया जाएगा। पात्र महिलाओं को परिवहन निगम की ओर से विशेष स्मार्ट कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। बस में स्मार्ट कार्ड टैप करते ही शून्य मूल्य का टिकट जारी हो जाएगा। यह सुविधा पूरे उत्तर प्रदेश में किसी भी बस स्टेशन से किसी भी गंतव्य तक मान्य होगी।उन्होंने कहा कि डिजिटल स्मार्ट कार्ड व्यवस्था से प्रत्येक निःशुल्क यात्रा का रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा, जिससे व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी और रिसाव रहित बनेगी। योजना का पूरा व्यय राज्य सरकार वहन करेगी और माताओं-बहनों से इसके लिए एक भी रुपया नहीं लिया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2026-27 में योजना के लिए अनुपूरक बजट के माध्यम से 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। श्री शर्मा ने बताया कि जनगणना 2011 के अनुसार प्रदेश में 60 वर्ष से अधिक आयु की लगभग 81 लाख माताएं बहने इस योजना की संभावित लाभार्थी है। प्रतिदिन लगभग 88000 से अधिक वरिष्ठ माता बहनों को इसका सीधा लाभ मिलने का अनुमान है।

अब हमारी माताएं-बहनें बिना यात्रा खर्च की चिंता के तीर्थाटन, चिकित्सा, सामाजिक आयोजनों और परिजनों से मिलने के लिए स्वतंत्र रूप से यात्रा कर सकेंगी।

इससे उनकी गतिशीलता बढ़ेगी, सामाजिक सहभागिता मजबूत होगी और आर्थिक रूप से उनका सशक्तीकरण होगा।

इस अवसर पर जिलाधिकारी आनंद वर्धन, पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर, अन्य जिलास्तरीय अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में माताएं एवं बहने उपस्थित रहीं।

### संस्कार और संस्कृति के साथ मजबूत राष्ट्र की नींव का आधार हैं बेटियाँ

सरस्वती बालिका विद्या मंदिर की छात्राओं की प्रतिभा प्रदर्शन में दिखी भारतीय संस्कृति की झलक

लखनऊ,26 अगस्त 2026 (यूएनएस)। विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव-4 कार्यक्रम के अंतर्गत आज जानकीपुरम स्थित सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में हुये प्रतिभा प्रदर्शन कार्यक्रम में छात्राओं ने भारतीय संस्कृति और संस्कार से प्रेरित अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जनविकास महासभा के अध्यक्ष एवं सोक्ट के महासचिव पंकज तिवारी ने विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव के अंतर्गत सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में आयोजित कार्यशाला के दौरान कहा कि बेटियाँ

## सावन के अंतिम सोमवार बुद्धेश्वर में उमड़ा जन सैलाब

समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।



सावन मास के अंतिम बुधवार को मोहान रोड स्थित ऐतिहासिक बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धा का सैलाब देखा गया हजारों श्रद्धालु पहुंचे। बारिश के बावजूद सुबह से मंदिर परिसर और आसपास लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों के बीच भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर बेलपत्र, भांग, धतूरा, दूध, दही, शहद, गंगाजल और फूल चढ़ाए। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की भीड़ से मंदिर परिसर दिनभर भरा रहा। लखनऊ के अलावा आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर के महंत रामू पुरी ने बताया कि भीड़ को देखते हुए कपाट देर रात ही खोल दिए गए थे। सुबह तीन बजे महाआरती हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं के दर्शन और जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हो गया। मान्यता है कि सावन में बुद्धेश्वर महादेव का जलाभिषेक करने से मनोकामना पूरी होती है। मंदिर के बाहर लगे मेले में भी दिनभर रौनक रही। महिलाओं ने हरी चूड़ियों, घरेलू सामान, चकला-बेलन, डलिया और सूप की खरीदारी की।

## त्योहारी सीजन में आम आदमियों पर महंगाई की चौतरफा मार

समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।

रक्षाबंधन से शुरू होने वाले त्योहारी सीजन के साथ ही त्योहारी सीजन में सिर्फ पारंपरिक मिठाइयां ही नहीं, बल्कि दैनिक उपयोग की जरूरी उपभोक्ता वस्तुएं भी आम आदमी की जेब ढीली कर रही हैं। मिठाई निर्माण की मूल सामग्री चीनी की थोक और खुदरा कीमतों में मजबूती आई है, जिससे मिठाइयों के साथ-साथ पैक्ड जूस, बिस्कुट और कन्फेक्शनरी की उत्पादन लागत बढ़ गई है। बारिश और आपूर्ति में व्यवधान के कारण प्याज और टमाटर के खुदरा भाव ऊंचे बने हुए हैं, जिससे रोजमर्रा का खानपान महंगा हो गया है।

आम जनता पर महंगाई का दोहरा बोझ पड़ना शुरू हो गया है।

# बंद मकान में 35 लाख के जेवर चोरी

- 3 महीने से खाली का मकान

समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।

गोमतीनगर विस्तार में चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाकर करीब 34.49 लाख रुपए के पीली धातु जेवर चोरी कर लिए। मकान मालकिन पिछले तीन महीने से अपने बेटे के पास बेंगलुरु में रह रही थीं। मंगलवार सुबह उन्हें फोन पर घर में चोरी की जानकारी मिली। इसके बाद उन्होंने अपने भतीजे अर्पित शुक्ला को मकान पर भेजा। अर्पित मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी। मकान मालकिन की तहरीर पर गोमतीनगर विस्तार थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। भतीजे अर्पित ने बताया सरस्वतीपुरम में उनकी बुआ निर्मला शुक्ला रहती हैं। उनकी सूचना पर घर पहुंचकर देखा तो अंदर का सामान बिखरा मिला। अलमारियों के लॉकर टूटे हुए थे। चोर सोने के करीब 34.49 लाख रुपए के जेवर के अलावा चांदी का राम दरबार, चार चांदी के मेडल, छह चांदी के सिक्के और 10 हजार रुपए नकद ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। सीसीटीवी फुटेज में एक कार निशा के मकान के सामने रुकती दिखाई दी। पुलिस के मुताबिक, कार से चार से पांच लोग उतरे और मकान में दाखिल हुए। कुछ देर बाद आरोपी सामान लेकर कार से फरार हो गए। पुलिस ने फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है। एडीसीपी पूर्वी अमोल मुर्कुट ने बताया कि पुलिस के हाथ घटना से जुड़े कई अहम सीसीटीवी फुटेज लगे हैं।

# झूठे वादों का पिटारा लेकर फिर जनता के सामने आई है समाजवादी पार्टी: पंकज चौधरी

समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बुधवार को समाजवादी पार्टी की नई घोषणाओं पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अपने पुराने पाप और नाकामियों को छिपाने के लिए सपा एक बार फिर 'झूठे वादों का पिटारा' लेकर जनता के सामने आई है। पंकज चौधरी ने कहा कि जिस समाजवादी पार्टी के शासनकाल में कानून-व्यवस्था और महिला सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठते थे, वही पार्टी आज महिला सम्मान, सुरक्षा और विकास की बातें कर रही है। उन्होंने सवाल किया कि सत्ता में रहते हुए महिलाओं की सुरक्षा, बेहतर अस्पताल और कॉलेज जैसी सुविधाओं के लिए ठोस कदम क्यों नहीं उठाए गए? उत्तर प्रदेश की जनता सपा की पुरानी वादाखिलाफी और उसके शासन का रिकॉर्ड भूली नहीं है। खोखली घोषणाओं और चुनावी लॉलीपॉप से जनता को बहकाना संभव नहीं है। 2027 में जनता सपा को उसकी राजनीति और पुराने रिकॉर्ड का जवाब देगी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आज महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तीकरण की बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं। महिलाओं को सालाना 40 हजार रुपए देने की घोषणा भी कर रहे हैं। लेकिन उत्तर प्रदेश की माताएं-बहनें उनसे एक सीधा सवाल पूछना चाहती हैं क्या केवल चुनाव से पहले घोषणाएं करने से महिलाओं का सम्मान और सुरक्षा हो जाएगी? विधानसभा चुनाव नजदीक आता देखकर समाजवादी पार्टी महिला वोटरों को लुभाने के लिए बडी-बडी बातें कर रही है, लेकिन सपा प्रमुख अखिलेश यादव को इन बड़ी-बड़ी बातों से पहले बताना चाहिए कि जब प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार थी, तब महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति को लेकर प्रदेश में भय का वातावरण क्यों था? आखिर वह कौन सा शासन था, जिसमें बेटियों और महिलाओं को घर से बाहर निकलने में डर लगता था और उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त थी। आज अखिलेश यादव महिला सुरक्षा की बात कर रहे हैं, लेकिन उन्हें बताना चाहिए कि उनकी सरकार के दौरान महिलाओं और बेटियों के विरुद्ध अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं हो पाती थी?

**तैयारी** 6 नए बस अड्डों को स्वीकृति, 4 हजार करोड़ के निवेश की संभावना: दयाशंकर

# देश की सबसे युवा बस फ्लीट वाला राज्य बना यूपी

- स्क्रैप पॉलिसी में यूपी देश में नंबर वन
- एटीएस व ड्राइविंग लाइसेंस बनाने में दूसरा और तीसरा स्थान
- एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित हो रहे 23 बस अड्डे

समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।



योगी सरकार परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने की दिशा में लगातार बड़े कदम उठा रही है। प्रदेश की परिवहन व्यवस्था में हुए बदलावों का असर अब बसों के आधुनिक बेड़े से लेकर अत्याधुनिक बस अड्डों और सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में साफ दिखाई दे रहा है। यूपी की बसों की औसत आयु 5 साल 3 महीने है और इस मामले में उत्तर प्रदेश देश की सबसे युवा बस फ्लीट वाला राज्य बन गया है। स्क्रैप पॉलिसी के मामले में यूपी देश में नंबर-1 पर पहुंच गया है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा' योजना के शुभारंभ एवं विशेष बसों को फ्लैग-ऑफ किए जाने के अवसर पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि परिवहन निगम के पास देश की सबसे युवा बस फ्लीट है। यूपीएसआरटीसी की बसों की औसत आयु 5 साल 3 महीने है। ये सबसे अच्छी बसें हैं। योगी सरकार की तरफ से 3 हजार करोड़ रुपये स्वीकृत होने के बाद बेड़े में इलेक्ट्रिक बसें भी आ चुकी हैं। मंगलवार को कैबिनेट बैठक में 250 नई इलेक्ट्रिक बसें खरीदने के लिए निगम को 400 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। परिवहन विभाग ने योगी सरकार में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। उत्तर प्रदेश स्क्रैप पॉलिसी में देश में नंबर एक पर पहुंच गया है। स्वचालित परीक्षण केंद्र स्थापित करने और ड्राइविंग लाइसेंस बनाने में यूपी क्रमशरू दूसरे व तीसरे स्थान पर है। योगी सरकार की अनुमति मिलने के साथ ही देश में पहली बार एआरटीओ सड़क सुरक्षा की तैनाती का रास्ता साफ हो गया है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने का काम किया जाएगा। मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर के 352 पदों की स्वीकृति होने से विभाग के कार्यक्षेत्र का विस्तार तहसीलों तक भी होगा, जो अभी जिला स्तर पर था। योगी सरकार में परिवहन निगम हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। 23 बस अड्डों को एयरपोर्ट के स्तर पर जा रहा है। गोमती नगर में आधुनिक बस डिपो का निर्माण हो रहा है, जिस पर 1 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च होंगे। अमौसी क्षेत्र में 600 करोड़ रुपये और चारबाग रेलवे स्टेशन के पास 250 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक बस अड्डा बन रहा है। मंगलवार को 6 से ज्यादा नए बस अड्डों के लिए स्वीकृति मिली है। इसमें 4 हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश होगा। 49 बस अड्डों के लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही है। ये सभी काम प्रदेश के विकास को गति देंगे। निगम की 14 हजार से ज्यादा बसों में बुजुर्ग महिलाओं को निशुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी।

# जमीनी विवाद के बीच ई-रिक्शा चालक की मौत

▸ परिजनों ने जताई जहर दिए जाने की आशंका



**समृद्धि न्यूज, मदनापुर, शाहजहांपुर।**

मदनापुर थाना क्षेत्र में 52 वर्षीय ई-रिक्शा चालक की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान गढ़िया रंगीन थाना क्षेत्र के मड़ई गांव निवासी रामसिंह पुत्र लल्लूसिंह के रूप में हुई है। परिजनों ने ननिहाल पक्ष की जमीन को लेकर चल रहे पुराने विवाद के बीच रामसिंह को जहरीला पदार्थ दिए जाने की आशंका जताई है। हालांकि, पुलिस ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है और मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होने की बात कही है। परिजनों के अनुसार मंगलवार रात रामसिंह के मौसेरे भाई सचिन निवासी रतनपुर ने फोन कर बताया कि बंथरी गांव में रह रहे रामसिंह की अचानक तबीयत बिगड़ गई है और उन्हें रतनपुर लाया गया है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे तो रामसिंह बेहोशी की हालत में मिले। परिजन उन्हें तत्काल बरखेड़ा लेकर गए। हालत में सुधार न होने पर तिलहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराने का प्रयास किया गया, लेकिन वहां चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति के चलते उपचार से इनकार कर दिया। इसके बाद उन्हें तिलहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद रामसिंह को मृत घोषित कर दिया।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट खोलेगी मौत का राज:** मदनापुर के प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि तिलहर सीएचसी से मिले मेमो के आधार पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई की। शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की स्थिति साफ हो सकेगी। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

**परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़:** रामसिंह की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम पसर गया। मृतक अपने पीछे पत्नी नन्ही देवी, चार बेटों बबलू, अखिलेश, यशपाल और सेठपाल तथा दो बेटियों ममता और रीतू को छोड़ गए हैं। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। अब सभी की निगाहें पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि रामसिंह की मौत बीमारी से हुई, किसी जहरीले पदार्थ के सेवन से या इसके पीछे कोई अन्य वजह थी।

### ढाई बीघा जमीन और यूकेलिप्टस के पेड़ों को लेकर विवाद

मृतक के बेटे बबलू के मुताबिक बंथरी गांव में उनके पिता की ननिहाल पक्ष की करीब ढाई बीघा जमीन है, जिस पर यूकेलिप्टस के पेड़ लगे हुए हैं। बताया कि करीब दस दिन पहले रामसिंह पेड़ों की देखभाल और निराई-गुड़ाई के लिए बंथरी गए थे। वह वहां अपने मामा के घर ठहरे हुए थे और साथ में ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन-पोषण भी करते थे। बबलू ने आरोप नहीं लगाया, बल्कि आशंका जताते हुए कहा कि जमीन विवाद के चलते उसके पिता के साथ कोई अनहोनी हुई हो सकती है। परिवार ने रामसिंह को जहरीला पदार्थ दिए जाने की आशंका जताई है। हालांकि, इस आशंका की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## डीसीएम और ट्रक की भिड़ंत, चालक घायल

▸ बुधवार की तड़के सुबह सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जमुका पुल पर हुआ हादसा



**रोजा, शाहजहांपुर।** क्षेत्र में बुधवार की तड़के सुबह बरेली सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर डीसीएम और ट्रक की आपसे भिड़ंत हो गई। इस भिड़ंत में डीसीएम चालक गंभीर रूप में घायल हो गया। जिसे उपचार के लिये राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि बुधवार की तड़के सुबह सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जमुका पुल पर सीतापुर से बरेली जा रही डीसीएम के चालक को अचानक नींद आ जाने के कारण वाहन एक दूसरे ट्रक जो बरेली जा रहा था। उसमें अनियंत्रित होकर टकरा गया, जिससे डीसीएम चालक को काफी चोटें आई। हादसे में घायल डीसीएम चालक जनपद सीतापुर के थाना लहरपुर कस्बा निवासी छोटू पुत्र रामसेतु को तत्काल एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया गया एवं क्षतिग्रस्त वाहन को क्रेन की मदद से हटवाया गया। हादसे के बाद आगे चल रहा ट्रक मौके से फरार हो गया। जिसकी तलाश की जा रही हैं।

## खबरें एक नजर में

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**शाहजहांपुर।** लायन क्लब शाहजहांपुर शक्ति के द्वारा फैक्ट्री स्टेट मंदिर के सामने एक पार्क में अध्यक्ष लायन ललिता यादव, कोषाध्यक्ष लायन शुभांगी गुप्ता द्वारा लगभग 40 छायादार फूलदार और फलदार पौधों का पौधा रोपण किया गया। ललिता यादव ने कहा पेड़ पौधे लगाओ और जीवन बचाओ उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदूषण के उच्च स्तर को देखते हुए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है प्रदूषण को कम करने के लिए लायन क्लब शक्ति के द्वारा लगातार पौधारोपण किया है जा रहा है, ताकि हमें हरा-भरा वातावरण मिल सके और हम स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सके।वृक्षारोपण में अध्यक्ष लायन ललिता यादव, कोषाध्यक्ष लायन शुभांगी गुप्ता तथा अन्य लोग मौजूद रहे।

### नगर निगम बोर्ड भंग किया जाएः अर्चना



**शाहजहांपुर।** नगर निगम में पार्षदों द्वारा गंगाजल हाथ में लेकर ली गई शपथ से जुड़े एक वीडियो को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। वायरल हो रहे वीडियो के अंत में मां के लिए की गई कथित अभद्र टिप्पणी पर महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष अर्चना कटारिया ने कड़ी नाराजगी जताई है। अर्चना ने कहा कि वीडियो में नगर निगम के भ्रष्टाचार को लेकर की गई टिप्पणी और 60 वार्डों में इसे बांटे जाने की बात गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार जैसे गंभीर मुद्दे पर निष्पक्ष जांच होनी चाहिए में सरकार से मांग करती हूं। नगर निगम बोर्ड शाहजहांपुर को तत्काल प्रभाव से भंग कर देना चाहिए और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि वीडियो के अंत में मां के लिए की गई, अभद्र टिप्पणी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। माताओं और महिलाओं के सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने संबंधित मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की।

### छोटी लाइन स्टेशन से घंटाघर तक निकला जुलूस-ए-नूर

**शाहजहांपुर।** ईद-ए-मिलादुन्नबी के अवसर पर बुधवार को शहर में जुलूस-ए-मोहम्मदी (जुलूस-ए-नूर) अकीदत और एहतराम के साथ निकाला गया। छोटी लाइन स्टेशन से शुरू हुआ जुलूस छोटी लाइन, जलालनगर, पुलिस लाइन, टाउनहाल और लाल इमली चौराहा होते हुए घंटाघर पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। जुलूस के दौरान लोगों में खासा उत्साह नजर आया। जगह-जगह लोगों ने जुलूस में शामिल अकीदतमंदों का स्वागत किया और एक-दूसरे को ईद-ए-मिलादुन्नबी की दिली मुबारकबाद दी। इसी क्रम में भोर फाउंडेशन की अध्यक्ष स्वाति सिंह और उनकी टीम ने जुलूस में शामिल लोगों को मिठाइयां वितरित कर मुबारकबाद दी। इस दौरान फाउंडेशन की ओर से आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया गया। स्वाति सिंह ने कहा कि ईद-ए-मिलादुन्नबी अमन, मोहब्बत और भाईचारे का संदेश देता है। भोर फाउंडेशन सर्वधर्म समभाव और शाहजहांपुर की गंगा-जमुनी तहजीब की भावना में विश्वास रखता है। समाज में प्रेम, सौहार्द और आपसी भाईचारा मजबूत करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नगर की पहचान आपसी सद्भाव और गंगा-जमुनी तहजीब से है। ऐसे आयोजन समाज में एकता और भाईचारे की भावना को और मजबूत करते हैं।

# बंडा में निकला ईद मिलादुन्नबी का जुलूस, अकीदत के साथ उमड़ा जनसैलाब

**समृद्धि न्यूज, बंडा, शाहजहांपुर।**



कस्बे में ईद-उल-मिलादुन्नबी का पर्व अकीदत और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कस्बे में एक भव्य जुलूस निकाला गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की। जुलूस की खास बात यह रही कि इसमें बंडा की सभी पांचों मस्जिदों के इमामों ने संयुक्त रूप से अगुवाई करते हुए अमन-चैन का पैगाम दिया।

जुलूस का शुभारंभ कुंवरपुर रत्ती स्थित मस्जिद से हुआ। यहां से शुरू होकर कारवां पूरनपुर रोड स्थित करबला पहुंचा। इसके बाद जुलूस मुख्य चौराहे से होते हुए खुटार रोड स्थित खानकाह गौटिया पहुंचकर संपन्न हुआ। इसमें मुरादपुर, खानकाह, कुंवरपुर रत्ती और बृजपाल नगर सहित कई मोहल्लों के लोग भारी तादाद में शामिल रहे।

इसके अलावा क्षेत्र के खखरा बुजुर्ग, सिकन्दरपुर, बिराहिमपुर झांझरिया, तिंदुआ नगरिया, ररूआ और पटना सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में भी ईद मिलादुन्नबी का पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया।

जामा मस्जिद के इमाम गुलाब नबी ने पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक रबी-उल-अव्वल महीने की 12 तारीख को पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की पैदाइश हुई थी, जिसे बारहवीं शरीफ और बारावफात के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने सभी से पैगंबर साहब की दी गई अमन, भाईचारे और इंसानियत की तालीम पर चलने का आह्वान किया। जुलूस में शामिल हुए नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद इश्हाक उर्फ बड़े लल्ला, शाहरुखशकील खान शाहरुख शकील खान हाशिम अंसारी मुस्ताक मुस्ताक इमदाद समसुल हसन जान मोहम्मद आदि लोग शामिल हुए।

## भावलखेड़ा क्षेत्र में निकला ईद मिलादुन्नबी का जुलूस

▸ दोपहर तक उमड़ा अकीदत मंदों का सैलाब

▸ जुलूस-ए-मोहम्मदी में गूंजे सरकार की आमद के नारे



**समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।**

भावलखेड़ा में बुधवार को जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर अकीदतमंदों का सैलाब उमड़ पड़ा। भावलखेड़ा के कटिया कम्मू, बरनई, हथौड़ाबुजुर्ग, कटिया रज्जब, वाजिदपुर और लोदीपुर सहित कई अन्य स्थानों पर जुलूस निकाले गए, जिनमें बड़ी संख्या में युवा, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हुए। ये जुलूस दोपहर करीब एक बजे तक जारी रहे और शांतिपूर्वक अपने अपने निर्धारित स्थानों पर समाप्त हुए।

ईद मिलादुन्नबी का जुलूस के दौरान पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की शिक्षाओं को याद करते हुए अमन, भाईचारे, इंसानियत और मोहब्बत का संदेश दिया गया। लोगों ने इन मूल्यों को अपने आचरण में उतारने का आह्वान किया। पर्व को लेकर बीते करीब एक हफ्ते से ही मुस्लिम बहुल इलाकों, बाजारों, घरों और मस्जिदों में विशेष सजावट की गई है, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल रहा। बुधवार की सुबह से ही लोग जुलूस की तैयारियों में अपने अपने क्षेत्रों में जुट गये थे। बुधवार की दोपहर तक भावलखेड़ा के करीब पन्द्रह स्थानों से जुलूस निकाले गये। इसे देखते हुए प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की व्यापक तैयारी की है। बताया जा रहा की ईद मिलादुन्नबी पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की विलादत (जन्म) की खुशी में मनाया जाता है। इस अवसर पर उनके जीवन और शिक्षाओं को याद कर उन्हें अपने आचरण में उतारने का संदेश दिया जाता है।

**हथौड़ा चौराहे पर खड़ी रही रोडवेज बसें:** शहर में मुख्य जुलूस को देखते हुए प्रशासन ने बरेली, सीतापुर, फर्रुखाबाद व लखीमपुर की ओर से आने वाली बसों को शहर के अंदर बस स्टाप पर प्रवेश पर जुलूस समाप्ति तक रोक लगा दी थी। सभी बसों को हथौड़ा चौराहे पर खड़ा करा दिया गया। जिससे यात्रियों को दिक्कत का सामना करना पड़ा।

## बड़ी शानो शौकत और अदब से निकला जुलूसे मुहम्मदी



**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** आज नगर मे जुलूसे मुहम्मदी बड़े अदब से निकला। जुलूस मे हजारों की संख्या मे लोगो ने शिरकत की। लोग अपने आका की आमद की खुशी मे झूम झूम कर दुरूदो सलाम पढ़ रहे थे। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर के मोहल्ला मुगलान स्थित मदरसा नादिरूल उलूम से जुलूस पूरी शानो शौकत से निकाला गया। इसमें सभी मस्जिदों के इमाम सहित हर खासो आम ने मुहब्बत और अकीदत का सबूत पेश करते हुए शिरकत की । बाजार के रास्ते मुशर्रफ खां की पुलिया से होता हुआ नगर की मशहूरो माअरूफ खानकाह हुसैनिया कलीमिया मे पहुँचा। साहिबे सज्जादा के छोटे भाई हज़रत डॉ. सैयद असद अहमद कलीमी ने जुलूसे मुहम्मदी का भव्य स्वागत किया और लंगर तकसीम कराया । हज़रत सैयद मुहम्मद हुसैन उर्फ दूल्हा मियां और हज़रत सैयद मसरूर मियां की दरगाह पर फातेहा ख्वानी के बाद जुलूस आगे रवाना हुआ। खुदागंज रोड से मोहल्ला आतिशवाजान होता हुआ मदरसा नादिरूल उलूम पर जाकर जुलूस समाप्त हो गया। मदरसा मे फातेहा ख्वानी के बाद जुलूस कमेटी द्वारा शीरीनी तकसीम की गई और मुल्क व कौम की तरक्की के लिए दुआ की गई। जगह जगह लंगर तकसीम किया गया और हर गली कूचे मे फूल बरसाकर जुलूस का इस्तकबाल किया गया। ज्ञात रहे कि यह दिन पूरी दुनिया के मुसलमानों के लिए बहुत बड़ा खुशी का दिन है। आज ही के दिन इस्लाम के आखिरी पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब इस दुनिया मे तशरीफ लाए । सरकार की आमद की खुशी मे पूरी दुनिया के मुसलमान इस दिन पर खुशी मनाते हैं, हर जगह जुलूस, फातेहा, लंगर और चरागां होता है। इसी क्रम मे कटरा नगर मे भी जुलूस का एहतमाम किया गया । इस अवसर पर सैय्यद डा0 असद अहमद कलीमी चेयरमैन पति दानिश जीशान खान समाजसेवी आरिश जीशान खान पूर्व चेयरमैन समी खां समाजसेवी सगीर खान डभौरा बाले फिरोज खान डॉ. सिद्दीक अहमद अंसारी, याकूब अंसारी,एजाज अहमद अफसर अंसारी मौलाना अफसार अहमद नूरी, मास्टर लियाकत खां, शफी अहमद उर्फ शब्बू डॉक्टर,शरीफ अहमद, रईस अहमद, हाशिम बरकाती, शादाब खान, असरगर हुसैन खां, आकिब रज़ा अज़हरी, मो. तुफैल,सुहेल अहमद, शालू कलीमी, इम्तियाज अली, सैयद जुनैद अली, नाज़मि खां, आदि किशवर अंसारी गुड्डु खान राजा रिजवान कुरैशी शेट्टी सलीम कुरैशी प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित रहे।

## शान-ओ-शौकत से निकला बरावफात का जुलूस

▸ अमन-भाईचारे के साथ संपन्न हुआ जुलूस-ए-मोहम्मदी, एसडीएम-सीओ ने संभाली सुरक्षा व्यवस्था



**परशुरामपुरी, शाहजहांपुर।** पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के मौके पर बुधवार को बरावफात का जुलूस शान-ओ-शौकत और अकीदत के साथ निकाला गया। जुलूस में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए और नात-ए-पाक पढ़ते हुए निर्धारित मार्ग से आगे बढ़े। जुलूस के दौरान पूरे क्षेत्र में अमन-भाईचारे और सौहार्द का माहौल बना रहा। जुलूस दोपहर में निर्धारित मार्ग से शुरू हुआ। हाथों में झंडे लेकर बड़ी संख्या में लोग इसमें शामिल हुए। जुलूस विभिन्न मोहल्लों से होकर मुख्य बाजार, बस स्टैंड और कोतवाली मार्ग से गुजरा। इस दौरान लोगों ने नात-ए-पाक पढ़कर पैगंबर-ए-इस्लाम को खिराज-ए-अकीदत पेश किया। जुलूस को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। एसडीएम मधुसूदन गुप्ता और सीओ दीपक कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिसकर्मी पूरे जुलूस के दौरान साथ चलते रहे और यातायात व्यवस्था को भी सुचारु बनाए रखा। प्रशासन की सतर्कता और आयोजकों के सहयोग से जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जुलूस के दौरान कहीं भी अप्रिय स्थिति सामने नहीं आई। अधिकारियों ने लोगों से आपसी भाईचारा, शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

## नहर में दिखा विशालकाय मगरमच्छ, किसानों में दहशत

**समृद्धि न्यूज़, खुदागंज,शाहजहांपुर।**

क्षेत्र के दीपपुर-जलालपुर गांव की सीमा के अंतर्गत आने वाली छोटी नहर में इमलियों वाली मजार के आसपास मंगलवार को एक विशालकाय मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों और किसानों में दहशत फैल गई। मगरमच्छ को नहर से बाहर आराम करते देख स्थानीय किसान ने उसका वीडियो बना लिया, जो अब क्षेत्र में तेजी से वायरल हो रहा है।

मगरमच्छ के दिखाई देने के बाद नहर के आसपास खेती करने वाले किसानों में खासा डर बना हुआ है। इस समय नहर किनारे धान की फसल तैयार की जा रही है, जिसके चलते किसानों को सिंचाई व कृषि कार्य के लिए नहर के आसपास जाना पड़ता है। वहीं पशुओं को चराने वाले ग्रामीण भी मगरमच्छ की मौजूदगी से भयभीत हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विशेषकर रात के समय नहर के आसपास जाने में खतरा बना हुआ है। मगरमच्छ की मौजूदगी की सूचना के बाद ग्रामीणों ने लोगों से नहर के आसपास अनावश्यक चहल-पहल न करने और सतर्क रहने की अपील की है। किसानों में अपनी फसल की रखवाली को लेकर भी चिंता बनी हुई है।

**वन विभाग ने किया सतर्क:** वन विभाग के अधिकारी ने ग्रामीणों से चौकन्ने होकर कृषि कार्य करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि मगरमच्छ दोबारा दिखाई देता है तो उसके साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न करें और तत्काल वन विभाग को सूचना दें।वन विभाग हल्का दरोगा अमित के अनुसार, मगरमच्छ के पानी से बाहर होने पर उसे पकड़ना अपेक्षाकृत आसान होता है, जबकि पानी के अंदर उसे पकड़ना बेहद कठिन हो जाता है। विभाग की टीम सूचना मिलने पर आवश्यक कार्रवाई करेगी। मगरमच्छ के दिखाई देने के बाद से आसपास के गांवों में भी चर्चा का माहौल है और ग्रामीण नहर के आसपास विशेष सतर्कता बरत रहे हैं।

## जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी पर निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी, बड़ी दरगाह पर जाकर हुआ समापन

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।**



ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में आज जुलूस-ए-मोहम्मदी बड़ी अकीदत और एहतराम के साथ निकाला गया। जुलूस नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ बड़ी दरगाह पर जाकर संपन्न हुआ। जुलूस का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। जुलूस के दौरान अकीदतमंदों के लिए पानी, शरबत और लंगर की व्यापक व्यवस्था की गई थी। पूरे रास्ते मरहबा या मुस्तफा के नारों से माहौल गूंजता रहा इस अवसर पर मुख्य रूप से ट्ठसाद मौलाना फुरकान गुनारा, शादाब याकूबपुरकर, डॉ. शराफत अली, मुकर्रम निजाम शाह, वर्री मियां, मौलाना अखलाक हाफिजी, मो. जाहिर, लियाकत सलीम, इमरान, हाफिज यूसुफ, चेयरमैन शकील खान, शकील अहमद, पत्रकार हमीद, पत्रकार अकील सिद्दीकी, सदाकत अली मंसूरी, सलमान भारतीय, गुलाम गौस, अफजल अंसारी, तस्लीम अंसारीठ्ठ समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कोतवाल अरविंद सिंह चौहान, क्षेत्राधिकारी दीपक कुमार सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर रवि शंकर, एसडीएम मधुसूदन गुप्ता व लेखपाल मनमोहन सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे और भारी भरकम जुलूस को दिशा-निर्देश देते हुए शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया।

## ग्रामीण की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

▸ मृतक की पत्नी ने जहर देकर हत्या का लगाया आरोप



**समृद्धि न्यूज़, तिलहर-शाहजहांपुर।**

जमीन की देखभाल के मद्देनजर मामा के यहां गए ग्रामीण की संदिग्ध परिस्थितियों में बेहोश होने परिन्हे सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया । पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । उधर मृतक की पत्नी ने पति को जहर देकर उनकी हत्या का आरोप लगाया है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार देर रात तहसील क्षेत्र के थाना गढ़िया रंगीन के ग्राम मढ़ई रामसिंह पुत्र लल्लू सिंह 55 को बेहोशी की अवस्था में सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी नन्ही ने आरोप लगाया कि राम सिंह का अपने मामा से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। करीब 15 दिन पहले रामसिंह जमीन की देखरेख के लिए थाना जैतीपुर क्षेत्र के गाँव बंथरी स्थित अपने मामा के घर गए थे। मंगलवार रात वह वहां से थाना मदनापुर क्षेत्र के ग्राम रतनपुर स्थित अपने साढू के घर पहुंचे थे। बकौल नन्ही रामसिंह ने रतनपुर जाने से पहले अपने मामा के घर शराब पी थी। साढू के घर पहुंचने के कुछ देर बाद उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गए। सूचना मिलने पर नन्ही अपनी बहन के घर पहुंची और राम सिंह को सीएचसी लेकर गई । जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## सरकार की आमद मरहबा से गूंज उठी सदाएं

▸ नगर में निकले तीन स्थानों से जुलूस-ए-मुहम्मदी

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।**



पैगंबर इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर नगर में तीन स्थानों ने जुलूस उठे। जिनमें से एक प्रसिद्ध दरगाह हजरत सैयद शाह शमसुद्दीन मियां से जुलूस ए मोहम्मदी शहर इमाम मोहम्मद स्वालेह उर्फ सदन मियां, काजी शहर मोहम्मद अकरम सलीम, दरगाह शमशेरिया के सज्जादा नशीन सैयद इफ्तिखार अली मुन्नन मियां, दरगाह शहर शमसुद्दीन मियां के सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां की सरपरस्ती में निकाला गया । जबकि दूसरा अंजुमन ए इस्लाम मदरसा व तीसरा बहादुरगंज बाली जंगल मस्जिद से शुरू हुआ बुधवार को सुबह आठ बजे जुलूस ए मोहम्मदी कच्चा कटरा, अस्पताल रोड, मौजमपुर, मीरगंज, पक्का कटरा, दिलाज़ाक, चौहटिया बाजार, काकड़, नितगंजा, हिंदूपट्टी, घेरचोवा तिराहा होकर बड़ी मस्जिद के पीछे दोपहर साढ़े बारह बजे समाप्त हुआ । जुलूस में सभी लोग सरकार की आमद मरहबा दिलदार की आमद मरहबा के नारे बुलंद कर रहे थे जुलूस के दौरान जगह-जगह पर लोग मिष्ठान फल बिस्कुट आदि का वितरण कर रहे थे वहीं जगह-जगह पर फूलों की वर्षा कर जुलूस का इस्तकबाल किया जा रहा था । जुलूस में मौलाना जुबेर अहमद, मुफ्ती याद अली, हाफिज गुलाम अहमद रजा कारी, इदरीश रजा, हाफ़िज़ ज़ाहिद, सोहेल मियां, हाफिज अकील, हाफिज साजिद, हाफिज नसीम, हाफिज सोहेल, हाफिज नसीम, फ़हीम अरमान रज़ा, मोहम्मद वाजिद आदि अपने अंजुमन के साथ शामिल रहे । अन्य दो जुलूसों का उम्मरपुर में सपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनवर उल्ला खां व हाजी आरिफ हुसैन पप्पू ने समर्थकों के साथ जलपान कराया ।

इसके बाद सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें, शहर इमाम ने कोतवाल प्रभाष चंद्र, इंस्पेक्टर क्राइम सुनील यादव, एसआई देवेश कुमार के अलावा व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि व मीडिया कर्मियों भी शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# सीएचसी खुटार में देर रात एसडीएम का औचक निरीक्षण

- गैरहाजिर स्टाफ पर नाराजगी बिफरे
- मरीजों के वार्ड में खराब मिला पंखा
- व्यवस्थाओं की खामियों पर फटकारा

**समृद्धि न्यूज, खुटार, शाहजहांपुर।**



मंगलवार देर रात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार में पुवायां के एसडीएम सदानंद सरोज के अचानक निरीक्षण से हड़कंप मच गया। औचक जांच के दौरान अस्पताल में अपेक्षा के अनुरूप स्टाफ मौजूद नहीं मिला। उस समय मौके पर केवल वार्ड बॉय आकाश कुमार उपस्थित थे, जबकि अन्य कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। वार्ड बॉय द्वारा सूचना दिए जाने के बाद डॉक्टरों को अस्पताल बुलाया गया, जिस पर एसडीएम ने नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान डॉ. विनोद यादव, डॉ. अंकित वर्मा और फार्मासिस्ट संजीव वर्मा अस्पताल पहुंचे। एसडीएम ने अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर उनसे जानकारी ली और ड्यूटी के दौरान कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अनुपस्थित मिले संबंधित चिकित्सक के संबंध में उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजे जाने की बात भी कही गई। एसडीएम ने मरीजों के वार्ड, बेड, दवा वितरण केंद्र, कंप्यूटर कक्ष तथा उपस्थिति और स्टॉक रजिस्टर की जांच की। मरीजों और उनके तीमारदारों से बातचीत कर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं और अस्पताल की व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। जांच के दौरान मरीजों के कक्ष में पंखा खराब मिलने पर एसडीएम ने तत्काल उसे ठीक कराने के निर्देश दिए। साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं में कमियां मिलने पर उन्होंने जिम्मेदार कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई और व्यवस्थाएं जल्द सुधारने के निर्देश दिए। एसडीएम ने मौके पर मौजूद डॉ. अंकित वर्मा, डॉ. विनोद यादव और वार्ड बॉय आकाश कुमार को अस्पताल की साफ-सफाई और मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विशेष रूप से निर्देशित किया। औचक निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी अरविंद कुमार भी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। देर रात हुए इस निरीक्षण के बाद सीएचसी प्रशासन में हड़कंप की स्थिति बनी रही और अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए।

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए उठाए जाएं प्रभावी कदमः डीएम

- सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के दृष्टिगत सुधारात्मक कार्रवाई करें: डीएम

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रभावी एवं ठोस कदम उठाए जाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। जिलाधिकारी ने गत माह सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि 29 अगस्त से लगातार अभियान चलाकर बिना हेलमेट दो पहिया वाहनों की चेकिंग की जाए। उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट वाले दो पहिया वाहनों का चालान किया जाए और चालान भरने के बाद ही छोड़ा जाए। साथ ही जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सड़कों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सड़कों से झाड़ियां की सफाई तथा साइन बोर्ड, ब्लैक स्पॉट एवं स्पीड लिमिट के संकेतकों को लगाया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को दुर्घटना संभावित स्थलों पर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित कराने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी विभाग नियमित निरीक्षण करें तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही करें। ओवरस्पीडिंग, नशे की हालत में वाहन चलाने, बिना हेलमेट एवं बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को समन्वित प्रयासों के माध्यम से सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, नगर मजिस्ट्रेट रजनीकांत, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार, जिला बेसिक शिक्षाअधिकारी जयशंकर श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## खैराबाद में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



- नगरपालिका परिषद खैराबाद अध्यक्ष प्रतिनिधि ने फीता काटकर किया उद्घाटन किया

**खैराबाद, सीतापुर।** मियां सरांय में आयोजित अल्लामा फ़ज़्ले हक़ खैराबादी नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का बुधवार को भव्य शुभारंभ हुआ। नगरपालिका परिषद खैराबाद के अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने फीता काटकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने मैदान में मौजूद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और आयोजन समिति को शुभकामनाएं दीं। अभिषेक गुप्ता ने कहा कि नगर में सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर में स्टेडियम निर्माण का प्रयास लगातार जारी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही इस दिशा में नगरवासियों को अच्छी खबर मिलेगी। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करने का माध्यम भी है। ऐसे आयोजनों से स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। टूर्नामेंट के शुभारंभ अवसर पर सभासद आलोक बाजपेई, यूसुफ, राकेश चंद्र गुप्ता 'अप्पू', बलराम कृष्ण पांडेय, इकबाल, रफीक सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद रहे। टूर्नामेंट को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

# शिक्षकों के सम्मान और अधिकारों के लिए हर संघर्ष को तैयार शिक्षक संघ

- निरीक्षण में कमियां नहीं सुधार और मार्गदर्शन होना चाहिएः मुनीश मिश्र

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



शिक्षक केवल विद्यालय में बच्चों को पढ़ाने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की नई पीढ़ी को गढ़ने वाला शिल्पकार है। ऐसे में उसके कार्यों का मूल्यांकन भय और उत्पीड़न के माहौल में नहीं, बल्कि सम्मान, विश्वास और सुधारात्मक दृष्टिकोण के साथ होना चाहिए। शिक्षकों के सम्मान और उनके अधिकारों के लिए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ पूरी मजबूती के साथ उनके साथ खड़ा है। यह विचार उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की शिक्षक भवन में आयोजित आवश्यक बैठक में संघ के जिला अध्यक्ष मुनीश मिश्र ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों का निरीक्षण शिक्षकों को टारगेट बनाकर केवल कमियां खोजने की मानसिकता से नहीं होना चाहिए। निरीक्षण का उद्देश्य विद्यालयों में सुधार, शिक्षकों को मार्गदर्शन और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरणा देना होना चाहिए। जिला अध्यक्ष मुनीश मिश्र ने कहा कि वर्तमान सरकार परिषदीय विद्यालयों का कायाकल्प कराकर उनमें प्राइवेट विद्यालयों की तर्ज पर सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। शिक्षक भी पूरी निष्ठा और मेहनत से बच्चों के भविष्य को संवारने में जुटे हैं। ऐसे में यदि निरीक्षणकर्ता विद्यालय की समस्याओं का समाधान करने और अच्छे कार्यों की सराहना करने के बजाय केवल कमियां खोजकर शिक्षकों का मानसिक उत्पीड़न करेंगे तो यह किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कमियां हर व्यक्ति और हर कार्यालय में होती हैं, लेकिन शिक्षक को डराकर नहीं बल्कि उसका हाथ पकड़कर आगे बढ़ाने की जरूरत है। यदि संघ को विवश किया गया तो कमियां सार्वजनिक करने से भी शिक्षक संघ पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने यह भी बताया कि शिक्षा जगत में वर्षों तक अपनी सेवाएं देकर सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों के सम्मान में जनपद मुख्यालय पर अतिशीघ्र सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन शिक्षकों ने अपना जीवन बच्चों के भविष्य को संवारने में लगाया है, इसलिए उनका सम्मान करना समाज और संगठन दोनों का दायित्व है। संघ के जिला मंत्री देवेश बाजपेई ने कहा कि वर्तमान समय में बरसात का मौसम है और कांवड़ यात्रा सहित अनेक व्यवहारिक परिस्थितियां बनी रहती हैं। ऐसी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों का निरीक्षण किया जाना चाहिए। यदि कोई शिक्षक विशेष परिस्थिति में पांच-दस मिनट विलंब से विद्यालय पहुंचता है तो उसे उत्पीड़न का आधार नहीं बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को उपस्थिति के लिए जियो टैगिंग फोटो भेजने के लिए बाध्य नहीं किया जाना चाहिए। व्यवहारिक कठिनाइयों को देखते हुए ऑनलाइन उपस्थिति का विषय शासन स्तर पर विचाराधीन है, इसलिए शिक्षकों की समस्याओं और परिस्थितियों को समझना आवश्यक है। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष रविन्द्र पाल प्रजापति, जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी, डॉ. विनय गुप्ता, प्रदीप सिंह, नवेन्दु मिश्रा, अश्विनी अवस्थी, आनंद बाजपेई, आनंद गंगवार, संजय मिश्रा, देवेन्द्र सिंह, उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राजकमल आर्य, सत्येन्द्र पाल सिंह, सचिन अवस्थी, विनायक मिश्र, नवनीत मिश्र, आदेश अवस्थी, राकेश रोशन, विजयकांत शर्मा, अशोक कुमार, अखिलेश कुमार, अरुण पाल, दाताराम,शेर सिंह, रामशंकर यादव, रिपुदमन सिंह, मुकेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बारावफात को लेकर डीएम-एसपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**समृद्धि न्यूज, सीतापुर।**



बारावफात पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आई। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बुधवार को जनपद के विभिन्न प्रमुख एवं संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

अधिकारियों ने कोर्ट चौराहा सहित प्रमुख स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान मौके पर तैनात पुलिस बल एवं संबंधित अधिकारियों से सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को पर्व के दौरान लगातार निगरानी और सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में कानून-व्यवस्था प्रभावित नहीं होनी चाहिए। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के साथ ही किसी भी सूचना पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा प्रमुख मार्गों, चौराहों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में लगातार निगरानी की जा रही है। पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के साथ संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाओं पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने पर्व को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी सतर्कता बरतने की बात कही है।

## पत्नी की शादी दूसरे से कराने के लिए मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक

**धौरहरा लखीमपुर खीरी।** कस्बे में बुधवार को अजीब किस्म का एक मामला देखने को मिला जिसमें पति अपनी पत्नी की शादी दूसरे व्यक्ति के साथ कराने को लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ गया करीब 2 घंटे तक हंगामा किया। मिली जानकारी के अनुसार चुन्ना पुत्र शाबान निवासी मोहल्ला पठानवार्ड बुधवार को तहसील गेट के पास स्थित मोबाइल टावर पर चुन्ना चढ़ गया और अपनी पत्नी की दूसरे से शादी कराने के लिए हंगामा करने लगा देखते ही देखते भारी भीड़ जमा हो गई मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी प्रकार से समझा बूझाकर उसे नीचे उतारा और उसे साथ कोतवाली ले गई। बताया जाता है इस बीच मौके पर पहुंची पत्नी ने उसकी मांग को मानते हुए टावर से नीचे उतरने के लिए कहा कस्बे में इस घटित घटना की खूब चर्चा हो रही।

# नैमिष दर्शन से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार पेड़ से टकराई, दो की मौत

- तेज रफ्तार के चलते हुआ हादसा, दो गंभीर घायल जिला अस्पताल रेफर

**समृद्धि न्यूज, सीतापुर।**




नैमिषारण्य धाम के दर्शन कर वाराणसी लौट रहे श्रद्धालुओं की कार बुधवार को दर्दनाक हादसे का शिकार हो गई। तेज रफ्तार के चलते कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा मिश्रिख थाना क्षेत्र में हुआ। बताया जा रहा है कि वाराणसी से श्रद्धालु नैमिषारण्य धाम में दर्शन-पूजन के लिए आए थे। दर्शन करने के बाद सभी कार से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार के कारण चालक कार पर नियंत्रण नहीं रख सका और वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा भिड़ा। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी और राहत-बचाव में जुट गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए मछरेहटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी भेजा गया। यहां चिकित्सकों ने घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल सीतापुर रेफर कर दिया। वहीं, हादसे में दो श्रद्धालुओं की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के बाद पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है। नैमिष दर्शन के बाद लौटते समय हुए इस हादसे ने एक बार फिर तेज रफ्तार के खतरे को सामने ला दिया है।

## 21 वर्षीय युवती घर से लापता, चार पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

- भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज, युवती की तलाश में जुटी पुलिस

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से 21 वर्षीय युवती के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवती के भाई ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बहन 24 और 25 अगस्त की मध्यरात्रि के दौरान घर से गायब हो गई। काफी तलाश के बावजूद जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो परिवार ने पुलिस से संपर्क किया। शिकायत में गांव निवासी आकाश पुत्र ओमप्रकाश पर युवती को अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया गया है। साथ ही आकाश के जीजा पृथ्वीराज पुत्र नन्हे लाल, उसकी पत्नी सोनी देवी और शरद कुमार उर्फ छोटे पर भी कथित रूप से सहयोग करने का आरोप लगाया गया है। परिजनों का दावा है कि युवती को सफेद रंग की चार पहिया गाड़ी से कहीं ले जाया गया। शिकायत में वाहन का नंबर भी पुलिस को उपलब्ध कराया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर संभावित ठिकानों पर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि युवती की बरामदगी के बाद उसके बयान दर्ज किए जाएंगे। उसके बयान और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर मामले की आगे की दिशा तय होगी।

# बरखेड़ा में गूंजा इश्क-ए-रसूल का पैगाम, जुलूस-ए-मोहम्मदी में उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब

- नातों और नारों से रोशन हुईं नगर की गलियां
- घरों-मस्जिदों में सजावट के साथ जगह-जगह बांटा गया तबर्रुक

**समृद्धि न्यूज, बरखेड़ा, पीलीभीत।**



ईद-ए-मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर बुधवार को बरखेड़ा नगर इश्क-ए-रसूल की रोशनी से सराबोर नजर आया। रबीउल अव्वल की 12वीं तारीख पर परंपरागत जुलूस-ए-मोहम्मदी शान-ओ-शौकत के साथ निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत कर पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के प्रति अपनी अकीदत और मोहब्बत का इजहार किया। जुलूस के दौरान नात-ए-पाक और नारों की सदाओं से नगर का माहौल पूरी तरह रूहानी हो उठा। जुलूस में शामिल लोगों के उत्साह का आलम यह था कि नगर की गलियां अकीदतमंदों से भर गईं। जगह-जगह लोगों ने जुलूस का इस्तकबाल किया। रोशनी और सजावट से नगर का माहौल आकर्षक दिखाई दिया। कई स्थानों पर आतिशबाजी भी की गई। जुलूस में शामिल लोगों ने आपसी भाईचारे, अमन और मोहब्बत का पैगाम दिया।

**घरों से मस्जिदों तक दिखाई दी रौनक-उलमा-ए-कराम ने की शिरकतः** ईद-ए-मिलादुन्नबी को लेकर नगर में कई दिन पहले से तैयारियां शुरू हो गई थीं। घरों और मस्जिदों को खूबसूरत रोशनी से सजाया गया। लोगों ने कुरआन-ए-पाक की तिलावत की और अपने घरों में पकवान तैयार कर नियाज नजर पेश की। विभिन्न स्थानों पर मिलाद की महफिलें आयोजित हुईं और जायरीन के बीच तबर्रुक तकसीम किया गया। जुलूस के दौरान धार्मिक सौहार्द और अनुशासन का भी विशेष ध्यान रखा गया। बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी के बावजूद कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से आगे बढ़ता रहा। कार्यक्रम में जामा मस्जिद के इमाम हिफामुद्दीन कारी, कादरी मस्जिद के इमाम मामून रजा हशमती, नूरी मस्जिद के इमाम नासिर हुसैन तथा ताजुश्शरिया मस्जिद के इमाम रियाज अहमद हशमती समेत अनेक उलमा-ए-कराम मौजूद रहे। उन्होंने लोगों को ईद-ए-मिलादुन्नबी की मुबारकबाद देते हुए पैगंबर-ए-इस्लाम के बताए रास्ते पर चलने तथा समाज में प्रेम, अमन और भाईचारा कायम रखने का संदेश दिया। जुलूस में मो. रजा अंसारी, इमरान रजा अंसारी, सुबुल अंसारी ठेकेदार नगर पंचायत, अफरोज अंसारी, रिहान अंसारी, मो. सादिक समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

**सुरक्षा को लेकर पुलिस रही मुस्तैदः** जुलूस में उमड़ी भीड़ को देखते हुए थाना बरखेड़ा पुलिस पूरी तरह सतर्क रही। पुलिसकर्मी जुलूस के साथ चलते रहे और प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था संभाले रहे। अधिकारियों और पुलिसकर्मियों की निगरानी में जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। ईद-ए-मिलादुन्नबी के इस मौके पर बरखेड़ा में दिखाई दी रौनक ने पर्व की खुशियों को और बढ़ा दिया। अकीदतमंदों ने एक-दूसरे को मुबारकबाद दी और अमन, खुशहाली तथा आपसी भाईचारे की दुआ की।

# राखी के धागे के साथ सुरक्षा का संकल्प, बहनों ने भाइयों को दिया जिंदगी की हिफाजत का संदेश

- रक्षाबंधन पर एक दर्जन से अधिक दोपहिया चालकों को बांटे हेलमेट
- माताओं-बहनों ने दिलाई यातायात नियमों की शपथ

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**



रक्षाबंधन के पावन पर्व पर पीलीभीत में भाई-बहन के रिश्ते को सड़क सुरक्षा से जोड़ते हुए परिवहन विभाग ने बुधवार को अनूठी पहल की। आसाम रोड फ्लाईओवर के समीप आयोजित कार्यक्रम में बहनों और माताओं की मौजूदगी में भाइयों व बेटों को हेलमेट वितरित किए गए। संदेश साफ था। राखी का रिश्ता तभी सुरक्षित रहेगा, जब भाई की यात्रा भी सुरक्षित होगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमिताभ अग्निहोत्री ने किया। इस दौरान सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सुशील कुमार मिश्रा और यात्री कर अधिकारी बर्डीस चतुर्वेदी ने मार्ग से गुजर रहे दोपहिया वाहन चालकों को रोककर उन्हें हेलमेट प्रदान किए। एक दर्जन से अधिक वाहन चालकों को हेलमेट देकर सड़क पर सुरक्षित सफर का महत्व समझाया गया।

**राखी के साथ मिला सुरक्षा का उपहारः** परिवहन अधिकारियों ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई की कलाई पर राखी बांधने का पर्व नहीं, बल्कि एक-दूसरे की सुरक्षा और जिम्मेदारी का संकल्प लेने का अवसर भी है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए विभाग ने बहनों की ओर से भाइयों को हेलमेट को सुरक्षा उपहार के रूप में प्रदान किया। एआरटीओ सुशील कुमार मिश्रा ने वाहन चालकों को स्पष्ट किया कि हेलमेट जीवनरक्षा का साधन है, केवल चालान से बचने का जरिया नहीं। उन्होंने चेताया कि जागरूकता के लिए फिलहाल हेलमेट उपहार स्वरूप दिए जा रहे हैं, लेकिन भविष्य में बिना हेलमेट वाहन चलाते पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**'भाई घर से निकले तो हेलमेट जरूर लगाए':** यात्री कर अधिकारी बर्डीस चतुर्वेदी ने कार्यक्रम में मौजूद माताओं और बहनों को यातायात सुरक्षा की शपथ दिलाई। उन्होंने उनसे संकल्प कराया कि वे अपने भाइयों और बेटों को बिना हेलमेट दोपहिया वाहन लेकर घर से बाहर नहीं निकलने देंगी और हर बार यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करेंगी। शपथ के दौरान महिलाओं ने भी सड़क सुरक्षा को लेकर अपनी जिम्मेदारी स्वीकार की।

**रिश्ते की डोर से सड़क सुरक्षा का संदेशः** कार्यक्रम में परिवहन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रवर्तन दल ने लोगों को हेलमेट के नियमित इस्तेमाल, यातायात नियमों के पालन और सुरक्षित वाहन संचालन के प्रति जागरूक किया। रक्षाबंधन पर हेलमेट वितरण की पहल ने पर्व के भावनात्मक संदेश को एक सामाजिक सरोकार से जोड़ दिया।

# देवहा की धारा में मिला अधेड़ का शव, शिनाख्त में जुटी पुलिस

- पुल के तीसरे पिलर के पास उतराता मिला 55 वर्षीय व्यक्ति का शव
- शरीर पर नहीं दिखे चोट के निशान

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**

जहानाबाद कोतवाली क्षेत्र में बुधवार सुबह देवहा नदी के पुल के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह के समय नदी की ओर निकले लोगों की नजर पानी में पड़े शव पर गई तो उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। खबर मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाया। बताया गया कि शव देवहा नदी के पुल के तीसरे खंभे के आसपास पानी में मिला। मृतक की उम्र करीब 55 वर्ष आंकी जा रही है। पुलिस के मुताबिक शव लगभग दो दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के गांवों के लोगों से जानकारी जुटाने के साथ ही अन्य माध्यमों से शिनाख्त कराने में लगी है।

**फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य, पोस्टमार्टम से खुलेगा मौत का राजः** घटना की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए और शव की स्थिति का निरीक्षण किया। पुलिस को मृतक के शरीर पर प्रथम दृष्ट्या किसी प्रकार के स्पष्ट चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि व्यक्ति की मौत नदी में डूबने के कारण हुई हो सकती है, हालांकि मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी।

**पहचान के लिए आसपास के थानों और इंटरनेट मीडिया का सहाराः** कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जयशंकर सिंह के अनुसार मृतक की पहचान कराने के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। आसपास के थानों को भी सूचना भेजी गई है, ताकि किसी व्यक्ति की गुमशुदगी से मामले का संबंध सामने आ सके। इसके अलावा इंटरनेट मीडिया के माध्यम से भी शव की पहचान कराने की कोशिश की जा रही है।

## कामचलाऊ कौशल विकास

नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट ने देश की शिक्षा व्यवस्था और रोजगार बाजार के बीच मौजूद उस खाई को फिर से सामने ला दिया है, जिसे लंबे समय से नजरअंदाज किया जाता रहा है। उच्च शिक्षा हासिल करने के बाद भी बड़ी संख्या में युवा रोजगार के लिए जरूरी व्यावहारिक कौशल से वंचित हैं। इससे बड़ा सवाल यह है कि आखिर हमारी शिक्षा और कौशल विकास व्यवस्था युवाओं को नौकरी के लिए तैयार क्यों नहीं कर पा रही है? नीति आयोग ने शिक्षा, कौशल और रोजगार के बीच बढ़ते अंतर को रेखांकित करते हुए कमजोर व्यावहारिक प्रशिक्षण, सतही इंटर्नशिप एवं अप्रेंटिसशिप तथा करियर गाइडेंस की कमी को प्रमुख चुनौतियों में गिना है। यह स्थिति इसलिए चिंताजनक है क्योंकि कौशल विकास के नाम पर केंद्र और राज्य सरकारें वर्षों से बड़ी धनराशि खर्च कर रही हैं। यदि प्रशिक्षण पूरा करने के बाद भी युवा उद्योगों की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरते तो केवल प्रशिक्षण केंद्रों की संख्या बढ़ाना या प्रमाण पत्र बांटना किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। आज जरूरत इस बात की है कि कौशल विकास कार्यक्रमों की गुणवत्ता और उपयोगिता की निष्पक्ष समीक्षा हो। कहीं ऐसा तो नहीं कि प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को वास्तव में किसी काम के योग्य बनाने के बजाय केवल निर्धारित लक्ष्य पूरा करना और प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना रह गया है? यदि ऐसा है तो यह व्यवस्था युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। कौशल विकास का मूल्यांकन इस आधार पर होना चाहिए कि प्रशिक्षण पाने वाले कितने युवाओं को रोजगार मिला, कितनों ने अपना उद्यम शुरू किया और उद्योगों में उनकी उपयोगिता कितनी रही। सबसे बड़ी कमी व्यावहारिक शिक्षा की है। नीति आयोग की रिपोर्ट में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले 80 प्रतिशत छात्रों द्वारा प्रैक्टिकल अनुभव की कमी को बड़ी समस्या बताया जाना हमारी शिक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर चेतावनी है। केवल किताबों और परीक्षाओं तक सीमित शिक्षा आज के रोजगार बाजार की जरूरतों को पूरा नहीं कर सकती। उद्योगों में तकनीक तेजी से बदल रही है और उसके अनुरूप काम करने के लिए युवाओं में समस्या समाधान, संचार, डिजिटल दक्षता, तकनीकी समझ और टीम में काम करने जैसे कौशल भी जरूरी हैं। यह भी विचारणीय है कि केवल 8.25 प्रतिशत ग्रेजुएट ही ऐसे काम में लगे हैं, जो उनके शिक्षा स्तर के अनुरूप है। इसका अर्थ साफ है कि डिग्री और रोजगार के बीच संबंध कमजोर हुआ है। सामान्य बीए, बीकाम और बीएससी जैसी डिग्रियां अपने आप रोजगार की गारंटी नहीं देतीं। इसका मतलब इन डिग्रियों की उपयोगिता समाप्त हो गई है, ऐसा भी नहीं है। समस्या यह है कि इनके साथ रोजगारपरक कौशल और व्यावहारिक अनुभव जोड़ने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। भारत जैसे युवा देश के लिए यह स्थिति विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। बड़ी संख्या में युवा हर वर्ष कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से निकलते हैं। यदि उनके पास डिग्री तो है, लेकिन बाजार की जरूरत के अनुरूप कौशल नहीं है, तो वे स्वाभाविक रूप से सरकारी नौकरियों की ओर अधिक आकर्षित होंगे। सरकारी नौकरियां सीमित हैं और उनके लिए प्रतियोगिता अत्यधिक है। इसका परिणाम यह होता है कि बड़ी संख्या में युवा वर्षों तक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते रहते हैं और उनकी उत्पादक क्षमता का समुचित उपयोग नहीं हो पाता। इस समस्या का समाधान शिक्षा को रोजगार से जोड़ने में है। स्कूल स्तर से ही विद्यार्थियों को अलग-अलग व्यावसायिक क्षेत्रों की जानकारी दी जानी चाहिए। उन्हें यह समझने का अवसर मिलना चाहिए कि उनकी रुचि और क्षमता के अनुरूप कौन-कौन से करियर विकल्प उपलब्ध हैं। कॉलेज स्तर पर इंटर्नशिप और अप्रेंटिसशिप को औपचारिकता के बजाय वास्तविक कार्य-अनुभव का माध्यम बनाया जाना चाहिए। कौशल विकास कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने में उद्योग जगत की भागीदारी अनिवार्य की जानी चाहिए। कंपनियों और कारोबारी संस्थानों से यह पूछा जाना चाहिए कि अगले पांच-दस वर्षों में उन्हें किस तरह के मानव संसाधन की आवश्यकता होगी। उसी के अनुरूप पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण तैयार हों। आइआइटी और आइआइएम जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की विशेषज्ञता का उपयोग भी इस दिशा में किया जा सकता है। इसके साथ ही कौशल विकास के नाम पर चलने वाले संस्थानों की जवाबदेही तय करनी होगी। प्रशिक्षण की गुणवत्ता, प्रशिक्षकों की दक्षता, उपकरणों की उपलब्धता और प्रशिक्षण के बाद रोजगार की स्थिति की नियमित निगरानी हो। जिन संस्थानों का प्रदर्शन लगातार खराब रहे, उनके विरुद्ध कार्रवाई हो और अच्छे परिणाम देने वाले संस्थानों को प्रोत्साहित किया जाए। सबसे महत्वपूर्ण बदलाव सोच में करना होगा। युवाओं को यह समझना होगा कि आज केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है। उन्हें अपनी शिक्षा के साथ ऐसा कौशल भी अर्जित करना होगा, जिसकी बाजार में वास्तविक मांग हो। दूसरी ओर सरकार और शिक्षा संस्थानों को भी युवाओं से केवल आत्मनिर्भर बनने की अपेक्षा करने के बजाय उन्हें आत्मनिर्भर बनने लायक अवसर और प्रशिक्षण देना होगा।

### दो टूक




# व्यापार युद्ध, भारत के लिए अवसर


डॉ. प्रियंका सौरभ

अमेरिका और कनाडा के बीच टैरिफ विवाद बढ़ने से वैश्विक व्यापार प्रणाली में मूलभूत बदलाव का संकेत मिलता है। अगस्त 2026 में अमेरिका ने लगभग 20 अरब डॉलर मूल्य के कनाडाई सामानों पर 50 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाया, जिसके जवाब में कनाडा ने अमेरिकी आयात पर 15 से 50 प्रतिशत तक का टैरिफ लगा दिया। इससे यह स्पष्ट होता है कि व्यापार अब केवल आर्थिक सहयोग का साधन नहीं रह गया है, बल्कि भू-राजनीतिक हितों को साधने और दबाव बनाने के लिए महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में इसका उपयोग तेजी से किया जा रहा है। हालांकि प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित लोगों की संख्या कम हो सकती है लेकिन भारत जैसे देश के लिए जो वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं से गहराई से जुड़ा हुआ है, इसके आर्थिक और रणनीतिक परिणाम बहुत गंभीर हो सकते हैं। अमेरिका और कनाडा के बीच विवादों का लंबा इतिहास है, जिसमें बाज़ार पहुँच, घरेलू उद्योगों की सुरक्षा के उपाय और नियामक बाधाओं से संबंधित शिकायतें शामिल हैं। अमेरिका ने डेयरी उत्पादों, ऑटोमोबाइल, शराब, फर्नीचर, सीमेंट और अन्य वस्तुओं पर टैरिफ लगाकर जवाबी कार्रवाई की, जिसके जवाब में कनाडा ने अमेरिकी स्टील, कृषि उपकरण और उपभोक्ता उत्पादों पर टैरिफ लगाए। वर्तमान में, दोनों देशों के बीच व्यापार का मूल्य 880 अरब डॉलर से अधिक है, जिसका अर्थ है कि एक लंबा व्यापार युद्ध केवल इन दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं तक सीमित नहीं रहेगा। यह असहमति ऐसे समय में सामने आई है जब अन्य देश भी अमेरिकी व्यापार, विशेष रूप से अन्य अमेरिकी व्यापारिक साझेदारों के खिलाफ अधिक टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाएँ लगा रहे हैं। इससे उत्तरी अमेरिका में आपूर्ति श्रृंखलाओं की स्थिरता और नियमों पर आधारित वैश्विक व्यापार प्रणाली पर संदेह पैदा हो गया है। भारत में बाहरी मांग में संभावित मंदी पहला झटका साबित हो सकती है। अमेरिका और कनाडा भारत के बड़े व्यापारिक साझेदार होने के साथ-साथ भारतीय दवाइयों, आईटी सेवाओं, वस्त्रों, इंजीनियरिंग



उत्पादों और कई अन्य उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण बाजार हैं। टैरिफ युद्ध, जो उत्तरी अमेरिकी अर्थव्यवस्थाओं के उपभोग और निवेश को बाधित करता है, भारतीय निर्यात को प्रभावित कर सकता है। इसके अलावा, बड़ी संख्या में भारतीय कंपनियां उत्तरी अमेरिकी कंपनियों को घटक, मध्यवर्ती वस्तुएं और व्यावसायिक सेवाएं प्रदान करती हैं। आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, लागत में वृद्धि और अनिश्चितता के कारण इन कंपनियों को नए जोखिमों का सामना करना पड़ सकता है। मुद्रास्फीति भी एक खतरा है। जवाबी शुल्क के चलते इस्पात, एल्युमीनियम और कृषि उत्पादों जैसे आवश्यक उत्पादों पर वैश्विक स्तर पर असर पड़ सकता है। यदि इन मूल्य वृद्धि का प्रभाव भारत तक पहुंचता है तो इससे घरेलू उत्पादन लागत और मुद्रास्फीति पर दबाव पड़ सकता है। इससे आरबीआई के मौद्रिक नीति प्रबंधन में जटिलता आ सकती है। साथ ही, वैश्विक व्यापार नीति के नियमित हिस्से के रूप में बढ़ते संरक्षणवाद से भविष्य में भारत के निर्यात पर शुल्क, तकनीकी मानक और अन्य गैर-शुल्क बाधाएं भी बढ़ सकती हैं। इस संकट से भारत के लिए अवसर भी पैदा हो सकते हैं। व्यापार में बदलाव के चलते, उच्च शुल्क के कारण आयात महंगा हो गया है और आयातक वैकल्पिक आपूर्तिकर्ताओं की तलाश कर रहे हैं। इससे भारतीय कंपनियों को अमेरिका और कनाडा के बाज़ार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने का अवसर मिल सकता है। भारतीय वस्त्र उद्योग, चमड़ा उद्योग, आभूषण उद्योग, फर्नीचर उद्योग और अन्य उपभोक्ता वस्तुओं के लिए बेहतर संभावनाएं बन सकती हैं क्योंकि अमेरिकी बाज़ार में कनाडाई सामान महंगा होता जा रहा है। इसी तरह, यदि कनाडा अपने व्यापार के लिए नए स्रोत तलाश रहा है तो भारत के लिए मशीनरी और इंजीनियरिंग सामान, कृषि उपकरण, वस्त्र और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों जैसे अन्य क्षेत्रों में विस्तार करने के अवसर हैं। इससे भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के पुनर्गठन से लाभ उठाने का अवसर भी मिलता है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा अपनी मूल्य श्रृंखला को किसी एक देश या क्षेत्र में विस्तारित करने का चलन है। भारत अपने विशाल घरेलू बाजार, अपेक्षाकृत बड़ी श्रमशक्ति, बढ़ती विनिर्माण क्षमता और विकसित बुनियादी ढांचे के कारण इस परिवर्तन से लाभ उठा सकता है। हालांकि, कम लागत ही पर्याप्त नहीं होगी। विश्वसनीय आपूर्ति, उच्च गुणवत्ता, समय पर वितरण और अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण एवं सुरक्षा मानकों का पालन भी महत्वपूर्ण होगा। इसलिए, भारत को संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। सरकार को अमेरिका और कनाडा में टैरिफ से प्रभावित उत्पादों का विस्तृत अध्ययन करना चाहिए और उन क्षेत्रों का निर्धारण करना चाहिए जहां भारतीय कंपनियां प्रतिस्पर्धा कर सकती हैं। निर्यात प्रोत्साहन पहलों, निर्यात प्रतिनिधिमंडलों और क्रेता-विक्रेता बैठकों के माध्यम से निर्यात प्रोत्साहन इन अवसरों को व्यावसायिक परिणामों में परिवर्तित करने में सहायक हो सकता है। साथ ही, कनाडा जैसे प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के साथ बातचीत जारी रखने और आसियान, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और पश्चिम एशिया में निर्यात बढ़ाने के प्रयासों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। भारत में रसद लागत को और कम करने, बंदरगाहों और सीमा शुल्क की दक्षता में सुधार करने और गुणवत्ता प्रमाणीकरण एवं परीक्षण क्षमताओं का विस्तार करने की आवश्यकता है। भारत को विश्व व्यापार संगठन जैसे बहुपक्षीय मंचों पर नियम आधारित व्यापार प्रणाली की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। भारत को व्यापार विविधीकरण के अल्पकालिक लाभों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए बल्कि अपनी दीर्घकालिक प्रतिस्पर्धात्मकता का निर्माण करना चाहिए। अमेरिका-कनाडा व्यापार युद्ध में भारत विजयी पक्ष में है। यदि भारत केवल अल्पकालिक निर्यात संभावनाओं में ही रुचि रखता है तो इसके लाभ सीमित ही रहेंगे। हालांकि, यदि वह इस संकट को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में अपनी स्थिति मजबूत करने के अवसर के रूप में देखता है तो इसका प्रभाव कहीं अधिक व्यापक हो सकता है। व्यापार में विविधता लाकर, प्रतिस्पर्धात्मकता और बुनियादी ढांचे में सुधार करके और आर्थिक कूटनीति में सक्रिय रूप से भाग लेकर भारत विश्व में मौजूदा अनिश्चितता का लाभ उठाकर अपनी आर्थिक क्षमताओं को मजबूत कर सकता है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं)**

# चीनी की कड़वाहट के बाद क्या अब प्याज निकालेगा आंसू ?

भारत में प्याज जैसे खाद्य सामग्री का संकट, पिछले कुछ दशकों में राजनीतिक और आर्थिक इतिहास बदलने का गवाह बनते देखा गया है। इसका कारण भी स्पष्ट रहा है कि भारतीय रसोई की नींव अगर स्वाद, सेहत और सुगंध पर टिकी है, तो उसमें चीनी की मिठास और प्याज का तड़का दो सबसे मजबूत स्तंभ माने जाते हैं। लेकिन हाल के दिनों में खाद्यान्न और खाद्य पदार्थों के दामों में उतार-चढ़ाव ने आम उपभोक्ता के घरेलू बजट की गणित को पूरी तरह बिगाड़ कर रख दिया है। पहले तो खाद्य तेलों और चीनी की कीमतों में आई नरमी अचानक दामों में उछाल में बदल गई और अब बाजार में प्याज की बढ़ती कीमतें आम आदमी की आंखों में आंसू लाने की शुरुआत कर दी है। सवाल यह उठता है कि क्या चीनी की कड़वाहट के बाद अब प्याज वाकई आमजन को रुलाने की तैयारी में है? हालांकि, स्थिति गंभीर होने से पहले ही केंद्र व राज्य सरकारों ने मोर्चा संभाल लिया है। जमाखोरों और कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कानूनी शिकंजा कसने के निर्देश दिए गए हैं। दरअसल, चीनी की कड़वाहट के बाद प्याज की अचानक बढ़ती किमतों को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार ने विशेष योजना तैयार की है। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने (24 अगस्त को) जानकारी दी है कि महाराष्ट्र के नासिक से प्याज का सरकारी बफर स्टॉक 'कांदा एक्सप्रेस' के जरिए देश के प्रमुख खपत केंद्रों तक भेजना शुरु किया है। प्रथम चरण में प्याज की खेप चेन्नई, मदुरै, दिल्ली, एर्नाकुलम और गुवाहाटी भेजी जा रही है। नासिक के बफर स्टॉक से 'कांदा एक्सप्रेस' के रेल रैक के जरिए पहुंचाई जा रही इस आपूर्ति को थोक और खुद दोनों बाजारों में उतारा जाएगा। राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) जैसी सरकारी एजेंसियों के माध्यम से खुदरा बाजार में 35 रुपये प्रति किलो की रियायती दर पर प्याज बेचा जाएगा। केंद्र सरकार के पास चालू वर्ष के लिए 1.21 लाख टन प्याज का सुरक्षित बफर स्टॉक उपलब्ध है, जो घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पूरी तरह पर्याप्त है। अधिकारियों का मानना है कि आने वाले महीनों में देश में प्याज की उपलब्धता संतोषजनक रहेगी। बफर स्टॉक की स्थापना नाफेड और एनसीसीएफ के जरिए आपात स्थिति और त्योहारों के दौरान कीमतों को स्थिर रखने के लिए ही की जाती है। उपभोक्ताओं पर पड़ने वाली यह महंगाई केवल आंकड़ों का खेल नहीं है बल्कि इसका सीधा असर एक आम नागरिक की थाली और उसकी बचत पर पड़ता है। जब रसोई के चीनी, दालें, एडिबल ऑयल और प्याज जैसे मूल सामान महंगे होते हैं तो सबसे ज्यादा नुकसान निम्न और मध्यम वर्ग का होता है। एक सामान्य भारतीय परिवार के मासिक खर्च में खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 40 फीसदी से 50 फीसदी तक होती है। जब प्याज और चीनी जैसी बुनियादी चीजें महंगी होती हैं तो शिक्षा, स्वास्थ्य और मनोरंजन जैसे अन्य अनिवार्य खर्चों में कटौती करनी पड़ती है। वहीं, महंगाई के कारण लोग गुणवत्तापूर्ण खानपान से समझौता करने को मजबूर हो जाते हैं। सब्जियों और दालों के कम उपयोग से बच्चों और महिलाओं में पोषण संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। सरकार ने बाजार में कीमतों को नियंत्रित करने और जमाखोरी रोकने के लिए हमेशा ही एक बहुस्तरीय रणनीति अपनाती है, जिसमें जमाखोरों और कालाबाजारी करने वालों पर नकेल कसने के लिए केंद्र सरकार 'आवश्यक वस्तु अधिनियम' के तहत राज्यों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि वे थोक और खुदरा व्यापारियों के लिए स्टॉक लिमिट तय करें। वहीं, मंडियों में अवैध भंडारण करने वालों के खिलाफ छापेमारी और सख्त कानूनी कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। केंद्र सरकार नैफेड (भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ) और एनसीसीएफ के माध्यम से लाखों टन प्याज का 'बफर स्टॉक' बनाकर रखती है। जब खुदरा बाजार में कीमतें बढ़ती हैं तो रियायती दरों पर मोबाइल वैन और सरकारी आउटलेट्स के जरिए उपभोक्ताओं तक प्याज पहुंचाया जाता है। प्याज और चीनी के निर्यात पर जरूरत पड़ने पर न्यूनतम निर्यात मूल्य लगाया जाता है या निर्यात को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया जाता है ताकि घरेलू बाजार में उपलब्धता बनी रहे। आवश्यकता पड़ने पर अन्य देशों से प्याज व चीनी के आयात को सुगम बनाने के लिए कस्टम ड्यूटी (सीमा शुल्क) घटाई जाती है। भारत के राजनीतिक और आर्थिक इतिहास में प्याज का विशेष स्थान रहा है। प्याज केवल एक सब्जी नहीं बल्कि एक ऐसा संवेदनशील कारक रहा है जिसने कई बार चुनाव के नतीजे बदले हैं और सरकारों को हिलाकर रख दिया है। मसलन देश में साल 1980 का 'प्याज चुनाव' भारतीय राजनीति में प्याज का पहला बड़ा प्रभाव 80 के आम चुनाव में देखने को मिला। उस समय तत्कालीन जनता पार्टी सरकार के कार्यकाल में प्याज के दाम आसमान छूने लगे थे। इंदिरा गांधी ने प्याज की महंगाई को अपना मुख्य चुनावी मुद्दा बनाया और गले में प्याज की माला पहनकर प्रचार किया। नतीजतन, जनता पार्टी की सरकार गिर गई और कांग्रेस की सत्ता में वापसी हुई। इसी प्रकार भारतीय इतिहास का सबसे चर्चित खाद्य संकट साल 1998 का प्याज संकट माना जाता है, जब महाराष्ट्र और कर्नाटक में बेमौसम बारिश से प्याज की फसल पूरी तरह तबाह हो गई थी। उस समय दिल्ली और राजस्थान विधानसभा चुनावों में तत्कालीन सत्तारूढ़ पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा। साल 2010 में प्याज संकट तब आया, जब नासिक और महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में अत्यधिक और बेमौसम बारिश के कारण खरीफ की फसल खराब हो गई। ऐसे समय में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने पाकिस्तान से प्याज का आयात किया और निर्यात पर पूरी तरह रोक लगाई और सीमा शुल्क शून्य कर दिया।

इसके बाद साल 2013 के मध्य में मानसून की अनिश्चितता और सप्लाई चेन में बिचौलियों की साठगांठ के कारण देशभर में प्याज के दामों ने आसमान छूना शुरु किया तो विपक्ष ने सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किए। हालांकि साल 2019 में प्याज में महा-संकट देखने को मिला, जिसका मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक में भारी बाढ़ के कारण मंडियों में रखा लाखों टन प्याज सड़ गया और खरीफ फसल बुरी तरह प्रभावित हुई। इन हालातों को संभालने के लिए केंद्र सरकार को तुर्की, मिस्र और अफगानिस्तान से प्याज आयात करना पड़ा और देशव्यापी स्टॉक लिमिट लागू करनी पड़ी।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं)**

### कोरस


संजय एम तराणेकर

## यूपीआई : जेब से दुनिया तक

**न जेब में सिक्कों की खनक, न नोटों की कोई कतार, मोबाइल उठाया, पिन लगाया, पल में हुआ कारोबार।**

**दस वर्ष पहले जो सपना था, आज वही पहचान बना, छोटे चायवाले तक पहुँचा, 'डिजिटल' हिंदुस्तान बना।**

**न बैंक की लंबी लाइन रही, न ही छुट्टे का झंझट भारी, एक क्लिक में भुगतान हुआ, आसाँ हुई दुनिया सारी।**

**कभी पैसे भेजना मुश्किल था, अब पल में पहुँच जाता, दूर खड़ा अपना इंसान भी मोबाइल से पास हो जाता।**

**बाजारों से लेकर गलियों तक, इसकी गूँज सुनाई देती, भारत की डिजिटल ताकत, दुनिया को 'राह' दिखाती।**

**तकनीक तब ही महान है, जब जन-जन के काम आए, यूपीआई की यह छोटी-सी धारा देश को आगे ले जाए।**

**नोट से डिजिटल सफर तक, बदला भुगतान का संसार, दस साल की यात्रा ने बढ़ाया भारत का 'गौरव' अपार।**

**कल जो थी कल्पना कभी, आज हकीकत बनकर आई, मोबाइल की लघु स्क्रीन ने भारत की तस्वीर बदलवाई।**

# स्वतंत्र भारत में सवर्णः अस्सीवें वर्ष में 'संवैधानिक अछूत' होने का आक्रोश

डॉ. अनिल मिश्र

स्वतंत्रता के अस्सीवें वर्ष में प्रवेश कर चुके भारत में दिल्ली से लखनऊ तक एक नया असंतोष आकार ले रहा है। यह आंदोलन अभी न संख्या में विराट है, न नेतृत्व में सुव्यवस्थित और न राजनीतिक संरक्षण में संपन्न फिर भी उसके हाथों में उठी एक तख्ती लोकतंत्र के सामने असुविधाजनक प्रश्न रख रही है–क्या सवर्ण समाज स्वयं को 'संवैधानिक अछूत' समझने लगा है?

23 अगस्त 2026 को लखनऊ के 1090 चौराहे पर सवर्ण मोर्चा के तीन सौ से अधिक प्रदर्शनकारी आरक्षण में सुधार और यूजीसी के 2026 के समानता-विनियमों को वापस लेने की माँग लेकर जुटे। नेताओं की प्रतीकात्मक शवयात्रा निकाली गई, पुलिस तैनात हुई और कुछ प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। लेकिन इस दृश्य का सबसे गंभीर पक्ष न शवयात्रा थी, न पुलिस; सबसे गंभीर था तख्तियों पर लिखा–'संवैधानिक अछूत।'

यह शब्द ऐतिहासिक अस्पृश्यता की अमानवीय यातना का पर्याय नहीं हो सकता। भारत में अस्पृश्यता मनुष्य के स्पर्श, पानी, पूजा, शिक्षा और सम्मान तक का सामाजिक निषेध थी।

फिर भी यह नारा उस वर्ग की अनुभूत पीड़ा का तीखा राजनीतिक रूपक अवश्य है, जिसे लगता है कि उसकी गरीबी, बेरोजगारी और अवसर-वंचना को केवल उसके जन्म के कारण संवैधानिक सहानुभूति नहीं मिलती।

**संविधान की मंशा और अनिश्चितकालीन व्यवस्था:**

संविधान ने अनुसूचित जातियों, जनजातियों तथा सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए विशेष प्रावधान ऐतिहासिक अन्याय की पृष्ठभूमि में किए। सामाजिक न्याय किसी सरकार की कृपा नहीं, संविधान की मूल प्रतिज्ञा है। सदियों की सामाजिक वंचना का उपचार केवल औपचारिक समानता से संभव नहीं था। लेकिन एक तथ्य स्पष्ट रहना चाहिए–संविधान में दस वर्ष की समय-सीमा शिक्षा और सरकारी नौकरियों के आरक्षण के लिए नहीं थी। अनुच्छेद 334 की मूल समय-सीमा लोकसभा और विधानसभाओं में अनुसूचित जाति-जनजाति के राजनीतिक प्रतिनिधित्व से संबंधित थी। शिक्षा और नौकरियों के विशेष प्रावधान अनुच्छेद 15 और 16 से संचालित होते हैं; उनके लिए संविधान में स्वतः समाप्ति-तिथि निर्धारित नहीं की गई। फिर भी यह प्रश्न पूरी तरह वैध है कि क्या कोई नीति अनिश्चितकाल तक समीक्षा से मुक्त रह सकती है?

आठ दशकों बाद क्या यह नहीं जाँचा जाना चाहिए कि आरक्षण का लाभ सबसे वंचित व्यक्ति तक पहुँचा अथवा कुछ समर्थ परिवारों और जातीय अभिजन के भीतर पीढ़ी-दर-पीढ़ी घूमता रहा? क्या सामान्य वर्ग के निर्धन बच्चे की गरीबी केवल इसलिए कम पीड़ादायक है कि उसका जन्म किसी सवर्ण परिवार में हुआ?

आरक्षण को एक झटके में समाप्त करना न व्यावहारिक है, न न्यायपूर्ण; लेकिन उसे अपरिवर्तनीय राजनीतिक संपत्ति बना देना भी सामाजिक न्याय नहीं है। नियमित सामाजिक लेखा-परीक्षा, अद्यतन आँकड़े, लाभ के संकेंद्रण की जाँच, प्रभावी क्रीमी-लेयर और वास्तविक आर्थिक-शैक्षिक वंचना को पर्याप्त महत्व देना आवश्यक है। ईडब्ल्यूएस आरक्षण इस तथ्य की संवैधानिक स्वीकृति है कि गरीबी जाति देखकर आघात नहीं करती।

**यूजीसी का समानता-विधान या एकतरफा आशंका?**

13 जनवरी 2026 को अधिसूचित यूजीसी के उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता संवर्धन विनियम का घोषित उद्देश्य परिसरों में जाति, धर्म, लिंग और सामाजिक पृष्ठभूमि से जुड़े भेदभाव को रोकना था। समान अवसर केंद्र, इक्विटी समिति, शिकायत-निवारण और संस्थागत जवाबदेही की मूल भावना उचित थी।

विवाद उसकी संरचना और भाषा से उत्पन्न हुआ। विरोध करने वालों को आशंका थी कि भेदभाव की परिभाषा अत्यधिक व्यापक है, आरोप और प्रमाण के बीच पर्याप्त संतुलन नहीं है तथा झूठी या दुर्भावनापूर्ण शिकायत से निर्दोष विद्यार्थी और शिक्षक की प्रतिष्ठा बचाने के स्पष्ट उपाय अपर्याप्त हैं।

'यदि जन्म के आधार पर किसी दलित विद्यार्थी को अपराधी मानना अमानवीय है, तो प्रत्येक सवर्ण विद्यार्थी अथवा शिक्षक को संभावित उत्पीड़क मान लेना संवैधानिक समानता कैसे हो सकता है?' सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस आशंका को निराधार नहीं माना। 29 जनवरी को न्यायालय ने 2026 के विनियमों को स्थगित रखते हुए उन्हें प्रथमदृष्टया अस्पष्ट, अत्यधिक व्यापक और दुरुपयोग-सक्षम माना। अगस्त में केंद्र सरकार ने न्यायालय को बताया कि इन पर पुनर्विचार किया जा रहा है।

इसलिए जिस विषय पर सर्वोच्च न्यायालय ने गंभीर आपत्ति उठाई, उसके विरोधियों को सामाजिक न्याय-विरोधी बताकर खारिज करना अनुचित होगा। किसी भी भेदभाव-निरोधक व्यवस्था में पीड़ित की सुरक्षा, आरोपी को सुनवाई, निष्पक्ष समयबद्ध जाँच, अपील और जानबूझकर झूठी शिकायत पर कार्रवाई के प्रावधान में है। न्याय की पहली शर्त है कि दोषी बच न सके; दूसरी उतनी ही आवश्यक शर्त है कि निर्दोष फँस न सके।

**भाजपा का जातिविहीन अनुशासनः**

दिसंबर 2025 में उत्तर प्रदेश भाजपा के कुछ ब्राह्मण विधायकों और विधान परिषद सदस्यों ने लखनऊ में सहभोज और बैठक की। बैठक में ब्राह्मण समाज की कथित उपेक्षा पर चर्चा की खबरें आईं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि ऐसी जाति-आधारित बैठक पार्टी के संविधान और मूल्यों के विरुद्ध है तथा इसकी पुनरावृत्ति अनुशासनहीनता मानी जाएगी।

जातिविहीन राजनीति आदर्श है, लेकिन यह नियम सभी जातीय सम्मेलनों, प्रतिनिधिमंडलों और राजनीतिक गणनाओं पर समान रूप से लागू होना चाहिए। राजनीतिक दल टिकट-वितरण, मंत्रिमंडल और संगठन में स्वयं जातीय समीकरणों का सूक्ष्म हिसाब रखें, किंतु किसी समाज के प्रतिनिधि अपनी समस्याओं पर बैठें तो उसे अनुशासनहीनता बताएँ–यह दोहरी कसौटी है। यदि अन्य समुदायों की बैठक सामाजिक प्रतिनिधित्व है और ब्राह्मण विधायकों की बैठक जातिवाद, तो प्रश्न बैठक का नहीं, राजनीतिक समानता का बन जाता है।

**सरकार सुने, आंदोलन भी मर्यादा रखेः**

सरकारें प्रायः संख्या और वोट-बैंक की भाषा समझती हैं। जो समुदाय किसी दल को स्वाभाविक समर्थन देता रहता है, उसकी निष्ठा धीरे-धीरे उसकी राजनीतिक कमजोरी बन जाती है–सत्ता मान लेती है कि नाराज होकर भी वह जाएगा कहाँ?

भाजपा को यह समझना होगा कि उपेक्षित असंतोष संख्या में छोटा दिखाई देकर भी चुनावी रूप से बड़ा परिणाम दे सकता है। दूसरी ओर, सत्ता की चुप्पी आंदोलन को उग्रता की अनुमति नहीं देती। प्रतीकात्मक शवयात्रा, यातायात अवरोध अथवा किसी अन्य जाति के विरुद्ध अपमानजनक भाषा आंदोलन की संवैधानिक शक्ति को कमजोर करेगी। सवर्ण आंदोलन को दूसरे समाज के अधिकारों के विरुद्ध युद्ध नहीं, अपने समान अधिकारों के लिए शांत अभियान बनना चाहिए–किसी का अधिकार मत छीनिए, लेकिन हमें जन्म से अपराधी भी मत मानिए। 1090 चौराहे की आवाज को तीन सौ लोगों की मामूली भीड़ समझकर खारिज करना राजनीतिक भूल होगी। सरकार को आरक्षण के प्रभाव की स्वतंत्र समीक्षा, लाभार्थियों के भीतर अवसर-वितरण का अध्ययन, यूजीसी विनियमों का संतुलित पुनर्लेखन और सभी वर्गों के लिए समान शिकायत-निवारण व्यवस्था पर संवाद आरंभ करना चाहिए।

संविधान ने वंचित को ऊपर उठाने का आदेश दिया है, किसी दूसरे को नीचे धकेलने का नहीं।

भारत को ऐसा सामाजिक न्याय चाहिए जिसमें किसी बच्चे को जन्म के कारण विशेषाधिकार का अहंकार न मिले और किसी दूसरे बच्चे को जन्म के कारण अपराधबोध न दिया जाए। अन्यथा 1090 चौराहे से उठा सवाल और तीखा होता जाएगा–

आदमी को आदमी का हक दिलाने के लिए,
आदमी को ही कुचलता जा रहा है आदमी।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### 6 दिन बाद केन नदी में उतराता मिला चरवाहे का शव



**सुमेरपुर।** बांदा जनपद के पैलानी थाना क्षेत्र में छह दिन पूर्व चंद्रावल नदी में डूबे एक चरवाहे का शव बुधवार सुबह केन नदी में उतराता मिला। सूचना मिलने पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। पैलानी थाना पुलिस ने नाविकों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए बांदा भेज दिया। मृतक की पहचान मौहर गांव निवासी भगवानदीन निषाद (55) के रूप में हुई, जिसकी पुष्टि उनके पुत्र रामबाबू ने की। गौर तलब है कि मौहर गांव निवासी भगवानदीन निषाद गत शुक्रवार को अपनी भैंसों को नदी के दूसरे छोर से लाने के लिए मौहर-कैथी के मध्य चंद्रावल नदी में उतरा था। तेज बहाव के कारण वह गहरे पानी में डूब गया था। बुधवार सुबह नरी गांव के समीप केन नदी में ग्रामीणों ने एक शव उतराता देखा, जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकलवाया और परिजनों को सूचित किया। जानकारी मिलने पर मृतक के पुत्र रामबाबू सहित रिश्तेदार और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त की।

### आर्य समाज के प्रधान बने प्रेम कुमार

**सुमेरपुर।** आर्य समाज की कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मुहाल के सत्संग भवन में हुई बैठक में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। आर्य समाज के प्रधान प्रेम कुमार श्रीवास्तव द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बृजेंद्र गुप्ता को मंत्री, गणेश प्रसाद को कोषाध्यक्ष, राम अवतार को वरिष्ठ उप प्रधान, हरिकिशन, श्री राम, उर्मिला को उप प्रधान, उमेश आर्य को वरिष्ठ उपमंत्री, गप्पू भाई, रमा पंकज आर्य को उपमंत्री, कृष्ण कुमार मिश्रा को सह कोषाध्यक्ष, रामनारायण को संप्रेक्षक चुना गया है। महेन्द्र आर्य, गंगासागर, बलीराम, दिनेश आर्य, लक्ष्मी, कैलाश सोनी, आदर्श आर्य, स्वनेश सोनी को भी संगठन की जिम्मेदारी दी गई है। मनीष आर्य को अधिष्ठाता आर्यवीर दल, रूबी आर्या को आर्य वीरांगना दल की जिम्मेदारी दी गई है। लोटन प्रसाद को मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

### सिंचाई संघ के चुनाव में संजीव यादव चुने गए निर्विरोध अध्यक्ष



**उरई।** सिंचाई संघ उत्तर प्रदेश का चुनाव बुधवार को शांतिपूर्ण माहौल में हुआ। जिसमें विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन किया गया, जिसे लेकर कर्मचारियों में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पेंशनर संघ के अध्यक्ष मानसिंह राजपूत रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि मंत्री रविन्द्र दुबे मौजूद रहे। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में सिंचाई संघ झांसी मंडल के अध्यक्ष छत्रपाल सिंह सेंगर व मंडल मंत्री देवेंद्र गुप्ता ने चुनाव प्रक्रिया की निगरानी की। बे.न.प्र. द्वितीय के अध्यक्ष रामजी दांतरे और नलकूप खंड प्रथम के अध्यक्ष शिवाधार सिंह भी मौजूद रहे। निर्विरोध चुनाव में संजीव कुमार यादव को अध्यक्ष, फूलसिंह पाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, चन्द्रशेखर याज्ञिक को मंत्री साथ ही सिद्धार्थ सिंह को संप्रेक्षक चुना गया। निर्वाचित होने पर कर्मचारियों ने उनका स्वागत कर बधाई दी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजीव यादव ने संगठन की मजबूती, कर्मचारियों के हितों और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर कार्य करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान पूर्व मंत्री कमलेश कुमार, अनूप कुमार, संजय कुमार, नफीस अहमद, राकेश कुमार, विजय सोनी, रविंद्र कुमार, देवेंद्र कुमार, अंगद सिंह, रामनरेश और समीर समेत तीन दर्जन से अधिक कर्मचारी मौजूद रहे।

### जलभराव से गुस्साए लोगों ने किया सड़क जाम



**महोबा।** महोबा में बीते 24 घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण लवकुशनगर तिराहे पर गंभीर जलभराव हो गया है। इससे गुस्साए स्थानीय निवासियों ने अंतरराज्यीय मार्ग जाम कर प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर सीओ सिटी, नायब तहसीलदार और नगर पालिका अधिशासी अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने आरोप लगाया कि करीब 300 घरों में गंदा पानी घुस गया है, जिससे उनकी गृहस्थी ठप हो गई है। उन्होंने बताया कि घरों में पानी भरने से चूल्हे डूब गए हैं और बच्चों को सुबह से भूखा रहना पड़ रहा है, क्योंकि खाना बनाने की जगह नहीं बची है। निवासियों ने नगर पालिका प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना था कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद जलभराव की समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। घरों में पानी भरने से कीड़े-मकोड़ों और बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। जाम की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने आक्रोशित नागरिकों को समझा-बुझाकर जल्द से जल्द जल निकासी का आश्वासन दिया। इसके बाद, जेसीबी मशीनों और सफाई कर्मियों की टीमों को तुरंत काम पर लगाया गया। बंद पड़े नालों और नालियों से कचरा हटाकर पानी की निकासी शुरू कराई गई।

### 135 क्वार्टर देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**बांदा।** मटौंध थाना पुलिस ने गश्त और चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर खैराडा गांव के सामने अर्धनिर्मित पुल के पास शहर कोतवाली क्षेत्र के तिंदवारी रोड स्थित ज्योति नगर निवासी सुशील पुत्र राजकुमार को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 135 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद हुई। आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज करने के बाद अभियुक्त को जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मटौंध थाना उपनिरीक्षक मणिशंकर मिश्र और कांस्टेबल पुष्पेंद्र कुमार शामिल रहे।

### महिला की सर्पदंश से मौत

**बांदा।** नरैनी कोतवाली क्षेत्र के पुंगरी गांव निवासी राजकुमारी (54) पत्नी रामनरेश उपध्याय को बुधवार की सुबह कमरे में सफाई करते समय सर्प ने दाहिने हाथ में डस लिया। सीएचसी नरैनी ने उसे गंभीर हालत में रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। वहां उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### जहर खाकर महिला ने जान दी

**बांदा।** शहर कोतवाली क्षेत्र के तिंदवारा गांव निवासी भूरी (65) ने मंगलवार की सुबह घरेलू बात से नाराज होकर जहर खा लिया। उसे रानी दुर्गावती मेंडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### कांग्रेस की 'चंदा चोरों-गद्दी छोड़ो' चौपाल बैठक आज से

**बांदा।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर में कथित चंदा चोरी में हुई गड़बड़ी उजागर करने को 27 अगस्त (गुरुवार) को 'चंदा चोरों-गद्दी छोड़ो चौपाल' आयोजित करेगी। कांग्रेस जिला महासचिव व मीडिया प्रभारी सत्य प्रकाश द्विवेदी ने बताया कि बड़ोखुर्द गांव में सुबह नौ बजे से दिलीप वर्मा की अध्यक्षता में चौपाल आयोजित होगी। 10 बजे से बरसड़ा खुर्द गांव में शिवमोहन, दोपहर 12 बजे घुरौंडा गांव में रविशंकर त्रिवेदी, दो बजे से जखनी गांव में शिवप्रसाद अनुरागी, चार बजे से महुआ गांव में बलराम सोनी की अध्यक्षता में 'चंदा चोरों-गद्दी छोड़ो चौपाल' आयोजित होगी। बताया कि सभी जगहों पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित रहेंगे।

# बारिश से मुख्य मार्ग पर घुटनों तक पानी लोदीपुर में धंसा 80 साल पुराना कुआं

- बरसों पुराना कुआं अचानक धंसा, बिवांर के पठकाना रोड पर भरा पानी

**समृद्धि न्यूज़, बिवांर (हमीरपुर)।**





लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश ने जनजीवन प्रभावित कर दिया है। कस्बा बिवांर के पठकाना मोहल्ले को जाने वाले मुख्य मार्ग पर घुटनों तक पानी भर गया है। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। मोहल्लेवासियों के मुताबिक हर वर्ष जलभराव की समस्या होती है और घरों में रखा अनाज व अन्य सामान खराब हो जाता है। लोगों ने बताया कि पठकाना और बंधी मोहल्ले के बीच स्थित पुराने कजिलिया तालाब का पानी निकासी न होने से रास्तों और घरों में भर जाता है। वहीं लोदीपुर गांव की हरिजन बस्ती में करीब 80 वर्ष पुराना कुआं भी बारिश के दौरान भरभराकर धंस गया। ग्रामीणों ने कुएं के पास से निकली सीसी सड़क के भी खोखली होने की बात कही है।

### तेज बारिश से कच्ची अटरिया गिरी, गृहस्थी का सामान मलबे में दबा



**सरीला (हमीरपुर)।** मंगलवार रात हुई तेज बारिश के चलते गोहांड कस्बा निवासी राजकुमार पुत्र अमरचंद राजपूत की कच्ची अटरिया भरभराकर गिर गई। अटरिया गिरने से उसमें रखा गृहस्थी का सामान मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गया। राजकुमार ने बताया कि बारिश के दौरान अचानक अटरिया गिर गई, जिससे उन्हें काफी नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी उन्होंने क्षेत्रीय लेखपाल को दी। लेखपाल सुधीर कुमार ने बताया कि अटरिया गिरने की सूचना मिली है। मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा और नुकसान का जायजा लेने के बाद नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# ब्रजभूषण दाऊ बने व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री



**राठ (हमीरपुर)।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने नगर के कोट बाजार निवासी बृजभूषण दाऊ को संगठन का प्रदेश मंत्री घोषित किया है। नई जिम्मेदारी मिलने पर व्यापारियों ने उनका फूल-माला पहनाकर स्वागत किया और मिठाई खिलाकर खुशी जताई।प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर बृजभूषण दाऊ ने कहा कि वह व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी जिम्मेदारी से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि व्यापारियों का किसी भी स्तर पर शोषण नहीं होने दिया जाएगा और उनके हितों के लिए संगठन के माध्यम से लगातार आवाज उठाई जाएगी।इस दौरान भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बृजेश गुप्ता, कोर कमेटी अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, महामंत्री कामेश गुप्ता, नगर अध्यक्ष गिरीश बुधौलिया सहित बड़ी संख्या में व्यापारियों ने दाऊ का स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

# स्वामी रोटीराम की तपस्थली में शिव परिवार की हुई स्थापना



**सुमेरपुर।** ब्रह्मलीन संत स्वामी रोटीराम महाराज की तपोस्थली इटरा टीला में बुधवार को जे के सीमेंट फैक्ट्री की ओर से विधि विधान पूर्वक शिव परिवार की स्थापना की गई। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इटरा टीला उत्तर भारत के ख्यातिलब्ध संत स्वामी रोटीराम महाराज की तपोस्थली के रूप में प्रसिद्ध है। उन्होंने इटरा गांव के समीप इस निर्जन स्थान पर स्थित टीले में बैठकर तक साधना की थी। इसी पावन स्थल पर जेके सीमेंट की ओर से शिव परिवार की स्थापना कराई गई। जुगल किशोर पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया। इस दौरान कंपनी के यूनिट हेड पंकज त्रिवेदी, मैनेजर अरुण कुमार दीक्षित, सुरेंद्र कुमार, अविनाश, अनिल पालीवाल, अजय पालीवाल एडवोकेट, डाक्टर पुनीत पालीवाल, अखिलेश तिवारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। पूजा-अर्चना के बाद आयोजित विशाल भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद गृहण किया।

# ईद मिलादुन्नबी पर मरीजों को बांटे फल

**समृद्धि न्यूज़, राठ (हमीरपुर)।**



ईद मिलादुन्नबी पर्व के अवसर पर बज़्मे तामीर सांस्कृतिक समिति की ओर से समाजसेवा की पहल की गई। संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों ने राठ के सरकारी अस्पताल, नव्या अस्पताल समेत नगर के विभिन्न चिकित्सालयों में पहुंचकर भर्ती मरीजों को फल वितरित किए। इस दौरान उन्होंने मरीजों का हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। संस्था के संस्थापक डॉ. जमील राठवी ने कहा कि पैगंबर मोहम्मद साहब ने आपसी भाईचारे, बीमारों की सेवा और जरूरतमंदों की मदद का संदेश दिया था। इन्हीं शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर संस्था सामाजिक एवं जनकल्याण के कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के विस्तार के साथ समाजसेवा भी संस्था की प्राथमिकता है। कार्यक्रम में अध्यक्ष शफीक मोहम्मद, उपाध्यक्ष साजिद खान, कोषाध्यक्ष मुन्नू अंसारी, मोहम्मद रिजवान, हाजी राशिद वारसी, मैराज अंसारी, नफासत उल्ला खान, खालिक मम्मा और सऊद बेग सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### ईद मिलादुन्नबी पर सरीला और गोहांड में निकला मोहम्मदिया जुलूस

**सरीला (हमीरपुर)।** पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिवस के अवसर पर ईद मिलादुन्नबी बारावफात का पर्व सरीला और गोहांड कस्बे में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। दोनों कस्बों में मोहम्मदिया जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। सरीला में जुलूस शाही मस्जिद से शुरू होकर वी-पार्क, मेन मार्केट सहित विभिन्न मार्गों से गुजरा। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने हाथों में हरे झंडे और मोहम्मदिया परचम थाम रखे थे। जगह-जगह जुलूस का स्वागत किया गया। गोहांड में भी सैकड़ों लोग जुलूस में शामिल हुए। सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। सीओ सहित जरिया थाना पुलिस बल तैनात रहा।

# तेज बारिश से मकान ढहा, बुजुर्ग दंपती की मौत, नातिन घायल

- मूसलाधार बारिश के बाद हुआ दर्दनाक हादसा

**समृद्धि न्यूज़, महोबा।**



जिले में हो रही मूसलाधार बारिश के कारण एक मकान ढह गया और मकान में सो रहा पूरा परिवार दब गया जिसने बुजुर्ग दम्पति की मौत हो गई जबकि उनकी नातिन दबकर गम्भीर रूप से घायल हो गई। जिले के श्रीनगर थाना क्षेत्र के सिजहरी गांव निवासी चतुर्भुज (70) वर्ष व उसकी पत्नी मन्नी देवी(68) वर्ष एक हिस्से में दो रहे थे और दूसरे हिस्से में पुत्र व बहू व नातिन सो रहे थे तभी अचानक तेज बारिश के कारण मकान भरभरा कर गिर गया है जिसमें पूरा परिवार दब गया है। जहां 5 साल की नातिन भी घायल हो हादसे के वक्त बुजुर्ग दंपति मकान के एक हिस्से में सो रहे थे और मलबे के नीचे दब गए।

मकान के दूसरे हिस्से में सो रहे उनके बेटे, बहू और 5 साल की नातिन बाल-बाल बच गए। हालांकि, मासूम बच्ची को मामूली चोटें आईं। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। लगातार बारिश के कारण इलाके में भीषण जलभराव हो गया था और नाले उफान पर थे। इस वजह से राहत बचाव के लिए बुलाई गई जेसीबी मशीन और एंबुलेंस घटनास्थल तक नहीं पहुंच सकीं। गरीबा ने बताया कि पानी बरसा है। मकान में बब्बा और बऊ रहते थे मकान के बगल वाले हिस्से में बेटा बहु लेटे थे तभी मकान गिर गया। जिससे उसमें दोनों बुजुर्ग दंपति दब गए और बच्ची को चोटें आई है। उन्हें निकालने के लिए जेसीबी पहुंचाई गई लेकिन जलभराव के कारण जेसीबी नहीं पहुंच पाई। लोगों ने फिर हाथों से मलवा जैसे तैसे हटाया तब उनके हाथ पांव दिखाई दिए। पुलिस पहुंची और मलबे में दबे बुजुर्गों को निकालने में मदद की है। बारिश इतनी ज्यादा है कि वाहन तक वहां से नहीं निकल पा रहे है। डॉक्टर दीपक ने बताया कि दो लोगों को उनके परिजनों, पुलिस द्वारा एंबुलेस से लाया गया है। उन्होंने बताया मलबे में दबने के कारण दो लोगों की मौत हुई है। डॉक्टरी परीक्षण के बाद दोनों को मृत घोषित कर बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया गया है इस हादसे में बताया गया कि एक बच्ची भी घायल हुई है जो घर में ही है। पुलिस जवानों और ग्रामीणों ने मिलकर हाथों से मलबा हटाना शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद दोनों बुजुर्गों को बाहर निकाला गया। उन्हें एंबुलेंस से महोबा जिला अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद दोनों पति-पत्नी को मृत घोषित कर दिया और शवों को मोर्चरी में रखवा दिया।

### नौ माह की गर्भवती विवाहिता की मौत



**महोबा।** एक गर्भवती महिला अचानक हालत बिगड़ने से अस्पताल में मौत हो गई मायके पक्ष के लोगों ने प्रताड़ना के आरोप लगा ससुराल वालो पर कार्यवाही की मांग को है पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना खरेला क्षेत्र के बारी गांव निवासी 25 वर्षीय नेहा की नौ माह की गर्भावस्था के दौरान इलाज के लिए ले जाते समय मौत हो गई। नेहा का मायका थाना चरखारी क्षेत्र के महराजपुर गांव में है। उसकी शादी नवंबर 2025 में बारी गांव निवासी पुष्पेंद्र पुत्र प्रकाश के साथ हुई थी। परिजनों के अनुसार 25 अगस्त को अचानक नेहा की हालत बिगड़ गई। ससुराल वाले उसे इलाज के लिए महोबा अस्पताल लेकर पहुंचे। गंभीर हालत होने पर चिकित्सकों ने उसे बांदा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां से कानपुर रेफर किए जाने के बाद ससुराल वाले उसे कानपुर ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। मृतका के भाई का आरोप है कि शादी में पर्याप्त व्यवस्था न होने को लेकर पति, देवर और ससुर आए दिन नेहा को ताने देते थे, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान रहती थी। भाई ने यह भी आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष ने उसकी बहन को प्रताड़ित किया। हालांकि, इलाज के लिए ससुराल वालों द्वारा अस्पताल ले जाने की बात भी सामने आई है। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### ईद मिलादुन्नबी पर शहर में शानो शौकत से निकला जुलूसे मोहम्मदी



**बांदा।** इस्लाम के संस्थापक पैगंबर हजरत मोहम्मद का यौमे विलादत (जन्मदिन) को जोश-खरोश से मनाया गया। मुख्य आयोजन बांदा शहर में निकला जुलूसे मोहम्मदी रहा। सौहार्द और कौमी एकता की परंपरा को बरकरार रखते हुए आयोजन हुए। ग्रामीण क्षेत्रों में भी जोश के साथ जुलूसे मोहम्मदी निकाले गए। पूर्व संध्या पर ही शहर के मुस्लिम इलाकों में बिजली की रंगीन सजावट की गई थी। बुधवार को दोपहर शहर के विभिन्न मोहल्लों के जुलूस कालवनगंज कोतवाली रोड स्थित खानकाह दरगाह (छिपटहरी) के सामने इकट्ठा हुए। दोपहर बाद सरपरस्त मुमताज अली, डा.शोएब, इमरान अली राजू, अध्यक्ष अयूब खान, नायब सदर वहीद नेता, कामिल मसूदी, सुभान अली, हाजी आरिफखान, मकबूल अहमद, मौलाना अहमद रजा, इरशाद खान, शब्बीर खान जुगनू, रशीद आतिशबाज, बाबू, मौला बक्स, सलीम खान ने कालवान गंज स्थित बनाए गए मंच से झंडी दिखाकर जुलूसे मोहम्मदी को रवाना किया। छिपटहरी, मर्दन नाका, कुंजरहटी, मनोहरीगंज, छावनी, गूलरनाका, अलीगंज और अमर टाकीज तिराहा आदि सड़कों से जुलूस गुजरा। इसी तरह अतर्रा, नरैनी, पैलानी, बदौसा, बबेरू समेत सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बारावफात का जुलूस धूमधाम से निकाला गया। चिल्ला, सादीमदनपुर, गौसीपुर, शादीपुर, लौमर आदि गांवों व कस्बों में जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर जुलूस निकाला गया। इस मौके पर पूर्व प्रधान शमशाद अहमद, अंसार अहमद, सुहैल फारूकी, जावेद अहमद, मुशीर अहमद, आफताब अहमद, मोहम्मद अनस, मोहम्मद यासिर, मदन गुप्ता, अनिल गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# कच्ची दीवार गिरने से मलबे में दबकर पिता-मासूम पुत्री की मौत

- मृतक की पत्नी और दूसरी बेटी गंभीर घायल
- विधायक व पूर्व मंत्री ने परिजनों को दिया मदद का भरोसा

**समृद्धि न्यूज़, बबेरू, बांदा।**



जिले में लगातार हो रही बारिश के चलते जलभराव के साथ अब मकान गिरने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। कोतवाली क्षेत्र के तरायां गांव में आधी रात को पड़ोसी के मकान की कच्ची दीवार भरभरा कर ढहने से मलबे में दबकर पिता और मासूम पुत्री की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि मृतक की पत्नी और दूसरी पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल मां-बेटी का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। कोतवाली क्षेत्र के तरायां गांव में बुधवार रात करीब दो बजे पड़ोसी रामदास के मकान की मिट्टी की दीवार राजेश सिंह के घर की नौ इंची पक्की दीवार पर दबाव पड़ते ही भरभराकर ढह गई। घर में सो रहे राजेश सिंह गौर (40) पुत्र सुघर सिंह, उसकी पत्नी सावित्री देवी (35) और दो पुत्रियां लक्ष्मी (3) व छह माह की रश्मि मलबे में दब गई। दीवार गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद मलबा हटाकर चारों को बाहर निकाला। आनन-फानन सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बुधवार सुबह उपचार के दौरान राजेश सिंह और उसकी छह माह की पुत्री रश्मि की मौत हो गई। जबकि मृतक की पत्नी और दूसरी पुत्री की हालत गंभीर बनी हुई है। घायल मां-बेटी का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। मृतक के भाई फूल सिंह ने बताया कि राजेश सिंह किसानी करता था। सूचना पर बबेरू कोतवाली पुलिस के साथ क्षेत्रीय विधायक विशंभर सिंह यादव, पूर्व मंत्री शिवशंकर पटेल व जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया। बबेरु कोतवाली प्रभारी संजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि दीवार गिरने की घटना की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अधिवक्ता का पक्का घर हुआ जमींदोज

नरैनी तहसील क्षेत्र के पनगरा गांव निवासी अधिवक्ता राजकुमार त्रिपाठी का पक्का मकान जलभराव के चलते भरभराकर जमींदोज हो गया। अधिवक्ता ने बताया कि मकान के पीछे खेतों में जल भराव के कारण उनका पक्का मकान और टिन शेड गिर गया है। घटना के समय परिवार के लोग दूसरे घर पर थे। लगभग तीन लाख रुपये से अधिक का नुकसान बताया है। घटना की सूचना लेखपाल को दी गई है।

# लगातार बारिश से गरौठा क्षेत्र में खरीफ फसलें प्रभावित, किसानों ने विधायक से लगाई गुहार

**समृद्धि न्यूज़, गरौठा, झांसी।**



तहसील क्षेत्र में पिछले चार-पांच दिनों से हो रही लगातार मूसलाधार बारिश के कारण खरीफ की फैसले बर्बाद होने की कगार पर है खेतों में पानी भर जाने से मूंगफली उड़द, तिल मूंग और सोयाबीन जैसी फसले प्रभावित हुई है किसानों ने प्रशासन से तत्काल सर्वे कराकर मुआवजे की मांग की है गरौठा तहसील के ग्राम एवनी, मारकुआं, इमलौटा, बरोटा, शहपुरा, गुढा, खेरी खडौरा, पुछी लिधौरा, चतुरताई केदारताई सहित आसपास के क्षेत्र में खेत पूरी तरह से जलमग्न हो गये है लगभग एक सप्ताह से अधिक समय से जारी बारिश ने फसलों को डुबो दिया है जिससे किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है ग्राम एवनी के लक्ष्मी प्रसाद राजपूत, निर्भाल राजपूत, लखन राजपूत, सतीश, अरविंद कुशवाहा, जमुना कुशवाहा, चिल्मल, बलिस्टर, बंसी, लट्टू नन्ना सोनू राजपूत, पप्पू, सुरेंद्र सिंह, सुनील, पुष्पेंद्र सिंह, रामगोपाल, नरेश कमल कांत सहित कई किसानों ने क्षेत्रीय विधायक जवाहरलाल राजपूत को स्थिति से अवगत कराया विधायक ने किसानों को शीघ्र प्रशासन से प्लाट टू प्लांट सर्वे कराने का आश्वासन दिया है किसानों ने बताया कि पिछले वर्ष भी भारी बारिश के कारण उनके फसलें नष्ट हो गई थी इस वर्ष भी वैसा ही स्थिति बनने से किसान चिंतित है पानी लगातार बरस रहा है और रुकने का नाम नहीं ले रहा है जिससे उनकी चिंता और बढ़ गई है।

### बारिश से फसलें व आशियाने तबाह, सुध लेने नहीं पहुंचा कोई

**गुरसरांय(झांसी)।** बुंदेलखंड के झांसी जनपद के अंतर्गत गरौठा तहसील के गाँवों में मूसलाधार बारिश ने ऐसी तबाही मचाई है कि ग्रामीणों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। लगातार दिन-रात हो रही भारी बारिश से जहाँ खरीफ की फसलें पूरी तरह सड़ चुकी हैं और कच्चे मकान जमींदोज हो गए हैं,वहीं आपदा के बाद भी अब तक कोई लेखपाल या राजस्व अधिकारी गाँवों में नुकसान का जायजा लेने नहीं पहुँचा है।बर्बादी के आंसू रो रहे किसान,फसलें पूरी तरह नष्ट खेत बने तालाब लगातार हो रही मूसलाधार वर्षा के कारण खेतों में पानी जमा हो गया है,जिससे उड़द,तिल और मूंगफली जैसी खरीफ फसलें गलकर नष्ट हो गई हैं।लागत भी डूबी बीज,खाद और जुताई में हजारों रुपये लगाने वाले किसानों की सालभर की मेहनत इस जलभराव की भेंट चढ़ गई है।आशियाने हुए जमींदोज,मलबे में तब्दील हुए घर कच्चे मकान ढहे मूसलाधार बारिश के थपेड़ों को कच्चे मकान झेल नहीं पाए और भरभरा कर गिर गए। ग्रामीणों और किसान नेता हरनारायण सिंह घोष का आरोप है कि इतनी बड़ी आपदा आने के बावजूद तहसील प्रशासन सोया हुआ है। गाँवों में आज तक कोई लेखपाल या अन्य जिम्मेदार अधिकारी मुआयना करने नहीं आया।मुआवजे पर संकट बिना सरकारी सर्वे के ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की सरकारी राहत या मुआवजा मिलना नामुमकिन लग रहा है,जिससे पीड़ित परिवारों और किसानों की चिंता और अधिक बढ़ गई है।

# शहरों और कस्बों में जुलूस-ए-मोहम्मदी का किया आयोजन



**झांसी।** पैगंबर मोहम्मद साहब के यौम-ए-पैदाइश (ईद-मिलादुन्नबी) के मौके पर गुरसराय जमा मस्जिद से शहरों और कस्बों में जुलूस-ए-मोहम्मदी का आयोजन किया गया। अकीदतमंदों ने हाथों में हरेफ झंडे लेकर सरकार की आमद मरहबा के नारों के साथ जुलूस निकाला। थाने की पुलिया पर गुरसराय यूथ करेज फाउंडेशन के द्वारा स्वागत किया गया जग जग जुलूस मोहम्मदी का स्वागत किया गया। प्रमुख मार्ग कटरा बाजार होते हुए मोदी चौराहा पर राईन समाज के द्वारा स्वागत किया गया रंग-बिरंगी लाइटों, गुब्बारों और बैनरों से सजावट की गई। जुलूस के रास्तों पर अकीदतमंदों के लिए पानी, शरबत, फल इंतजाम किया गया। जुलूस में शामिल उलेमा और समाज के गणमान्य लोगों ने आपसी भाईचारे, इंसानियत और अमन-शांति का संदेश दिया। इस मौके पर शहाबुद्दीन सिद्दीकी सदर पिसयीमाम युवा समाजसेवी गुरसराय यूथ करेज फाउंडेशन के उपाध्यक्ष अख्तर राईन अकीक सिद्दीकी खान मुमताज मंसूरी नजीर राईन माते शरीफ राईन कैलाश कुशवाहा पार्षद फरदीन खान राजा खान निजाम खान मिस्त्री आमिर अली तमाम लोग मौजूद रहे। सुरक्षा और यातायात व्यवस्था प्रशासन की ओर से जुलूस के रास्तों पर कड़े सुरक्षा इंतजाम रहे। भीड़ को देखते हुए प्रमुख रास्तों पर ट्रैफिक डायवर्जन किया गया, जिससे आवाजाही सुचारू रूप से चलती रही। सभी जगहों पर जुलूस शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से संपन्न हुआ।

**सूचना**

मैंने व मेरी पत्नी ने अपने सबसे बड़े पुत्र वद्रीश प्रजापति के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **राजकुमार प्रजापति पुत्र रामसनेही प्रजापति व आरती चक्रवर्ती पत्नी राजकुमार प्रजापति निवासीगण बेवर रोड धन्सुआ, पो0 सेन्ट्रल, कोतवाली फतेहगढ़, फर्रुखाबाद।**

# विपक्ष मुद्दाविहीन,सरकार रख रही सबका ख्याल

- खाद्य रसद मंत्री ने किया बुजुर्ग महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा का ऐलान

**समृद्धि न्यूज,सुल्तानपुर।**



कलेक्ट्रेट सभागार में मीडिया से मुखातिब कैबिनेट मंत्री डॉ मनोज पांडेय

बुधवार को प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने कहा कि विपक्ष मुद्दाविहीन है।

सरकार हर वर्ग का ख्याल रख रही है। मंत्री ने घोषणा की कि 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र की महिलाओं को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा दी जाएगी। इसके लिए वोटर आईडी या आधार कार्ड मान्य होगा। महिलाएं तीर्थयात्रा, दर्शन और अन्य जरूरी कार्यों के लिए प्रदेश में रोडवेज बसों से यात्रा कर सकेंगी। मंत्री ने कानून व्यवस्था में सुधार का दावा करते हुए कहा कि मजबूत कानून व्यवस्था से रोजगार, उद्योग और व्यापार को बढ़ावा मिला है।उन्होंने बताया कि केंद्र और प्रदेश सरकार की खाद्यान्न योजना के तहत प्रदेश में करीब 17 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। राशन दुकानों और अन्नपूर्णा भवनों के कोटेदारों के लाभांश में भी वृद्धि की गई है।जल्द ही राशन की दुकानों पर लाभार्थियों के बैठने के लिए कुर्सियां, ठंडा पानी तथा गुड़-पेठा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए बजट का प्रावधान किया गया है।चीनी के बढ़े रेट पर उन्होंने कहा कि जमाखोरों द्वारा स्टॉक करने से चीनी के रेट में बढ़ोत्तरी हुई है।सरकार लगातार जमाखोरों पर कार्यवाही कर रही है। जल्द ही चीनी के दाम सामान्य होंगे। इस मौके पर एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह,सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय,डीएम इंद्रजीत सिंह,सीडीओ विनय कुमार सिंह मौजूद रहे।

## हाईकोर्ट बार एसो.चुनाव पर मतदान 17 सितंबर को

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव का ऐलान कर दिया गया है। इस बार 28 के बजाय 30 पदों के लिए मतदान होगा। अध्यक्ष और वरिष्ठ उपाध्यक्ष के एक-एक पदों के लिए मतदान किया जायेगा। सीनियर एडवोकेट एसएफए नकवी को चीफ रिटर्निंग ऑफिसर बनाया गया है। अन्य पांच रिटर्निंग ऑफिसर बनाए गए है। सीनियर एडवोकेट एसएफए नकवी की अगुवाई में एडवोकेट वशिष्ठ तिवारी, एडवोकेट जेबी सिंह, एडवोकेट राजकुमार शुक्ला, एडवोकेट लक्ष्मीकांत मिश्रा और एडवोकेट अनुभव शुक्ला सितंबर की छह सदस्यीय टीम चुनाव सम्पन्न कराएगी। 29 अगस्त से 1 सितंबर तक नामांकन फार्म जमा हो सकेंगे। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में कुल 11485 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## कच्ची दीवाल ढहने से पत्नी घायल,पति की मौत


फाइल फोटो मृतक संतराम

**समृद्धि न्यूज,सुल्तानपुर।** घर के बाहर कच्ची दीवाल पर बनी टीन शेड के नीचे सो रहे वृद्ध दम्पति भारी बरसात में दीवाल गिरने से घायल हो गए।गंभीर हालत में इलाज के लिए दोनों को जिला मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां इलाज के दौरान पति की मौत हो गई। पत्नी को गम्भीर हालत में चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। मामला धम्मौर थाना क्षेत्र अकारीपुर गांव से जुड़ा है।जहां गांव निवासी संतराम( 70 )पुत्र हेलइ व उनकी पत्नी अमरावती ( 65 )मंगलवार रात को घर के बाहर कच्ची दीवाल पर बने टीन शेड के नीचे सो रहे थे। आधी रात को बारिश के चलते दीवाल भरभरा कर गिर गई।दीवाल गिरने से वृद्ध पति पत्नी घायल हो गए। गंभीर हालत में परिजन दोनों को लेकर इलाज के लिए जिला मेडिकल कालेज पहुंचे। जहां इलाज के दौरान संतराम की मौत हो गई। तथा उनकी पत्नी अमरावती को बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। मृतक के परिजनों की सूचना पर पहुंची नगर कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा करके मर्चरी भेज दिया। मृतक के चार बेटे अजय कुमार,अमरजीत,अच्छेलाल व अमित है।घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है।नगर कोतवाल सुरेश नारायण मिश्रा ने बताया कि शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## धूमधाम से मनाया गया जश्ने -ए-ईद मिलादुन्नबी

**समृद्धि न्यूज़,प्रयागराज।** रबीउल अव्वल को ईशा की नमाज के बाद जश्न -ए ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला गया। बड़ी तादाद में लोग इसमें शामिल हुए लोगों के हाथो में इस्लामी झंडा था झंडे पर कलम और आई लव मोहम्मद लिखा हुआ था, तिरंगा झंडा भी साथ चल रहा था। नौजवानो मे जोश भरे हुए थे जुलूस में मक्का मदीना कर्बला दुनिया भर की खूबसूरत मस्जिद का मॉडल बनाकर साथ चल रहे थे। हुजूर की शान में नात शरीफ दरूद शरीफ पढ़ते हुए चल रहे थे। करेली अटाला रसूलपुर, अकबरपुर बैगन टोला, रोशन बाग शाहगंज पत्थर गली, दरियाबाद, बहादुरगंज से लगभग सौ जुलूस निकाले गए मस्जिदे और सडके रात भर गुलजार थी। थोड़ी-थोड़ी दूर पर मंच बनाए गए थे जो जुलूस को इनाम देकर उनकी हौसला अफजाई कर रहे थे। यह सिलसिला सुबह तक चलता रहा। पुलिस प्रशासन की तरफ से सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद थी।

# राष्ट्र की सुरक्षा व अमन-चैन बड़ी जिम्मेदारी: ताहिर खां

**समृद्धि न्यूज, कुड़वार सुल्तानपुर।**


कुड़वार में कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक इसौली मो ताहिर खान

ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर बुधवार को कुड़वार कस्बे में प्रभात फेरी निकाली गई। इसके बाद जामा मस्जिद के पास जलसे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इसौली विधायक ताहिर खां शामिल हुए। उन्होंने देश में अमन-चैन और आपसी भाईचारे के लिए दुआ की तथा लोगों से पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब के बताए मार्ग पर चलने की अपील की।

जलसे को संबोधित करते हुए विधायक ताहिर खां ने कहा कि भारत की सुरक्षा, शांति और आपसी सहयोग हम सभी की पहली जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी और उसकी सुरक्षा के लिए सभी वर्गों के लोगों ने मिलकर कुर्बानियां दी हैं। राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए समाज में आपसी सौहार्द और भाईचारा बनाए रखना जरूरी है।उन्होंने कहा कि 12 रबीउल अव्वल को पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब की पैदाइश हुई थी। ईद मिलादुन्नबी उनके जन्मदिवस की खुशी और उनके बताए इंसानियत, भाईचारे तथा जरूरतमंदों की मदद के संदेश को याद करने का अवसर है। उन्होंने लोगों से दीन-दुखियों की मदद कर उनके जीवन में खुशियां लाने का आह्वान किया।जलसे के दौरान लोगों ने देश में शांति, समृद्धि और आपसी सद्भाव के लिए दुआ की। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**समृद्धि न्यूज,सुल्तानपुर।**

भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर बुधवार को सुल्तानपुर क्राफ्ट समिति की ओर से पंडित रामनरेश त्रिपाठी सभागार, नगर पालिका परिषद में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री खाद एवं रसद विभाग डॉ. मनोज कुमार पांडेय शामिल हुए। सदर विधायक राज बाबू उपाध्याय और विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि सहित जनप्रतिनिधियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉ. इंद्रजीत सिंह और मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह में अंतरराष्ट्रीय भजन एवं लोक गायक दीनबंधु सिंह ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर लोगों को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता मनोज कुमार सिंह, शशांक शेखर सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, मदन भैया,कूरेभार ब्लॉक प्रमुख नवनीत सिंह सोनू, पूर्व ब्लॉक प्रमुख जयसिंहपुर उमेश सिंह, गन्ना विकास समिति अध्यक्ष शिवपाल सिंह गांधी, जनता दल सेकुलर के प्रदेश अध्यक्ष ओंकार सिंह और सभासद रेनू सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रीति प्रकाश ने किया। आयोजन को सफल बनाने में संयोजक राजेश कुमार सिंह सहित समिति के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा।

# एसपी ने शाहगंज क्षेत्र में परखी सुरक्षा व्यवस्था

**पुलिस प्रशासन ने लोगों से त्योहारों को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की**

**समृद्धि न्यूज,सुल्तानपुर।**



बारावफात एवं आगामी त्योहारों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बुधवार को थाना कोतवाली नगर के शाहगंज चौकी क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार गश्त के साथ ड्रोन कैमरे और सोशल मीडिया के माध्यम से भी निगरानी की जा रही है। इसके अलावा शांति समितियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाले अराजक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। ऐसे तत्वों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने लोगों से त्योहारों को आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की है। इस मौके पर सीओ सिटी राघवेंद्र सिंह ,नगर कोतवाल सुरेश नारायण मिश्रा सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# खबरें एक नजर में

## ट्रक से लटका मिला ड्राइवर का शव,जांच में जुटी पुलिस

**सुल्तानपुर।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के अरवल किरी गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बुधवार सुबह ट्रक से एक युवक का शव लटका मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने मॉर्निंग वॉक के दौरान 129 माइलस्टोन के पास रस्सी के सहारे शव लटका देखा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। गोसाईगंज थाना प्रभारी अखंड देव मिश्रा और भटमई चौकी प्रभारी सुनील सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मौके का निरीक्षण करने के साथ फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई की गई।मृतक की पहचान ओमप्रकाश( 43 ) पुत्र देवी दास, निवासी शीला पोस्ट रेअसी, जम्मू-कश्मीर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार संबंधित ट्रक गाजीपुर से लखनऊ की ओर जा रहा था। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है।थाना प्रभारी ने बताया कि युवक की मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। पुलिस घटनाक्रम की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत थाना कोतवाली देहात पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) आलोक कुमार व क्षेत्राधिकारी नगर आशुतोष मिश्रा के पर्यवेक्षण और थाना प्रभारी पुष्पराज सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अखिलेश प्रताप, कांस्टेबल रविप्रकाश यादव व कांस्टेबल विकास जायसवाल की टीम ने मुखबिर की सूचना पर गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त बांकेलाल उर्फ रमेश कुमार (27 वर्ष) पुत्र स्व. मेवालाल (निवासी ग्राम कादीपुर पूरे हीरावन) को खरहर बॉर्डर, घाटमपुर पिडियन का पुरवा के पास से गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया अभियुक्त थाना कोतवाली देहात पर दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 233/2026 धारा 2/3 यूपी गैंगस्टर एक्ट में काफी समय से वांछित चल रहा था। इसके अलावा उस पर पूर्व में भी हत्या व अपहरण जैसी गंभीर धाराओं (मु.अ.सं. 231/2025) के तहत मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया है।

## 16 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत

**महराजगंज, रायबरेली।** नैया नाले में नहाने गए 16 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत हो गई। किशोर के डूबने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद किशोर को पानी से बाहर निकाला। और उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक किशोर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना चंदापुर थाना क्षेत्र के पहरेमऊ गांव के पास नैया नाले की है। थाना क्षेत्र के पहरेमऊ गांव निवासी प्रेमचंद का 16 वर्षीय बेटा बबलू गांव के तीन चार लड़कों के साथ बुधवार को अपराह्न करीब डेढ़ बजे नैया नाले में नहाने गया था। गौरतलब है कि बारिश के बाद नैया नाला उफान पर है। नहाते समय बबलू गहरे पानी में जाने से डूब गया। बबलू के डूबते ही साथ नहाने गए लड़कों की चीख-पुकार सुनकर खेत में काम कर रहे ग्रामीणों की सूचना पर परिजन व आस पास के गांवों के ग्रामीण तथा चंदापुर थानाध्यक्ष अरविंद सिंह भी मौके पर पुलिस के जवानों के साथ पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से नैया नाले में डूबे किशोर को ढूंढ़ निकाला और उसे आनन फानन सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद बबलू को मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने मृतक किशोर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं बबलू की असमय मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# कटरा मेदनीगंज प्रा. विद्यालय में वार्ड स्तरीय संवाद सम्पन्न



- कार्यक्रम में सहायक अध्यापकों के प्रश्नों पर हुआ संवाद
- तिरंगे गुब्बारों से सजाया गया था विद्यालय परिसर

**समृद्धि न्यूज, कटरा मेदनीगंज-प्रतापगढ़।**

अजगरा महान संवाद 2026भारतीय संवाद, तर्क, प्रश्न और नैतिक चिंतन की जीवंत परम्परा को पुनः स्थापित करने के उद्देश्य से अजगरा महान संवाद-2026 के अंतर्गत आज 26 अगस्त 2026 को नगर पंचायत कटरा मेदनीगंज के प्राथमिक विद्यालय में वार्ड स्तरीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सहायक अध्यापकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों पर सार्थक संवाद हुआ।

संवाद में सहायक अध्यापक शिव कुमार पाण्डेय, अरविंद कुमार, इन्द्रसेन कुमार, जितेंद्र प्रताप सिंह, अजीत पटेल, यादव मीरा देवी, खुशबू पाण्डेय एवं सरिता देवी ने अपने-अपने प्रश्न रखे और प्रतिभागियों के साथ ज्ञान की परम्परा पर चर्चा की। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत के गणमान्य लोग मौजूद रहे और उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय परिसर को तिरंगे गुब्बारों से सजाया गया था। बैनर पर ज्ञान की परम्परा, संवाद की संस्कृति, मानवता का मार्ग का संदेश आकर्षण का केंद्र रहा।

## पुण्यतिथि पर बस्ती मे बांटी गई खाद्य सामग्री




**रायबरेली।** कांग्रेस सेवादल के संस्थापक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डा.नारायण सुब्बाराव हॉर्डिकर की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष कल्याणचन्द्र श्रीवास्तव ने डा.नारायण सुब्बाराव हार्डिकर को महान स्वतंत्रता सेनानी बताते हुए कहा कि हार्डिकर ने स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में हिन्दोस्तान सेवादल की स्थापना की जो आगे चलकर कांग्रेस सेवादल के नाम से प्रसिद्ध हुआ। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद वर्ष 1952 में हार्डिकर को राज्यसभा का सदस्य चुना गया। उनकी समाज सेवा को देखते हुए उन्हें 1958 में पद्मभूषण से सम्मानित किया गया। इस मोके पर शिवगढ़ ब्लाक के गूढ़ा गांव की गरीब बस्ती में बिस्कुट व अन्य सामानों का वितरण किया गया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, अनीता श्रीवास, राम सुमिरन, विवेकानंद चौरसिया, प्रवक्ता महताब आलम, विजयशंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ला, राजकुमार दीक्षित, राहुल बाजपेई, आशीष द्विवेदी, अशोक द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

## मलिकपुर सरैया प्रा. विद्यालय बदहाली का शिकार

**बछरावां,रायबरेली।** एक तरफप्रदेश सरकार शिक्षण संस्थानों को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रही है वहीं प्राथमिक विद्यालय उपेक्षा का शिकार बने हुए हैं। बताते चले की मलिकपुर सरैया में प्राथमिक विद्यालय बदहाली का शिकार है। जल निकासी की बेहतर व्यवस्था न होने के चलते छोटे-छोटे बच्चों को विद्यालय तक पहुंचने में भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। वर्तमान समय में जल भराव के चलते जहरीले जंतुओं का भी भय बना हुआ है। अभिभावक मजबूरन शिक्षण हेतु विद्यालय में छोटे-छोटे बच्चों को भेज कर शिक्षण कार्य कर रहे हैं। प्राथमिक विद्यालय का यह एक नया मामला नहीं है। बछरावां ब्लॉक स्थित ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादातर विद्यालयों में झाड़ झंकार में विद्यालयों को घेर रखा है जबकि प्रत्येक वर्ष विद्यालय की साफ-सफाई हेतु सरकार द्वारा कुछ ना कुछ धन मुहैया कराया जाता है। कुछ विद्यालयों में ग्राम प्रधानों के माध्यम से साफ-सफाई कराई जाती है।

# खम्भे मे लगे मीटर में लगी आग, घटना सीसीटीवी में कैद

- चूरूवा चौराहे पर मची अफरा-तफरी, लाइनमैन ने पाया काबू

**समृद्धि न्यूज,बछरावां रायबरेली।**

थाना क्षेत्र के चूरूवा चौराहे पर विद्युत विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। बनी मार्केट के ठीक बिल्डिंग से सटे ट्रांसफार्मर के नीचे लगे मीटर बॉक्स में अचानक आग लग गई।

पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। आग लगते ही बाजार में अफरातफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोपहर में मीटर से चिंगारी निकली और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। दुकानदार और ग्राहक दहशत में आकर इधर-उधर भागने लगे। सूचना पर पहुंचे लाइनमैन ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। मकान मालिक श्यामलाल शुक्ला का आरोप है कि ट्रांसफार्मर और खुले मीटर को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

गनीमत रही कि आग इमारत तक नहीं पहुंची, वरना बड़ा नुकसान हो सकता था। स्थानीय व्यापारियों ने बाजार क्षेत्र में लगे जर्जर ट्रांसफार्मर और लटकते तारों को तत्काल दुरुस्त कराने की मांग की है।

## किशोरी से दुष्कर्म, बाल अपचारी के खिलाफ केस

**प्रतापगढ़।** किशोरी के साथ दुष्कर्म को लेकर लालगंज पुलिस ने आरोपी बाल अपचारी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बाल अपचारी को पूछताछ के लिए कोतवाली ले आयी है। लालगंज कोतवाली के एक गांव में बीती बीस अगस्त की शाम बाल अपचारी द्वारा घर में ही किशोरी के साथ दुष्कर्म की वारदात अंजाम दी गयी। गांव में घटना को लेकर बाल अपचारी द्वारा रिश्ते को लेकर कलंकित करने की भी चर्चा देखी सुनी गयी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाल अपचारी के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, आरोपी बाल अपचारी को सक्षम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

# शीतला धाम से लौट रही छात्रा को अगवाकर की छेड़छाड़

**समृद्धि न्यूज, कटरा मेदनीगंज-प्रतापगढ़।**



कोतवाली नगर थाना क्षेत्र में मां शीतला देवी धाम से दर्शन कर घर लौट रही 8वीं कक्षा की एक छात्रा को बिना नंबर की किया कार (एक्सयूवी) सवार मनबढ़ ने अगवा कर लिया और एटीएल ग्राउंड ले जाकर उसके साथ छेड़छाड़ की। हालांकि, एक राहगीर की सूझबूझ और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से आरोपी को मौके से ही गिरफ्तार कर पीड़िता को सुरक्षित बचा लिया गया।

पीड़िता के पिता द्वारा थाने में दर्ज कराई गई तहरीर के अनुसार, उनकी पुत्री मंगलवार शाम करीब 5 बजे कटरा मेदनीगंज स्थित मां शीतला देवी धाम से दर्शन करने के बाद घर लौटने के लिए वाहन का इंतजार कर रही थी। इसी बीच एक बिना नंबर की कार आकर रुकी और चालक ने छात्रा से कहा कि वह उसके पिता को अच्छी तरह जानता है, फिर झांसा देकर और जबरदस्ती कर उसे कार की अगली सीट पर बैठा लिया। आरोपी छात्रा को सीधे एटीएल ग्राउंड ले गया और वहां गाड़ी खड़ी करके उसके साथ जबरन अश्लील हरकतें व छेड़छाड़ करने लगा। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक युवक की नजर कार के अंदर हो रही संदिग्ध गतिविधियों पर पड़ी और पास पहुंचने पर उसने छात्रा को पहचान लिया। टोकने पर आरोपी घबराकर गाड़ी लेकर भागने लगा, जिस पर राहगीर ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत छात्रा के पिता को फोन कर सूचना दी और लगातार गाड़ी का पीछा करते हुए लोकेशन शेयर करता रहा। पिता की सूचना पर पहुंची कोतवाली नगर पुलिस ने तुरंत घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया और छात्रा को सकुशल उसके परिजनों को सौंपा। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# रानी पद्मावती का जौहर हर भारतीय के लिए प्रेरणा

**समृद्धि न्यूज, कटरा रानीगंज-प्रतापगढ़।**



केपी सिंह हाई स्कूल, कसेरुआ चौवनगढ़ में भारतीय क्षत्रिय कल्याण संस्था द्वारा जौहर दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सहायक जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. महेश सिंह वत्स ने कहा कि 26 अगस्त 1303 को महारानी पद्मावती ने 16 हजार वीरांगनाओं के साथ अलाउद्दीन खिलजी से सतीत्व और सनातन धर्म की रक्षा हेतु अग्निकुंड में जौहर किया था, जिसे हर भारतीय सदैव याद रखेगा। विशिष्ट अतिथि अनिल त्रिपाठी, भाजपा गौरा मंडल अध्यक्ष बृजेश पटेल और रानीगंज मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कार्यक्रम आयोजक लव सिंह गहलौत (एडवोकेट) के इस प्रेरणादायक प्रयास की सराहना की। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश बहादुर सिंह वत्स ने सामाजिक आयोजनों को जरूरी बताया। आयोजक लव सिंह गहलौत ने 1303, 1535 और 1568 के ऐतिहासिक जौहर की वीरांगनाओं को नमन करते हुए सभी का आभार जताया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा रानी पद्मावती के जौहर पर प्रस्तुत भावुक नाटक, वीरता नृत्य और गीत देखकर अभिभावकों की आंखें नम हो गईं। पूर्व जिला पंचायत सदस्य लल्लन सिंह परिहार की अध्यक्षता और प्रधानाचार्य राम आसरे मिश्र के संचालन में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में संजू सरोज, शिवसागर शुक्ल, जयनाथ सिंह, विजय सिंह राठौर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और महिलाएं उपस्थित रहीं।

## विशाल भंडारे का आयोजन

**रायबरेली।** ओम शिव शक्ति मानव सेवा मंडल शाखा गंगागंज के द्वारा श्रावण मास के पावन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। उक्त भंडारे में बाबा अमरनाथ बर्फानी की भव्य झांकी सजाई गई। मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित संस्थापक अध्यक्ष राजेंद्र अवस्थी के द्वारा आरती पूजन के साथ भंडारे का शुभारंभ किया गया। भंडारे में हजारों शिव भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष में शाखा अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, शाखा महामंत्री हरिश्चंद्र यादव, प्रेमु साहू के साथ सैकड़ो की संख्या में शिव भक्तों के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मंडल की शाखों से उपस्थित सभी सी भक्तों ने बाबा बर्फानी के खूब लगाए जयकारे हर हर महादेव-जयकारा वीर बजरंगी के साथ जोगी तेरा रूप निराला अमरनाथ में डेरा डाला के जय घोष के साथ सभी शिव भक्तों में विशेष उत्साह देखा गया। इस अवसर पर गंगेश् चौरसिया, मनीष गुप्ता, गोविंद श्रीवास्तव, रमाकांत द्विवेदी, बिंदु दीक्षित, पंडित सतीश त्रिवेदी गुरु जी, बबलूसिंह, राजकुमार प्रजापति, पुष्पराज गुप्ता, राजकुमार शुक्ला, आदि उपस्थित रहे।

# पहली बारिश ने खोली विकास कार्यों की पोल

- हादसे के मुहाने पर महराजगंज-इन्हौना मार्ग

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज रायबरेली।**



महराजगंज-इन्हौना मार्ग पर कैर गांव के पास कैर नइया नाले पर करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये की लागत से बने नए पुल की पहली बारिश में ही निर्माण की पोल खुलती नजर आ रही है। पुल के ठीक पास सड़क का एक बड़ा हिस्सा अचानक धंस गया, जिससे गहरा और खतरनाक गड्ढा बन गया है। व्यस्त मार्ग पर क्षतिग्रस्त सड़क के चलते किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, पुल का निर्माण महज दो माह पहले पूरा हुआ था। और जुलाई से इस पर वाहनों का आवागमन शुरू हुआ था। इसके बावजूद लगातार बारिश के बीच पुल के पास की मिट्टी धंसने से सड़क क्षतिग्रस्त हो गई। करोड़ों रुपये की लागत से तैयार हुए निर्माण के इतने कम समय में क्षतिग्रस्त होने से निर्माण की गुणवत्ता और पीडब्ल्यूडी की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जलभराव की समस्या दूर करने के लिए बना था नया पुल ग्रामीणों ने बताया कि कैर नइया नाला पहले काफी संकरा था।

बारिश के दौरान जलनिकासी प्रभावित होने से आसपास जलभराव और आवागमन में परेशानी होती थी। समस्या के स्थायी समाधान के लिए करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये की लागत से नया और चौड़ा पुल बनाया गया। लेकिन पहली ही बारिश में पुल के पास सड़क धंसने से ग्रामीणों में नाराजगी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण के दौरान मानकों और गुणवत्ता की अनदेखी की गई, जिसके चलते बारिश का पानी और मिट्टी का कटान सड़क के लिए मुसीबत बन गया।

ग्रामीणों ने मांग की है कि क्षतिग्रस्त हिस्से की तत्काल मरम्मत के साथ ही निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच भी कराई जाए। रात में बड़े हादसे का खतरा सड़क पर बने गड्ढे के कारण वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि रात के अंधेरे में यदि कोई वाहन चालक क्षतिग्रस्त हिस्से को समय रहते नहीं देख पाया तो गंभीर हादसा हो सकता है। लोगों ने विभाग से मौके पर तत्काल सुरक्षा इंतजाम कराने की मांग की है।

# व्यापारियों ने किया अम्बरीष पाल सिंह का स्वागत

▸ शिक्षा में सुधार का लिया संकल्प



समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।

नवीन मंडी के पास श्रीराम रिसॉर्ट में आयोजित कार्यक्रम में व्यापारियों ने माल्यार्पण कर आगरा खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी अम्बरीष पाल सिंह का जोरदार स्वागत किया। सभी ने शिक्षा में सुधार का संकल्प लिया।

राजा बलवंत सिंह द्वारा वर्षों पूर्व आगरा में स्थापित शिक्षण संस्थाओं से जुड़े अम्बरीष पाल सिंह ने कहा मैं किसी दल से नहीं, लेकिन आपके दिलों में हूं। आगरा खंड स्नातक चुनाव में मुझे आपका सहयोग, समर्थन और आशीर्वाद चाहिए। मेरा शिक्षा से गहरा जुड़ाव है। मतपत्र पर किसी पार्टी का चुनाव चिन्ह नहीं होगा, केवल नाम के आगे 1 लिखना होगा। सभी स्नातक मतदाता जरूर मतदान करें। इसके लिए आप सभी मतदाताओं को जागरूक करें। डिग्री आजीवन रहती है, पर दुर्भाग्यपूर्ण है कि हर छह साल में नई मतदाता सूची बनती है। पूर्वजों के सेवा भाव से मैं भी शिक्षा प्रणाली में सुधार कर बच्चों का भविष्य संवारना चाहता हूं। किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने स्वागत करते हुए कहा कि अम्बरीष जी का शिक्षा क्षेत्र से जुड़ाव व्यापारियों और युवाओं दोनों के लिए प्रेरणा है। उनका निर्दलीय रुख क्षेत्र के हित में काम करेगा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता 'लालू' ने कहा कि व्यापारी समुदाय शिक्षा सुधार और स्नातक मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के उनके प्रयास का पूरा समर्थन करता है। केके चौहान के संचालन में हुए कार्यस्त्र5म में श्री खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता, धनेश चंद्र गुप्ता, चंद्रभान गुप्ता मुन्ना, सत्यनारायण वर्मा, वेद प्रकाश राठौर, अश्विनी कुमार गुप्ता, नरेश गुप्ता गोल्डी, प्रभाकर गुप्ता, अबली गुप्ता, अनिल यादव, सोम गुप्ता, पिंटू यादव, विष्णु गुप्ता, लालू मिश्रा, अरविंद गुप्ता, अमोघ गुप्ता, सचिन गुप्ता, राजेश कश्यप व प्रियांशु गुप्ता सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

# बारहवीं शरीफ पर शान से निकाला जुलूस-ए मोहम्मदी

समृद्धि न्यूज़, समधन।



बुधवार को बारहवीं शरीफ के अवसर पर समधन नगर में जुलूस-ए-मोहम्मदी शान और अकीदत के साथ निकाला गया। जुलूस में नगर के विभिन्न मोहल्लों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। लोग हाथों में हरे झंडे लेकर डीजे की धुन पर चलते हुए सड़कों से गुजरे। जुलूस के दौरान जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया और माहौल में धार्मिक उत्साह दिखाई दिया।जुलूस में शामिल लोगों में खासा उत्साह नजर आया। युवा, बुजुर्ग और बच्चे भी जुलूस में शामिल रहे। क्षेत्र के मलिकपुर, अनीभोज ,रिहुआ, भुड़हा गांवों से जुलूस-ए मोहम्मदी समधन होते हुए दारासराय पहुंचने पर जुलूस का फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान जुलूस में शामिल लोगों के लिए लंगर का भी आयोजन किया गया, जिसमें लोगों को भोजन तस्कीम किया गया। स्वागत के दौरान लोगों ने एक-दूसरे को बारह रबीउल अव्वल की मुबारकबाद भी दी। जुलूस के दौरान लोगों ने आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। जुलूस शांतिपूर्वक अपने निर्धारित मार्ग से होकर गुजरा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस भी सतर्क रही और जुलूस के दौरान निगरानी बनाए रखी गई, जिससे यातायात व्यवस्था भी सुचारु बनी रही। बताया गया कि बारह रबीउल अव्वल का दिन मुस्लिम समाज के लिए विशेष महत्व रखता है। इसी दिन पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था। दुनिया भर में मुस्लिम समाज इस दिन को ईद मिलादुन्नबी के रूप में अकीदत और उत्साह के साथ मनाते है। इस अवसर पर मस्जिदों, मजारों, दरगाहों, घरों और गली-मोहल्लों को आकर्षक ढंग से सजाया जाता है तथा विभिन्न स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रम, लंगर और जुलूस का आयोजन किया जाता है। दारासराय, समधन नगर में भी लोगों ने इस मौके पर अपने घरों और प्रतिष्ठानों को सजाया। इस अवसर पर हाफिज मुजफ्फर रजा, मास्टर मुनव्वर खां, डाक्टर रिजवान, उमर हैदरी, मास्टर आसिफ हैदरी,उमर हैदरी, आमिर आदि सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## कई जगह स्टाल लगाकर किया जुलूस का स्वागत



**छिबरामऊ, कन्नौज।** जुलूस ए मोहम्मदी के दौरान मेन रोड पर कई जगह स्टाल लगाए गए थे। कहीं पानी, कहीं शरबत, कहीं मिठाइयां तो कहीं फल व खीर का वितरण किया गया और कई जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। मोहन मार्केट के सामने पंडाल में उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष उमर फारूक बंटी सहित मो. कामरान, मोहम्मद साफैज सहित तमाम लोगों ने जुलूस ए मोहम्मदी पर पुष्प वर्षा कर पानी का वितरण किया। वहीं पास में लगे दूसरे पंडाल में समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव, राशिद फारुकी सहित तमाम क्षेत्रीय बड़े नेताओं ने स्टाल लगाकर जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत किया। इसके अलावा कई अन्य जगहों पर स्टाल लगाकर स्वागत कार्यक्रम किया गया।

# व्यापारी हितों की लड़ाई को मजबूत करेगा संगठन



समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।

बीकानेर स्वीट्स में आयोजित अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की जनपदीय बैठक में व्यापारियों के उत्पीड़न, शोषण तथा उनके हितों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में संगठन के स्थापना दिवस पर 3 सितंबर को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ में आयोजित होने वाले 'स्वदेशी व्यापारी कुंभ' में अधिक से अधिक संख्या में व्यापारी बंधुओं से पहुंचने का आह्वान किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री अनिल गुप्ता एवं क्षेत्रीय प्रभारी राजीव दुबे ने कहा कि संगठन पूरी निष्ठा के साथ व्यापारी हितों की लड़ाई लड़ रहा है। व्यापारी अर्थव्यवस्था के वास्तविक प्रहरी हैं और बाजार, उद्योग एवं रोजगार की धुरी हैं। जिलाध्यक्ष नरेश वर्मा एवं जिला महामंत्री रामानंद वर्मा ने कहा कि व्यापारी हित सर्वोपरि है। संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाया जाएगा तथा व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। संगठन में शामिल होने बाले सुशील पांडेय को जिला विधि सलाहकार, हरिभान राजावत को जिला मंत्री, संजीव चौहान को उपाध्यक्ष, रमेशचंद्र गुप्ता (कन्हैया ट्रैक्टर एजेंसी) एवं राजबहादुर शाक्य को जिला संरक्षक बनाया गया। इस अवसर पर महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष शोभा दुबे, जिलाध्यक्ष प्रभा पांडेय, महामंत्री नीतू पांडेय, उपाध्यक्ष सीमा चतुर्वेदी व नवीन जिला कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल का सम्मान किया गया। इसके साथ ही कन्नौज नगर अध्यक्ष चंद्रप्रकाश वर्मा ललइयाँ की पुनर्गठित कार्यकारिणी, गुरसहायगंज नगर अध्यक्ष शिवराज वर्मा की नवीन कार्यकारिणी, सौरिख नगर अध्यक्ष अनिल गुप्ता, तालग्राम नगर अध्यक्ष आशीष गुप्ता, छिबरामऊ नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, महा मंत्री विनीत वर्मा सिम्पल, तिर्वा नगर अध्यक्ष रमेशचंद्र शुक्ला की नवीन कार्यकारिणी एवं छिबरामऊ नगर के युवा नगर अध्यक्ष पीयूष गुप्ता की समस्त नवीन कार्यकारिणी का स्वागत, सम्मान किया गया।

## राजकीय महाविद्यालय में प्री पी-एच.डी. प्रेजेंटेशन आयोजित



कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** ब्लॉक क्षेत्र के डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय, अनौगी के इतिहास विभाग में विभाग प्रभारी डॉ. संजय कुमार सिंह के निर्देशन में प्री पी-एच.डी. प्रेजेंटेशन आयोजित किया गया। शोधार्थी भैयालाल वर्मा ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में राष्ट्रवाद- एक बौद्धिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन तथा चंद्रशेखर पाल ने फ्राचीन भारत में सिंचाई व्यवस्था सिंधु सभ्यता से गुप्तोत्तर काल तक विषय पर शोध प्रस्तुतीकरण दिया। शोधार्थी बागीश धर राय ने बताया कि प्रस्तुतीकरण छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के शोध दिशा- निर्देशों के तहत हुआ। प्राचार्य डॉ. हेमेंद्र सिंह ने डॉ. संजय कुमार सिंह को उत्कृष्ट शोध पर्यवेक्षण के लिए बधाई दी और शोधार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान डॉ. शिप्रा वर्मा, हरिराम यादव सहित प्राध्यापक, शोधार्थी व छात्र- छात्राएं मौजूद रहे।

# शिक्षा व्यवस्था से प्रभावित हो भेंट किया प्रिंटर

▸ अतिथियों ने की शैक्षिक व्यवस्था और संस्कारों की सराहना
▸ बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का किया स्वागत

समृद्धि न्यूज़, जलालाबाद।

सरस्वती शिशु मंदिर जलालाबाद में मंगलवार को रोटरी क्लब कानपुर शौर्य के पदाधिकारियों ने विद्यालय की शिक्षा, संस्कार और अनुशासन से प्रभावित होकर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रिंटर भेंट किया। कार्यक्रम में बच्चों ने वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय प्रबंधक गिरिजेश पाठक ने रोटरी क्लब के पदाधिकारियों एवं दानदाताओं का परिचय कराया। इस दौरान लिली कोल्ड स्टोरेज के स्वामी पुष्कर पटेल, अमिताभ, अजय अग्रवाल, अमित एवं सत्येंद्र माहेश्वरी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

अतिथियों ने विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था और संस्कारों की सराहना करते हुए भविष्य में भी सहयोग जारी रखने की बात कही। आचार्य-आचार्याओं ने व्यवस्थाओं को संभालकर कार्यक्रम को सफल बनाया। अंत में प्रधानाचार्य दिनेश कुमार नायक ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



प्रबंधक और प्रधानाचार्य को प्रिंटर भेंट करते अतिथिगण

# खबरें एक नजर में

## 3 सितंबर से शुरू होगा खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण केंद्र



**गुरसहायगंज।** क्षेत्र के ग्राम तेराराखू में सावरकर हेल्प फाउंडेशन के तत्वावधान में खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 3 सितंबर6 को सुबह 10:30 बजे होगा। कार्यक्रम में महिलाओं और युवाओं को खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं एवं महिलाओं को स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना और खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में कौशल विकसित करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय विधायक अर्चना पांडेय जी के शामिल होने की जानकारी दी गई है। आयोजकों संदीप चतुर्वेदी के अनुसार प्रशिक्षण दो दिवसीय होगा तथा इसमें 30 युवाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। आयोजक संस्था ने अधिक से अधिक महिलाओं और युवाओं से प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील की है।

## जुलूस-ए-मोहम्मदी में शामिल लोगों से उसैव अहमद ने की भेंट



**समृद्धि न्यूज़, समधन।** बुधवार को बारहवीं शरीफ के अवसर पर बसपा के वरिष्ठ नेता व युवा समाजसेवी सैय्यद अहमद उसैव (बद्दू) ने रामगंज स्थित अलकरमा ऑटो बजाज शोरूम पर अपने कार्यकर्ताओं के साथ जुलूस-ए-मोहम्मदी में शामिल होने जा रहे लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने लोगों को ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद देते हुए आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ ईद मिलाद-उन-नबी मनाने की अपील की। सैय्यद अहमद उसैव ने कहा कि बारहवीं शरीफ का दिन मुस्लिम समाज के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसी दिन पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश हुई थी, जिसे दुनिया भर में मुस्लिम समाज ईद मिलादुन्नबी के रूप में मनाते है। उन्होंने कहा कि सभी लोग आपसी प्रेम, भाईचारे और मिल-जुलकर इस मुबारक दिन को मनाएं। इस अवसर पर नगर में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। लोगों ने अपने घरों, गलियों और मोहल्लों को आकर्षक ढंग से सजाया। मजारों और दरगाहों पर भी विशेष सजावट की गई। जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और धार्मिक उत्साह के साथ ईद मिलादुन्नबी मनाई।

## ऊर्जा राज्यमंत्री बोले चीनी महंगी हुई मुझे जानकारी नहीं

**कन्नौज।** मातृशक्ति को समर्पित 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा' कार्यक्रम का बुधवार को भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग के राज्यमंत्री कैलाश सिंह राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान स्क्रीन के माध्यम से मुख्यमंत्री का ऑनलाइन संबोधन महिलाओं ने सुना। कार्यक्रम में महिलाओं को साड़ी और मिठाई के डिब्बे देकर सम्मानित किया गया। साड़ी और मिठाई मिलने की सूचना पर बड़ी संख्या में महिलाएं कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गईं। भीड़ बढ़ने से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। राज्यमंत्री कुछ महिलाओं को उपहार वितरित करने के बाद वहां से निकल गए। इसके बाद अधिकारियों ने मोर्चा संभाला और महिलाओं को कतारबद्ध कर व्यवस्थित तरीके से उपहार वितरित कराए। पत्रकारों से बातचीत में राज्यमंत्री कैलाश राजपूत ने कहा कि 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी महिलाओं को निशुल्क सेवा का उपहार मुख्यमंत्री की ओर से दिया गया है। बिजली की समस्या पर उन्होंने दावा किया कि अगले दो माह में कन्नौज की बिजली व्यवस्था में बड़ा सुधार होगा। उन्होंने बताया कि एक बड़ा पावर हाउस बनकर तैयार हो जाएगा, जिससे बिजली की समस्याओं का समाधान होगा। कन्नौज में पकड़ी गई सोने की ईंटों को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में अपराध पर प्रभावी कार्रवाई हो रही है और वर्ष 2012 से 2017 की अखिलेश यादव सरकार की तुलना में अपराध कम हुए हैं।

## कुश्ती को मिलेगा बढ़ावा पीएसएम हॉल का कायाकल्प

**कन्नौज।** जिले में खेल और सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में बुधवार को अहम पहल हुई। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं कन्नौज विधायक असीम अरुण ने पीएसएम कॉलेज के मुख्य हॉल के नवीनीकरण कार्यों का जायजा लिया। विधायक निधि से स्टेज की मरम्मत, रंगाई-पुताई और खिड़कियों के शीशे बदलने का काम कराया गया है। जल्द ही आधुनिक साउंड सिस्टम भी लगाया जाएगा। इससे विद्यार्थियों की ट्रेनिंग, वर्कशॉप और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर मंच मिलेगा। वहीं, कन्नौज कुश्ती एसोसिएशन के गठन की तैयारी को लेकर हुई बैठक में सर्वसम्मति से छोटू यादव के नाम का प्रस्ताव अध्यक्ष पद के लिए किया गया। प्रस्ताव भारतीय कुश्ती संघ (WFI) को भेजा जाएगा। मंजूरी के बाद चयन अंतिम होगा। एसोसिएशन का पंजीकरण कराने और WFI से संबद्धता लेने का निर्णय भी हुआ।

# 29 से रोहिली मेले का आयोजन, जुटेगी भीड़

समृद्धि न्यूज,गुरसहायगंज/तालग्राम (कन्नौज)।

क्षेत्र के प्रसिद्ध रोहिली मेले को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। 29 अगस्त से मां जाहरा देवी के दरबार में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है। दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर मां के दर्शन एवं पूजा-अर्चना करेंगे।

मेले को देखते हुए मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है। मंदिर के पुजारी जसवीर ने बताया कि शनिवार को विशेष धार्मिक महत्व के कारण श्रद्धालुओं की संख्या अधिक रहती है। इस बार भादो माह में पांच शनिवार पड़ने से प्रत्येक शनिवार मंदिर परिसर में विशेष भीड़ रहने की उम्मीद है। 29 अगस्त के बाद 5, 12, 19 और 26 सितंबर को भी शनिवार के दिन मेला रहेगा। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर पुलिस-प्रशासन भी सतर्क है। मंदिर भवन पर पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी की व्यवस्था की गई है। थाना प्रभारी रंजना पांडेय ने बताया कि मेले के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए मंदिर मार्गों पर आवश्यकतानुसार बैरियर लगाए जाएंगे। अनावश्यक वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाकर श्रद्धालुओं के आवागमन को सुविधाजनक बनाया जाएगा। प्रशासन का कहना है कि मेले के दौरान भीड़ और यातायात को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए आवश्यक इंतजाम लगातार किए जा रहे हैं।



# बारिश में भरभराकर गिरा कच्चा मकान, महिला बाल-बाल बची

समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।

मिघौली गांव में बुधवार सुबह बारिश के दौरान कच्चा मकान भरभराकर गिर गया। कमरे में सो रही महिला शांति देवी बाल-बाल बच गई। मकान गिरने की आवाज सुनकर वह बाहर निकल आई। हादसे में गृहस्थी का सामान, बक्सा और गेहूं की चार बोरियां मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गईं।

शांति देवी ने बताया कि उनका परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है और कच्चे मकान में रहने को मजबूर था। आवास समेत अन्य योजनाओं का लाभ पाने के लिए प्रयास किया, लेकिन सहायता नहीं मिली। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मकान का मौका मुआयना कराकर नुकसान का आकलन कराने और आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की है। ग्राम प्रधान मनोज कुमार यादव ने घटना की पुष्टि की। खंड विकास अधिकारी दीपांकर आर्य ने बताया कि शांति देवी का नाम दैवीय आपदा सूची में भेजा जाएगा। लेखपाल को सूचना देकर जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।



# रक्षाबंधन की धूम, बाजारों में दिखी राखियों की रौनक

समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।

रक्षाबंधन के पावन पर्व को लेकर नगर के बाजारों में चहल-पहल काफी बढ़ गई है। भाई-बहन के अटूट स्नेह का प्रतीक यह त्योहार दुकानों पर रंग-बिरंगी राखियों की आकर्षक सजावट के साथ नजर आ रहा है।

कार्टून, मोती, रुद्राक्ष और डिजाइनर राखियों की भरमार है। बच्चों के लिए खास डिजाइन वाली राखियां भी उपलब्ध हैं। सुबह से ही दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही लगी हुई है। बहनें अपने भाई की कलाई के लिए पसंदीदा राखी चुनने में व्यस्त हैं। मिठाई और उपहार की दुकानों पर भी भीड़ बढ़ने लगी है। त्योहार को देखते हुए दुकानदारों ने राखियों की कई वैरायटी सजाई है। बाजारों में फैली रौनक से कारोबारियों के चेहरे भी खिले हुए हैं। नगरवासी रक्षाबंधन को खुशियों के साथ मनाने की तैयारी में जुटे हैं।



## झोपड़ी की दीवार गिरने से महिला की मौत

**तालग्राम/कन्नौज।** बारिश के दौरान झोपड़ी की दीवार अचानक भरभराकर गिरने से मलबे में दबकर घायल हुई महिला की बुधवार सुबह कानपुर के हैलट अस्पताल में मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। तालग्राम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने झोपड़ी डालकर परिवार के साथ रहने वाली मुन्नी पत्नी हजारी सोमवार रात करीब आठ बजे चूल्हे पर खाना बना रही थीं। इसी दौरान बारिश के चलते झोपड़ी की दीवार अचानक गिर गई। मलबे में दबने से मुन्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन उन्हें तत्काल तालग्राम सीएचसी ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर किया गया। यहां से भी हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने कानपुर के हैलट अस्पताल भेज दिया। बुधवार सुबह करीब सात बजे उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

# एमएलसी चुनाव में अवागढ़ राजघराने की दस्तक

▸ निर्दलीय प्रत्याशी ने शिक्षा और रोजगार को बताया प्रमुख मुद्दा
▸ स्नातक मतदाताओं से मतदान की अपील

समृद्धि न्यूज,कन्नौज।



आगामी विधान परिषद चुनाव को लेकर अवागढ़ राजघराने के युवराज अम्बरीश पाल सिंह ने बुधवार को तिर्वा रोड स्थित वीके ग्रैंड होटल में प्रेसवार्ता की।

उन्होंने स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने की घोषणा करते हुए शिक्षा और रोजगार को प्रमुख मुद्दा बताया। अम्बरीश पाल सिंह ने कहा कि हर छह वर्ष में मतदाता सूची में वोट बनवाने की प्रक्रिया दोहराई जाती है। इसमें बदलाव की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा व्यवस्था में सुधार के साथ युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए भी प्रभावी प्रयास किए जाएंगे। चुनाव जीतने पर युवाओं के लिए बेरोजगारी भत्ता शुरू कराने और रोजगार के मुद्दे पर सरकार से वार्ता करने की बात कही। उन्होंने बताया कि राजनीतिक जीवन की शुरुआत भाजपा के साथ की थी। कई बार टिकट मांगने के बाद भी मौका नहीं मिलने पर इस बार निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरने का निर्णय लिया है।

उन्होंने अपने परिवार को एटा जिले के अवागढ़ राजघराने की पांचवीं पीढ़ी का बताते हुए कहा कि करीब 1701 ईस्वी में ठाकुर छतरबुज ने अवागढ़ स्टेट की नींव रखी थी। उन्होंने कहा कि उनका परिवार हमेशा समाज के हित में काम करने की सोच रखता रहा है।

अंत में उन्होंने सभी स्नातक मतदाताओं से अपील की कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। कहा कि वोट भले ही उन्हें न दें, लेकिन मतदान अवश्य करें।

# यौमे पैदाइश पर निकले जुलूस-ए-मोहम्मदी में उमड़ा जनसैलाब

समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।

इस्लाम के पैगम्बर मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विशाल जुलूस निकाला गया, जो मोहल्ला सैयदवाड़ा, आवास विकास कॉलोनी स्थित मदरसा दारुल उलूम गौसिया से प्रारम्भ होकर अस्पताल रोड पहुंचा। यहां से नगर के मुख्य मार्ग होते पश्चिमी बाईपास पर पहुंच कर समाप्त हो गया।



जुलूस में छोटे बच्चे नाते पाक पढ़ते हुए चल रहे थे। वहीं युवा पूरे जोश के साथ मदनी की आमद मरहबा, हम सब एक हैं, हुजूर का दामन नहीं छोड़ेंगे, देखो मेरे नबी की शान बच्चा-बच्चा है कुर्बान के नारे लगाते हुए चल रहे थे। सबसे आगे नन्हें-मुन्ने बच्चे या अली के नारे लगा रहे थे। इस दौरान युवाओं का जोश देखते ही बन रहा था। जुलूस में कई लोग बड़े-बड़े इस्लामिक झंडे लेकर चल रहे थे। वहीं इनके अलावा कई लोग अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज शान और शौकत के साथ फहराते हुए चल रहे थे। वहां से इस विशाल जुलूस की शुरुआत हुई जो अपने तयशुदा मार्ग होते हुए बाजार पहुंचा। इस दिन पैगंबरे अकरम हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैहे व आलेही वसल्लम की दुनिया में आमद हुई है। यह खुशी का दिन है। दुनिया के सारे मुसलमान इस त्योहार को बहुत ही धूमधाम से मनाते हैं। वहीं जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। जुलूस के आगे भारी पुलिस फोर्स के साथ सीओ सुरेश मालिक, कोतवाल कपिल दुवे चल रहे थे। जुलूस में कारी समशुल कमर, मौलाना मुस्तकीम, हाफिज आरिफ, हाफिज एहतिशाम, उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष उमर फारूक बंटी, मौलाना अजमल, सैयद इशहाक जमील आशू, वसीम कुरैशी, रिजवान खान, इरशाद रहमानी, जाहिद रंगरेज, मोनू रहमानी, पूर्व सभासद शब्बीर खां, प्रधानाचार्य कुमैल इदरीश, चमन खां राजू टेंट, मो. शरीफ दीपू टेंट, आसिफ शेख आशु, अशरफ रहमानी, मो. इमरान खां, शमशुल कमर खां राजू मास्टर व मो. इकबाल सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## राखी बंधवाने बहन के घर जा रहे भाई की हादसे में मौत



तेज रफ्तार डीसीएम की टक्कर से मौत

**तिर्वा/कन्नौज।** रक्षाबंधन से ठीक दो दिन पहले बहन के घर राखी बंधवाने जा रहे भाई की सड़क हादसे में मौत हो गई। तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के इटखारी गांव के पास तेज रफ्तार डीसीएम ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया गया कि युवक बाइक से बहन के घर रक्षाबंधन मनाने जा रहा था। इटखारी गांव के पास डीसीएम ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंचे परिजन शव देखकर बिलख पड़े। आक्रोशित परिजनों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। वे डीसीएम चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाकर कार्रवाई का भरोसा दिया। रक्षाबंधन से पहले हुए हादसे से परिवार में मातम छा गया। खुशियों का त्योहार गम में बदल गया।

# कांवड़ यात्रा के हंगामे में दो नामजद समेत सात पर मुकदमा

▸ धार्मिक कार्यक्रम में व्यवधान,सरकारी कार्य में बाधा और पुलिस से धक्का-मुक्की का आरोप

समृद्धि न्यूज,कन्नौज।



बाबा गौरीशंकर मंदिर में कावड़ यात्रा के दौरान हुए हंगामे के मामले में पुलिस ने दो नामजद समेत पांच से सात अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोपितों पर धार्मिक कार्यक्रम में व्यवधान डालने, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने और पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की करने का आरोप है। मामले में बिलग्राम, हरदोई निवासी हिमांशु गुप्ता और ग्वाल मैदान, कन्नौज निवासी सुमित यादव पुत्र श्यामसुंदर को नामजद किया गया है। इसके अलावा पांच से सात अज्ञात लोगों को आरोपित बनाया गया है। घटना 21 अगस्त की शाम सदर क्षेत्र के बोर्डिंग ग्राउंड स्थित प्रसिद्ध बाबा गौरीशंकर मंदिर में कावड़ यात्रा के दौरान हुई थी। कावड़ियों ने पुलिस पर बदसलूकी का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। इससे मौके पर अफरातफरी की स्थिति बन गई थी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति संभालने का प्रयास किया। कावड़ियों ने संबंधित कोतवाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। अधिकारियों की ओर से कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद हंगामा शांत हुआ था। अब पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल के वीडियो फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात आरोपितों की पहचान करने में जुटी है।

# धूमधाम से मनाया गया जश्ने ईद मिलादुन्नबी

**▸ डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने सीरत कमेटी व जुलूस में मौजूद लोगों का किया इस्तकबाल**

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

पैगंबर-ए-इस्लाम हज़रत मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के यौम-ए-पैदाइश (जन्मदिन) का मुकद्दस मौके पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने पहुंचकर सभी सीरत कमेटी तथा जुलूस में मौजूद लोगों का इस्तकबाल स्वागत किया तथा सभी को ईद मिलादुन्नबी मनाने के लिए मुबारकबाद दी। उन्होंने लोगों को बताया कि अगले वर्ष के ईद मिलादुन्नबी में वह सीरत कमेटी का पूर्ण रूप से सहयोग करेंगे। ईद मिलादुन्नबी कस्बा नबाबगंज सहित पूरे क्षेत्र में बेहद अकीदत, एहतराम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही पूरा कस्बा सरकार की आमद मरहबा और नात-ए-पाकश् की सदाओं से गूंजता रहा। मस्जिदों, खानकाहों, मदरसों और प्रमुख चौराहों को खूबसूरत बिजली की झालरों, तोरणद्वारों और इस्लामी झंडियों से दुल्हन की तरह सजाया गया। अकीदतमंदों ने अपने घरों को भी रोशनी से जगमग कर रखा था, हजारों की तादाद में लोगों ने साफ सुथरा स्वच्छ कपड़ों में रोड पर सरकार की परमिशन के साथ जुलूस निकाला यह जुलूस काफी लंबा था



जुलूस में मौजूद डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव व कमेटी के लोग

**शानो-शौकत से निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी:** कस्बे में विभिन्न अंजुमनों के संयोजन में पारंपरिक जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में नौजवान, बुजुर्ग और बच्चे हाथों में परचम थामे दरूद-ओ-सलाम का विर्द करते हुए चल रहे थे। जुलूस के निर्धारित रास्तों पर स्थानीय लोगों ने फूलों की बारिश कर इस्तकबाल किया। सामाजिक सौहार्द की मिसाल पेश करते हुए जगह-जगह पानी, फल और शीरनी के लंगर लगाए गए। जुलूस के दौरान तकरीर करते हुए उलेमा-ए-किराम ने पैगंबर साहब की सीरत और उनकी तालीमात पर रोशनी डाली। मुल्क में खुशहाली, तरक्की, आपसी भाईचारे और अमन-ओ-अमान की सलामती के लिए खुसूसी दुआ मांगी गई। स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात रहा। थाना अध्यक्ष राजीव कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर जगमोहन, हर्षित चौहान भारी पुलिस तैनात रहा। नगर पंचायत नवाबगंज से लेकर के मैन चौराहा होते हुए में मार्केट होते हुए अलीगंज रोड तिराहा चलकर आगे भट्टे के पास समापन हुआ। इस मौके पर सपा नेता इलियास मंसूरी, अनुराग यादव, राहुल यादव, साजिद अली खान, बाली मोहम्मद, कल्लू खान, मोहम्मद यूनुस खान, फारूक अली, साबिर खान, मोबीन खान, ताज मोहम्मद, नफीस खान, मौलाना मोहम्मद शोएब नूरी, मौलाना मोहम्मद अकरम, आफाक अली मौजूद रहे।

**रोशनाबाद में निकाला गया जुलूस**

रोशनाबाद में निकाला गया जुलूस नवाबगंज। रोशनाबाद में 1501वां जश्ने ईद मिलादुन्नबी सल्लल्लाहु अलैहि वो सल्लम हर साल की तरह इस साल भी बड़े धूमधाम के साथ रोशनाबाद से निकाला गया। जुलूसे मोहम्मदी भाईचारे और अमन व शांति का पैगाम देता है। जुलूसे मोहम्मदी गाँव के और आस पास के लोग भी कसीर तादाद में मौजूद रहे और अकीदतमंदों ने हिस्सा लिया। जुलूस ए मुहम्मदी में नारे तकबीर और मोहम्मद ना होते तो कुछ भी ना होते के नारे लगाए गए और रोशनाबाद के इमाम कारी मरगूब आलम ने जुलूस में ये भी संदेश दिया के आज हमारे समाज में तालीम की बहुत जरूरत है, हम खाना 3 टाइम की बजाये 2 टाइम खाए, लेकिन बच्चे को जरूर तालीम दे। आज हमारे समाज को पैगम्बर साहब के बताये हुए रास्ते पर अमल करना चाहिए, यहीं हमारी असल जिन्दगी है।

# कूड़ा उठाने वाले ट्रैक्टर ने बच्ची को रौंदा, हालत गंभीर

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।**

तहसील क्षेत्र में सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। घर से सब्जी खरीदने निकली 8 वर्षीय एक मासूम बच्ची कूड़ा उठाने वाले ट्रैक्टर की चपेट में आ गई। ट्रैक्टर का पहिया बच्ची के ऊपर से गुजर जाने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गई है। हालत नाजुक होने पर उसे लोहिया अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार कायमगंज के मोहल्ला करन टोला निवासी हरदौल की 8 वर्षीय बेटी सिमरन सुबह घर से सब्जी लेने के लिए निकली थी। बताया जा रहा है कि जैसे ही वह अपने घर के दरवाजे से बाहर सड़क पर पहुंची, तभी वहां से गुजर रहे कूड़ा उठाने वाले ट्रैक्टर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में ट्रैक्टर का पहिया बच्ची के ऊपर से निकल गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद सिमरन की चीख सुनकर उसके परिजन और आसपास के लोग तुरंत घटनास्थल की ओर दौड़े। खून से लथपथ और गंभीर रूप से घायल बच्ची को आनन-फानन में कायमगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालांकि, अंदरूनी चोटें अधिक होने और स्थिति बेहद नाजुक होने के कारण डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक और कर्मचारी भी स्थिति का जायजा लेने अस्पताल पहुंचे। उन्होंने वहां पहुंचकर घायल बच्ची के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

## ट्रक ने तोड़ा बिजली का पोल, 8 घंटे बत्ती रही गुल



विद्युत पोल में घुसा ट्रक

**▸ 50 हजार नुकसान, जेई ने ट्रक मालिक पर दर्ज कराया मुकदमा**

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।** एक अनियंत्रित ट्रक ने 33 केवी बिजली के पोल को टक्कर मार दी। इस हादसे के कारण पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति लगभग 8 घंटे तक बाधित रही। बिजली विभाग को इस घटना से करीब 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। ग्रामीण जेई ने ट्रक मालिक के खिलाफकोतवाली में तहरीर दी है। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के 33/11 केवी उपकेंद्र बरझाला के अवर अभियंता कृष्ण कुमार मौर्य ने बताया कि यह घटना बुधवार सुबह लगभग 6:15 बजे हुई। कायमगंज से फर्रुखाबाद मार्ग पर टेडीकोन के पास ट्रक संख्या यूपी 82बीटी/6751 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए 33 केवी लाइन के पोल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बिजली का पोल टूट गया, जिससे 33 केवी की मुख्य सप्लाई लाइन ठप हो गई। इस हादसे के कारण बरझाला उपकेंद्र से जुड़े कई गांवों में करीब 8 घंटे तक बिजली गुल रही। अवर अभियंता कृष्ण कुमार मौर्य ने बताया कि मामले की लिखित तहरीर कायमगंज कोतवाली पुलिस को सौंप दी गई है। तहरीर में आरोपी ट्रक मालिक लव यादव पुत्र मुकेश कुमार निवासी ग्राम लडसिया उर्फ लुटुफुल्लापुर, अलीगंज, जनपद एटा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली से गिरकर 16 वर्षीय छात्रा की मौत

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

शाहजहांपुर जनपद के अल्लाहगंज थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह इटावा-बरेली नेशनल हाईवे पर ट्रैक्टर-ट्रॉली से गिरकर एक 16 वर्षीय किशोरी की चार पहिया वाहन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतका अपने परिवार के साथ कांवड़ लेकर शिव मंदिर जा रही थी।

जानकारी के अनुसार हरदोई जनपद के मैकूपुर निवासी सोमदेव द्विवेदी अपने परिवार और गांव के अन्य लोगों के साथ कांवड़ भरने के लिए फर्रुखाबाद के पांचाल घाट आए थे। गंगा जल भरने के बाद सभी श्रद्धालु तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में सवार होकर शाहजहांपुर जनपद के एक शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए जा रहे थे। बुधवार सुबह जब अल्लाहगंज थाना क्षेत्र के इमलिया गांव के पास पहुंचे, तभी बीच वाली ट्रॉली में बैठी सोमदेव की 16 वर्षीय बेटी पल्लवी अचानक असंतुलित होकर सड़क पर गिर गई। इसी बीच, एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन उसके ऊपर से गुजर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। गंभीर रूप से घायल पल्लवी को आनन-फानन में स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।



रोते बिलखते परिजन

उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे डॉ0 राममनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल पहुंचने पर इमरजेंसी में तैनात डॉक्टरों ने जांच के बाद किशोरी को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है और स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दे दी है। पल्लवी कक्षा 11 की छात्रा थी और अपने चार भाई-बहनों प्रशांत, प्रिया और आयुषी में सबसे छोटी थी। बेटी की अचानक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# रोडवेज-पिकअप की आमने सामने भिड़ंत, दो घायल

**समृद्धि न्यूज,अमृतपुर।**

थाना राजेपुर क्षेत्र के महेशपुर मोड़ के पास बुधवार को रोडवेज बस और पिकअप की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में पिकअप चालक और उसकी मां को मामूली चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर राजेपुर थाने में खड़ा करा दिया। पाली निवासी पारस कुमार पुत्र हरिराम अपनी मां आरुन के साथ पिकअप से ताजिया लेकर अपनी बहन के घर राजपुर जा रहे थे। फर्रुखाबाद डिपो की रोडवेज बस बदायूं की ओर से सवारियां लेकर आ रही थी, जबकि पिकअप डबरी की ओर से जा रही थी। महेशपुर मोड़ के निकट दोनों वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर में पिकअप चालक पारस कुमार और उनकी मां को मामूली चोटें आईं।



सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों वाहनों को राजेपुर थाने ले गई। पिकअप चालक पारस कुमार ने रोडवेज बस चालक के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष नागेंद्र सिंह ने बताया कि अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### पांचालघाट से संकट हरण तक निकली 51 लीटर जल की कलश यात्रा



कलश यात्रा निकालते शिव भक्त

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** गौ सेवा और सनातन संस्कृति के संरक्षण के संकल्प के साथ पांचालघाट से संकट हरण शाकाह के लिए 51 लीटर जल की कलश यात्रा शुरू की गई। यात्रा में शामिल गौ सेवकों ने गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के संकल्प के साथ धार्मिक आस्था और सेवा भावना का संदेश दिया। गौ सेवकों का कहना है कि गौ माता भारतीय संस्कृति और ग्रामीण जीवन का महत्वपूर्ण आधार हैं। उनके संरक्षण के लिए समाज को आगे आकर अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। पांचालघाट से विधि-विधान एवं श्रद्धा के साथ 51 लीटर जल लेकर गौ सेवक संकट हरण शाकाह की ओर रवाना हुए। गौ सेवकों ने कहा कि गौ माता को राष्ट्र माता बनाने का संकल्प जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। यात्रा में मुख्य रूप से अभय चौहान, अक्षय चौहान, आरेंद्र चौहान, नितिन चौहान, विनय चौहान, निखिल चौहान, दीपक चौहान मौजूद रहे।

### बार-बार प्रयोग किए जा रहे कुकिंग ऑयल पर सख्ती, कलेक्ट माय ऑयल करेगी सुरक्षित संग्रह



आयल के लिए कैंटेनर रखवाते अधिकारी व संस्था के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दुकानों, रेस्टोरेंट और ढाबों में एक ही तेल को बार-बार गर्म करके इस्तेमाल करना सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इसी को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त अजीत कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार के साथ एफएसएसएआई की रिपोरपज यूज़्ड कुकिंग ऑयल के रोहित अग्निहोत्री और उनकी टीम ने योजना के तहत इस्तेमाल हो चुके खाना पकाने के तेल को सुरक्षित तरीके से इकट्ठा करने की व्यवस्था शुरू की और विभिन्न प्रतिष्ठानों पर सुरक्षा मानकों के दृष्टिगत बेस्टिस तेल के लिए कंटेनर रखवाये। कलेक्ट माय ऑयल को इस्तेमाल कुकिंग ऑयल इकट्ठा करने के लिए चुना गया है। नियमों का पालन नहीं करने वाले खाद्य कारोबारियों पर कार्रवाई भी हो सकती है। जांच में गड़बड़ी मिलने पर नोटिस से लेकर खाद्य लाइसेंस निलंबित या रद्द करने तक की कार्रवाई का प्रावधान है। कलेक्ट माय ऑयल ने सभी खाद्य कारोबारियों से अपील की है कि इस्तेमाल हो चुके तेल को नाली में न बहाएं और न ही दोबारा खाने में इस्तेमाल करें। इसे सुरक्षित तरीके से हमारे अधिकृत केंद्र को सौंपें। इस मौके पर अंकित शुक्ला, राजन द्विवेदी, अंकित यादव, आलोक त्रिवेदी उपस्थित रहे।

### तीन कबाड़ी की दुकानों से लाखों की चोरी



जांच पड़ताल करती पुलिस

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बा में बुधवार को जहां लोग जुलूस ए मोहम्मदी का जश्न मना रहे थे। वहीं दूसरी ओर तीन कवाड़े की दुकान में चोरों ने हाथ साफ कर दिया। चोरों ने कबाड़ी की दुकानों से लाखों रुपए का कीमती सामान चोरी कर लिया। जब लोग जुलूस के बाद अपनी दुकान पर पहुंचे तो उन्हें चोरी होने की जानकारी हुई। कस्बा के मोहल्ला नया गनीपुर निवासी मीनाज अली उर्फ एमपी की फर्रुखाबाद मार्ग पर व अमीन की मोहम्मदाबाद मार्ग पर कबाड़े की दुकान है तथा मोहल्ला बरतल निवासी देवेंद्र राठौर की मोहम्मदाबाद पर कबाड़े की दुकान है। चोरों ने तीनों दुकानों में तब चोरी को अंजाम दिया, जब कस्बे में जुलूस निकल रहा था, तभी चोरों ने तीनों दुकानों से लाखों रुपए के बाल, पीतल, कापर आदि चोरी कर लिया। जब दुकानदार अपनी दुकानों पर पहुंचे तो उन्हें चोरी की घटना की जानकारी हुई। दुकानदारों ने तुरंत घटना की सूचना थाना पुलिस को दी। पुलिस ने तत्काल जांच शुरू कर दी। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है घटना में गम्भीरता से जांच की जा रही है।

# रक्षाबंधन के पर्व पर डीएम ने समूह की महिलाओं से बंधवाई राखी

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

**▸ लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजना का शुभारंभ**

**▸ माताओं, बहनों एवं बेटियों को मिलेगी निःशुल्क बस यात्रा**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं को निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा प्रदान करने वाली लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजना एवं रक्षाबंधन के पावन पर्व पर माताओं, बहनों एवं बेटियों को सहयात्री सहित निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा का शुभारंभ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में किया गया।

लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद के जनप्रतिनिधि विधायक अमृतपुर सुशील कुमार शाक्य, विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर, विधायक डॉ. सुरभि, जिलाध्यक्ष फतेहचन्द वर्मा, जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में दिखाया गया।

इस योजना का उद्देश्य वरिष्ठ महिला यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराते हुए उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है।

लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजना के अंतर्गत 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं को निर्धारित व्यवस्था के अनुसार निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा प्रदान की जाएगी। रक्षाबंधन पर प्रदेश सरकार द्वारा माताओं, बहनों एवं बेटियों को सहयात्री सहित निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा प्रदान की जा रही है। रक्षाबंधन पर्व पर अपने भाईयों को राखी बांधने के लिए यात्रा करने वाली महिलाओं एवं उनके सहयात्रियों को विशेष सुविधा मिलेगी। स्वयं सहायता समूह की सी.एल.एफ. श्रद्धा दुबे ने कहा कि सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं सुविधा को प्राथमिकता देते हुए निरंतर जनहितकारी योजनाओं का संचालन कर रही है।



डीएम के राखी बांधती महिला

जनपद में रक्षाबंधन पर माताओं, बहनों एवं बेटियों को सहयात्री सहित निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा 27 अगस्त को प्रातः 06 बजे से 29 अगस्त को रात्रि 12 बजे तक संचालित रहेगी। अतिथियों ने जनपद की सभी विधानसभाओं से उपस्थित 315 महिलाओं को भेंट के रूप में वस्त्र, मिष्ठान एवं स्वल्पाहार का सम्मान स्वरूप वितरण किया गया। समूह की महिलाओं ने सभागार के बाहर रक्षाबंधन के पर्व पर प्रयोग होने वाली पूजा की थाली, राखी एवं वस्त्र इत्यादि के हस्त निर्मित उत्पादों के स्टाल भी लगाए गए।

डीएम एवं अन्य अतिथियों ने समूह महिलाओं से राखी एवं अन्य पूजन सामग्री उत्पाद क्रय किए गए तथा रक्षाबंधन के पर्व की गरिमा को बढ़ाते हुए डीएम ने समूह की महिलाओं से राखी भी बंधाई।

डीएम डॉ. अंकुर लाठर, सीडीओ विनोद कुमार गौड़, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज राजेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# एक हजार ट्रैक्टरों से कलेक्ट्रेट का किसान करेंगे घेराव

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**

बराकेशव गांव में भाकियू टिकैत का अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। धरना चकबंदी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों पर किसानों व महिलाओं से कथित अभद्रता के आरोपों को लेकर किया जा रहा है।

धरना स्थल पर किसानों के साथ महिलाओं और बच्चों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है, जिनमें से कई रात में भी डटे रहे। किसानों ने चकबंदी विभाग के कर्मचारियों पर कार्रवाई करने और किसानों व महिलाओं के खिलाफदर्ज मुकदमों को समाप्त करने की मांग उठाई। संगठन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि



धरने को संबोधित करते अजय कटियार

पुलिस ने किसानों की शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की, जबकि चकबंदी विभाग की शिकायत पर किसानों और महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया। जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि संगठन हिंसा का विरोध करता है, लेकिन किसानों और महिलाओं के साथ कथित अभद्रता को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से किसानों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान करने की अपील की। राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष चौधरी गौरव टिकैत के नेतृत्व में 1000 ट्रैक्टरों के साथ कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में गौरव टिकैत से वार्ता हो चुकी है। इस अवसर पर लक्ष्मी शंकर जोशी, अफरोज मंसूरी, छविनाथ शाक्य, गोपी शाक्य, अभय यादव, अरविंद गंगवार, अनुज राजपूत, सुग्रीव पाल, बिजनेश यादव, अजयपाल यादव, कश्मीर गंगवार, रामनरेश यादव, बड़े यादव, अजीत सोमवंशी आदि मौजूद रहे।

## थाना प्रभारी सहित पुलिस टीम का सीरत कमेटी ने किया स्वागत



प्रभारी निरीक्षक को सम्मानित करते लोग

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बा नवाबगंज और आसपास के ग्रामीण अंचलों से निकले जुलूस-ए-मोहम्मदी को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने पर सीरत कमेटी ने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया। पुलिस बल की कड़ी मेहनत, मुस्तैदी और सराहनीय सहयोग के लिए सीरत कमेटी के पदाधिकारियों ने थाना पुलिस टीम का नागरिक अभिनंदन व सम्मान किया। सीरत कमेटी के सदस्यों ने थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर ब्रजमोहन पाल तथा पूरी पुलिस टीम का माल्यार्पण कर और इस्तकबाल किया। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार को माला पहनाकर, शॉल व रुमाल ओढ़ाकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन की कड़ी मेहनत और मुस्तैदी के कारण ही पूरा आयोजन सुचारू और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सका। इस मौके पर सीरत कमेटी के सदर बाली मोहम्मद, मस्जिद के पेश इमाम, अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष साजिद अली खान, फारुक अली, आफाक अली, जमील खान तथा सीरत कमेटी के समस्त सदस्यगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# बाढ़ से अमृतपुर क्षेत्र में भारी तबाही, गंगा खतरे के निशान पर

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

जिले में गंगा नदी का रौद्र रूप एक बार फिर देखने को मिल रहा है। नरौरा बांध से छोड़े गए लाखों क्यूसेक पानी के कारण गंगा का जलस्तर खतरे के निशान तक पहुँच गया है, जिससे विशेषकर अमृतपुर क्षेत्र और तटीय इलाकों में बाढ़ ने भारी तबाही मचानी शुरू कर दी है। पानी के उफान और लगातार हो रहे कटान के कारण ग्रामीण दहशत के माहौल में जीने को मजबूर हैं। अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड-फर्रुखाबाद द्वारा 26 अगस्त को जारी आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, गंगा नदी लोहिया सेतु पांचालघाट पर अपने खतरे के निशान 137.10 मीटर पर ही बह रही है। सुबह 8 बजे और शाम 4 बजे दोनों समय जलस्तर 137.10 मीटर ही दर्ज किया गया। यह स्थिति तटीय गांवों के लिए बेहद चिंताजनक है। वहीं, रामगंगा नदी का जलस्तर भी ब्रह्मदत्त द्विवेदी सेतु पर शाम 4 बजे 136.10 मीटर दर्ज किया गया, जो चेतावनी बिंदु के करीब है।



घरों में भरा बाढ़ का पानी

**नरौरा से छोड़ा गया 1 लाख 16 हजार क्यूसेक से अधिक पानी**

बाढ़ नियंत्रण कक्ष की रिपोर्ट के मुताबिक, गंगा नदी में नरौरा बैराज से 1,16,512 क्यूसेक भारी मात्रा में पानी छोड़ा गया है। इसके अलावा खो, हरेली और रामनगर बैराज से रामगंगा नदी में कुल 4,416 क्यूसेक पानी आया है। इस भारी जल प्रवाह ने नदियों के किनारे भयंकर कटान शुरू कर दिया है, जिससे अमृतपुर क्षेत्र में कई हेक्टेयर फसलें जलमग्न हो गई हैं और गांवों में पानी घुसने का खतरा मंडरा रहा है। तेज बहाव के कारण तटवर्ती गांवों में जमीन कट-कट कर नदी में समा रही है, जिससे ग्रामीण अपनी आजीविका और घरों को लेकर खौफजदा हैं। सिंचाई विभाग ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मोर्चा संभाल लिया है। रिपोर्ट में स्पष्ट उल्लेख है कि ग्राम शेरपुरा सरांय मजरा कुंडपुरा में कटान को रोकने के लिए कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। ग्राम कटरा तौफीक में भी नदी के कटान को रोकने के लिए विभागीय टीमें लगातार बचाव कार्य कर रही हैं।

**ग्रामीण भय के साये में**

**ग्रामीणों की रातों की नींद उड़ी**

भले ही प्रशासन कटान रोकने के दावे कर रहा हो, लेकिन अमृतपुर क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि लगातार बढ़ रहे पानी से उनका जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। रास्तों पर पानी भर जाने से कई गांवों का संपर्क मार्ग टूट गया है।

रात के अंधेरे में कटान की तेज आवाजें ग्रामीणों को सोने नहीं दे रही हैं। क्षेत्र के लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि राहत और बचाव कार्यों में और तेजी लाई जाए तथा संभावित खतरे को देखते हुए सुरक्षित स्थानों और राहत शिविरों की तत्काल व्यवस्था की जाए।

## मां ने पुत्र की हत्या करने का लगाया आरोप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ई-रिक्शा चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में मृतक की मां ने अज्ञात लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है और स्थानीय पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज न करने पर अब न्याय के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार जटवारा जदीद कोतवाली फर्रुखाबाद निवासी 54 वर्षीय पुष्पा देवी का पुत्र सूरज मिश्रा ई-रिक्शा चलाकर गुजर-बसर करता था। 27 जुलाई की सुबह 9 बजे सूरज अपना ई-रिक्शा लेकर काम पर निकला था। दोपहर 2 बजे तक घर न लौटने पर जब उसकी मां ने उसके मोबाइल पर कॉल की, तो फोन स्विच ऑफमिला। शाम करीब 6:30 बजे दोबारा फोन करने पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने कॉल उठाई और बताया कि सूरज लोहिया अस्पताल में है। जब तक पुष्पा देवी लोहिया अस्पताल पहुंचीं, तब तक उनके पुत्र सूरज की मृत्यु हो चुकी थी।

# बेसहारा जरुरतमंदों को वितरित की गई सिलाई मशीनें

**फलाहे आम एजुकेशनल एंड वेलफेयर फाउंडेशन सोसाइटी ने किया सराहनीय कार्य**

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।


महिलाओं को सिलाई मशीन देते संस्था के लोग

जरूरतमंद, बेसहारा और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की मदद के उद्देश्य से फलाहे आम एजुकेशनल एंड वेलफेयर फाउंडेशन सोसाइटी लंबे समय से सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रही है। संस्था की ओर से शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, महिला सशक्तीकरण और आपदा राहत जैसे विभिन्न क्षेत्रों में लगातार सहयोग प्रदान किया जा रहा है। संस्था का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग को आत्मनिर्भर बनाना और जरूरतमंद परिवारों को मुश्किल परिस्थितियों में सहारा देना है। संस्था द्वारा 26 बेसहारा महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित की गई। साथ ही हजरत मोहम्मद साहब के जीवन पर चलने से आसानी मिल सकती है। जकात एक ऐसा नियम इस्लाम में ने दिया है। जिस पर अमल करके समाज की और देश की गरीबी और भुखमरी को बचाया जा सकता है। संस्था पिछले कई वर्षों से जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए सक्रिय है। 200 विधवाओं को सिलाई मशीनें उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। इसके अलावा आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों की पढ़ाई जारी रखने के लिए उनकी फीस में भी सहयोग किया जाता है। संस्था ने जरूरतमंद परिवारों की बेटियों और बहनों की शादी में भी सहयोग किया है। 25 जरूरतमंद परिवारों की शादी के अवसर पर सहायता उपलब्ध कराई जा चुकी है। सोसाइटी के अध्यक्ष मजहर मोहम्मद ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य शिक्षा, चिकित्सा तथा बेसहारा और दुर्बल लोगों के लिए कार्य करना है। संस्था के कोषाध्यक्ष हाजी अलादीन, जरनल सेक्रेटरी मोहम्मद खालिद, मोहम्मद शाहिद हुसैन, फुरकान अहमद, डॉ. मुजम्मिल सिद्दीकी, डॉ. एजाज हुसैन सिद्दीकी, मोहम्मद मोहसिन शम्सी, नौशाद हुसैन, मोहम्मद अहमद, शमशाद मंसूरी, रिजवान अहमद ने सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। मोहम्मद यूनुस अंसारी ने कहा कि संस्था भविष्य में इससे भी अधिक जनसेवा के कार्य करने के लिए प्रयासरत रहेगी।

# सपा की बैठक में बूथ मजबूत करने पर दिया जोर

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जिलाध्यक्ष

समाजवादी पार्टी चुनावी तैयारी के तहत इन दिनों बूथ मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही है। विधानसभा भोजपुर के बहोरिकपुर स्थित एक महाविद्यालय में ताजपुर, बंथल शाहपुर एवं बहोरिकपुर सेक्टर के बूथ प्रभारी, जोन प्रभारी, सेक्टर पर्यवेक्षक, सेक्टर प्रभारी एवं बूथ अध्यक्षों की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश में अगर समाजवादी पार्टी की मजबूत सरकार चाहते हो तो बूथ को मजबूत करना ही पड़ेगा, जितना बूथ मजबूत होगा उतनी ही आपकी सरकार मजबूत बनेगी। जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने कहा कि संगठन ही सरकार का सृजनकर्ता होता है, संगठन के लोग और बूथ का पदाधिकारी जिस दिन यह चाह लेगा की सरकार बनानी है। भोजपुर विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह यादव ने कहा हमारा एक-एक पदाधिकारी 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में पीडीए सरकार बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। जिला प्रवक्ता राधेश्याम सविता ने बताया इस दौरान बूथ कैसे मजबूत किया जाए, वोटर लिस्ट स्कैनिंग का काम किस तरह से किया जाए के साथ ही पार्टी पदाधिकारियों को स्थानीय स्तर पर आने बाली परेशानियों पर भी गंभीरता से विचार हुआ, सभी बूथ अध्यक्षों से अनवरत संवाद बनाए रखने के लिए भी निर्देशित किया गया है। इस मौके पर पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, पूर्व ब्लॉक प्रमुख मो0 उमर खां, अलका राजपूत, डॉ0 जेपी वर्मा, अजीत यादव, सौरभ कटियार, अमित यादव ने विचार व्यक्त किए। इस दौरान यदुनाथ सिंह यादव, कृष्ण गोविंद यादव, भोलाराम, गौरव श्रीवास्तव, दिनेश राजपूत, रामदास जाटव, महेश चंद्र दिवाकर, श्यामू जाटव, प्रदीप शाक्य, अंकित यादव, अजय कुमार, शिवम यादव आदि मौजूद रहे।

# शिकायतकर्ता से मांगा गया साक्ष्य सहित शपथ पत्र

**पद के दुरुपयोग के आरोप में लेखपाल संजीव दुबे हो चुके है निलंबित**

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद। सदर तहसील क्षेत्र में तैनात एक लेखपाल द्वारा पद के दुरुपयोग के मामले में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। आरोपी लेखपाल संजीव दुबे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था। वहीं, इस मामले की शिकायत करने वाली महिला से आरोपों की पुष्टि के लिए शपथ पत्र और आवश्यक साक्ष्य मांगे गए हैं। सदर तहसील के परगना पहाड़ा स्थित राजीव गांधी नगर की निवासी अर्चना दुबे ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था। उन्होंने जनपद में तैनात लेखपाल द्वारा अपने पद का दुरुपयोग किए जाने का आरोप लगाते हुए मामले की गहन जांच की मांग की थी। राजस्व निरीक्षक पहाड़ा द्वारा 22 अगस्त को तैयार की गई जांच आख्या में बातें स्पष्ट की गई हैं। सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के संबंध में 29 जनवरी 2024 को जारी शासनादेश के अनुसार, किसी भी शिकायत पर आगे की कार्रवाई तभी की जाएगी जब शिकायतकर्ता द्वारा शपथ पत्र और समुचित साक्ष्य उपलब्ध कराए जाएंगे। इसी निर्देश के क्रम में शिकायतकर्ता अर्चना दुबे को सूचित कर दिया गया है कि वे अपनी शिकायत के समर्थन में शपथ पत्र व साक्ष्य प्रस्तुत करें। रिपोर्ट में यह भी अवगत कराया गया है कि आरोपी लेखपाल संजीव दुबे को वर्तमान में निलंबित कर दिया गया है। राजस्व निरीक्षक द्वारा अपनी यह आख्या उप जिलाधिकारी सदर को प्रेषित कर दी है, जिसे एसडीएम द्वारा अग्रसारित भी कर दिया गया है। अब शिकायतकर्ता द्वारा साक्ष्य और शपथ पत्र प्रस्तुत किए जाने के बाद इस मामले में आगे की विभागीय और विधिक जांच की जाएगी।

# सावन प्रकृति की हरियाली, प्रेम और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक

**छात्राओं ने राखी निर्माण व मेहंदी प्रतियोगिता में लिया भाग**

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।


हाथों में मेहंदी रचायें छात्रायें

मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ, में सावन उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

महाविद्यालय में रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में छात्राओं के लिए राखी निर्माण एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न प्रकार की आकर्षक एवं रचनात्मक राखियाँ तैयार कीं तथा सुंदर मेहंदी डिजाइनों के माध्यम से अपनी कला एवं सृजनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उद्देश्य छात्राओं में रचनात्मकता, कलात्मक कौशल, आत्मविश्वास एवं भारतीय संस्कृति और पारंपरिक त्योहारों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे उत्साह एवं उल्लास के साथ रक्षाबंधन पर्व की सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत किया। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन प्रभारी डा0 वीरेंद्र कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि भारत उत्सवधर्मी देश है। यहाँ हर ऋतु अपने रंग-रूप और उत्सव लेकर आती है। सावन का महीना प्रकृति की हरियाली, प्रेम और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक है। प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह ने कहा कि यह पर्व प्रकृति, संस्कृति और अपनों के संग का प्रतीक है।

उन्होंने छात्राओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में डॉ. प्रियांशु गुप्ता, डॉ. अमित कुमार, डॉ. वीरेंद्र कुमार, विजय विक्रम सैनी अन्य कर्मचारी एवं सभी छात्राओं ने भाग लिया।

# डॉ. भूपेन्द्र नाथ सरीन का मनाया गया 79वां जन्मदिवस

**धर्म गुरुओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया याद**

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।


डॉ. भूपेन्द्र नाथ के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग

सरीन नर्सिंग होम, लोहाई रोड में समाजसेवी डॉ. भूपेन्द्र नाथ सरीन का 79वाँ जन्मदिवस सर्व धर्म गुरूओं द्वारा (हिन्दू-मुस्लिम-सिख-ईसाई धर्म) के द्वारा प्रार्थना, नगर के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित करते हुये उनके कृतित्व-व्यक्तित्व के साथ याद किया गया।

सभी धर्म गुरूओं ने पं. सुरेन्द्र पाण्डेय, सूफी संत पप्पन मियाँ, पादरी रेवस्ट फिन मसीह, ज्ञानी विकास सिंह एवं गणमान्य व्यक्तियों ने मंगलाचरन-स्वस्तिवाचन के साथ पवित्र दीप प्रज्जवलित करते हुये श्रद्धा सुमन अर्पित किये। उदयपाल ने सभी धर्म गुरुओं को उत्तरीय उड़ाकर सम्मान किया। धर्मगुरूओं ने कुरान की आयतें, पवित्र बाइबिल से मसीह वचनों, गुरु वाणी के द्वारा दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिये प्रार्थना करते हुये पुष्पांजलि अर्पित की।

डॉ. भूपेन्द्र नाथ सरीन एवं डॉ. रजनी सरीन की मधुर स्मृति में सभी ने उन्हें किया याद। डॉ. पायल ने सभी का स्वागत किया। डॉ. अंजलि गोस्वामी, उदयपाल, विजय, डॉ. प्रिया पाठक, डॉ. संजीव मौर्या, डॉ. उमा शंकर तिवारी, अजय कुमार, अनिल कुमार, गौरव, रजत, आशु, सुरजीत, राधा देवी, राहुल कश्यप, वेवी, शालिनी, भूमि, दिनेश बाथम, पवन कटियार, रंजना, आकाश कश्यप डॉ. भूपेन्द्र नाथ सरीन को याद किया। पर्यावरण विद् गुंजा जैन ने जैन धर्म के मंत्रों के साथ आत्म शांति प्रार्थना की वह मेरी वात्सल्य मयी माँ थी। संजय गर्ग ने कहा डॉ0 ने हमको चलना-फिरना सिखाया वह सदा मेरे दिल-दिमाग में बसी हुयी है।

रवीन्द्र भदौरिया, सुदेश गंगवार, अनुराग पाण्डेय, समरेन्द्र शुक्ल, अनुभव सारस्वत ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। संचालन समाजसेवी संजय गर्ग ने किया।

## खबरें एक नजर में

### सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर में राखी बनाओ प्रतियोगिता आयोजित


प्रतियोगिता में छात्र-छात्रायें

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद। सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर सेनापति में बुधवार को राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भाई, वहनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सुंदर व आकर्षक राखियां तैयार की। कार्यक्रम का शुभारंभ शिवराज श्रीवास्तव, अनुज मिश्रा, मोनिका मिश्रा शिक्षक एवं व प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलन एवं पुष्प अर्चन कर किया। प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी प्रतिभा की और कहा वर्तमान में हमारे त्यौहारों पर बाजार संस्कृत हावी हो रही है। आज आवश्यकता है कि त्यौहारों को पारम्परिक श्रद्धा एवं प्रेम से मनाया जाए और उन्होंने स्वदेशी राखी एवं स्वदेशी वस्तुओं को ही खरीदने पर बल दिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मान प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया किया गया। शिवराज श्रीवास्तव ने भी ऐसी प्रतियोगिताओं से रचनात्मक एवं आत्मविशास को बढ़ाने के साथ-साथ भारतीय संस्कृत और त्योहारों के प्रति रुचि भी विकसित करती है। इस अवसर पर आर्तिका शुक्ला, सोनम, प्रियंका ज्योति, मोहनी, वंशिका, सीमा शुक्ला, मीनू मिश्रा, प्रियंका सक्सेना, सरला कश्यप, नव्या सक्सेना, प्रदीप अवस्थी, प्रदीप सेंगर, संजीव शाक्य, शिव मोहन, बृजपाल सिंह, आलोक सिंह, गोविंद प्रसाद, अजय प्रताप, अनिरुद्ध प्रताप, शोभित दुबे, वीरेश परमार, रामानंद पांडे, कृष्ण कुमार कटियार, शिवकुमार यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

### सण्डीला में इक-दूजे के हुए 110 जोड़े

सण्डीला हरदोई। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत मंगलवार को सण्डीला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किए गए। जिसमें 110 जोड़ों का विवाह विधि-विधान व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। सण्डीला के इमलियाबाग स्थित जेकेआर लॉन में आयोजित समारोह में 110 जोड़े इक-दूजे के हुए। मुख्य अतिथि सण्डीला विधायक अलका सिंह अर्कवंशी ने नवदम्पत्तियों को बधाई देते हुए सुखद, समृद्ध व मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की। उन्होंने नवदम्पति को उपहार सौंपे। सण्डीला विकासखंड के 52, भरावन के 56 व नगर क्षेत्र सण्डीला के 3 जोड़ों को योजना का लाभ मिला। समारोहों में नवविवाहित कन्याओं को योजना के तहत निर्धारित सामग्री भी उपलब्ध कराई गई। वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक संबल देने के साथ सम्मानपूर्वक वैवाहिक जीवन की शुरुआत का अवसर प्रदान कर रही है। ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और सौहार्द को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### प्रशासन ने बाढ़ संभावित क्षेत्रों में निगरानी की तेज

उन्नाव। सफीपुर क्षेत्र में गंगा और कल्याणी नदी का जलस्तर बढ़ने के बीच प्रशासन ने बाढ़ संभावित क्षेत्रों में निगरानी तेज कर दी है। बुधवार को उपजिलाधिकारी फाल्गुनी सिंह ने ग्राम जमालनगर, इब्राहिमाबाद तथा कल्याणी नदी पुल का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। एसडीएम ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों और नाव चालकों से बातचीत कर जलस्तर एवं आवागमन की स्थिति की जानकारी ली।उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। एसडीएम फाल्गुनी सिंह ने बताया कि नदी का पानी लगातार बढ़ रहा है, ऐसे में प्रशासन की ओर से स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# शांतिपूर्ण ढंग से निकला बारावफात का जुलूस

समृद्धि न्यूज,राजेपुर।


जुलूस में शामिल लोग मौजूद पुलिस कर्मी

थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम उजरामऊ में बुधवार को बारावफात पर श्रद्धा और सौहार्द के बीच जुलूस निकाला गया। बारावफात के मौके पर ट्रैक्टर-ट्रॉली पर डीजे लगाकर जुलूस गांव के विभिन्न मार्गों से होकर निकला। जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासन पहले से ही सतर्क रहा और सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया। जुलूस के दौरान थाना राजेपुर के थानाध्यक्ष नागेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। गांव के निर्धारित मार्गों से होकर जुलूस निकाला गया।

पुलिसकर्मियों ने लगातार निगरानी रखी और लोगों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। जुलूस में शामिल लोगों की गतिविधियों पर भी पुलिस की पैनी नजर रही, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। बारावफात के जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती। थाना पुलिस के साथ पुलिस लाइन से आए इंस्पेक्टर समेत अन्य पुलिसकर्मियों की भी ड्यूटी लगाई गई थी। जुलूस निर्धारित भ्रमण मार्ग से होते हुए वापस गांव पहुंचा। इसके बाद कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। थानाध्यक्ष नागेंद्र सिंह ने पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर रहकर पूरी व्यवस्था पर नजर बनाए रखी। बारावफात का जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।

### वीआईपी रोड पर फिर धंसी सड़क, पांच फीट गहरा गड्ढा

कानपुर। जाजमऊ के वीआईपी रोड पर सरैया चौराहे के पास बुधवार सुबह बारिश के दौरान अचानक सड़क धंस गई, जिससे करीब पांच फीट गहरा गड्ढा हो गया। हादसे की आशंका को देखते हुए आसपास बैरिकेडिंग कर दी गई है। यह मार्ग जाजमऊ पुरानी चुंगी से सर्किट हाउस की ओर जाता है और इस पर प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। मंगलवार दिन और रात में हुई बारिश के बाद बुधवार सुबह सड़क अचानक धंस गई। सड़क धंसने से राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस स्थान पर सड़क धंसने की यह पहली घटना नहीं है। बीते 10 जुलाई 2026 को भी सड़क धंसने से करीब सात फीट गहरा गड्ढा हो गया था। वहीं, 20 अगस्त 2025 को सरैया मोड़ पर बारिश के कारण सड़क में गहरा गड्ढा बन गया था। स्थानीय निवासी राहुल, अशफाक और जुनैद समेत कई लोगों ने बताया कि सड़क बार-बार धंस रही है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### बीईओ डॉ. ब्रजेश त्रिपाठी का राष्ट्रीय सम्मान के लिए चयन

**संडीला के 82.5 प्रतिशत विद्यालय निपुण होने पर मिलेगा सम्मान**



समृद्धि न्यूज, संडीला, हरदोई। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत संडीला विकासखंड ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए नई उपलब्धि हासिल की है। उत्कृष्ट शैक्षिक प्रशासन, नवाचार और प्रभावी कार्यों के लिए संडीला के खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. ब्रजेश कुमार त्रिपाठी का राष्ट्रीय स्तर के सम्मान के लिए चयन हुआ है। यह उपलब्धि हरदोई जिले के लिए गौरव का विषय मानी जा रही है।
निपुण भारत मिशन के तहत संडीला विकासखंड के कुल 120 विद्यालयों का आकलन किया गया। इनमें 99 विद्यालयों ने निपुण मानक पूरा किया। इस तरह विकासखंड ने 82.5 प्रतिशत की उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की।
विद्यालयों में बच्चों की भाषा एवं गणित संबंधी दक्षताओं का आकलन दिसंबर 2024 और फरवरी 2025 में डीएलएड प्रशिक्षुओं के माध्यम से कराया गया था। आकलन में सामने आए बेहतर परिणामों ने संडीला की शैक्षिक व्यवस्था और निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन को रेखांकित किया।
उत्तर प्रदेश से चयनित शिक्षा अधिकारियों में डॉ. ब्रजेश कुमार त्रिपाठी का नाम शामिल होना संडीला और हरदोई के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उनके नेतृत्व में किए गए शैक्षिक प्रयासों और नवाचारों से शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग में उत्साह का माहौल है। संडीला के 82.5 प्रतिशत विद्यालयों द्वारा निपुण मानक पूरा करना विकासखंड की शिक्षा व्यवस्था की बेहतर स्थिति को दर्शाता है। इस उपलब्धि ने संडीला को शिक्षा के क्षेत्र में एक अलग पहचान दिलाई है।

# गंगा जलस्तर बढ़ने से सड़कों पर भरा पानी, बढ़ा खतरा

समृद्धि न्यूज,बांगरमऊ उन्नाव।

बांगरमऊ तहसील क्षेत्र में गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से गंगा कटरी क्षेत्र के गाँवों के ग्रामीणों को बाढ़ का खतरा सताने लगा है। वहीं उमरिया से मल्लहन पुरवा जाने वाले मार्ग के ऊपर से जगह - जगह बाढ़ का सड़क के ऊपर से बह रहा है जिससे ग्रामीणों को मार्ग कट जाने की आशंका सता रही है। प्रशासन द्वारा बाढ़ की संभावना देख ग्रामीणों के आवागमन के लिए नाव की व्यवस्था भी की गई है। गंगा कटरी क्षेत्र के ग्रामीणों के अनुसार प्रशासन ने सिर्फ नाव की ही व्यवस्था की है स लेकिन अभी तक किसी प्रकार की अन्य मदद नहीं की गई है। ग्रामीणों ने बताया की अगर इसी तरह पानी लगातार बढ़ता रहा तो आने वाले दिनों में गांव के अन्दर पहुंच कर घरों के अंदर भी बाढ़ का पानी भरने लगेगा। गंगा कटरी क्षेत्र में बसे गांव नया पुरवा, मल्लहन पुरवा, अहिरन पुरवा,फरीदपुर कट्टर, उमरिया भगवंतपुर,सेतुवाही, धन्ना पुरवा, भट पुरवा, गहर पुरवा, मितानपुरवा आदि सहित एक दर्जन से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में आ जाएंगे स ग्रामीणों ने बताया की खेतों में पानी भर जाने से उनकी हरी सब्जी की फसलें जलमग्न हो चुकी है। वही जानवरों के लिए चारे की भी समस्या उत्पन्न हो रही है। उपजिलाधिकारी ब्रजमोहन शुक्ला ने बताया है कि गंगा का जलस्तर बढ़ने से ग्रामीणों के लिए नावों की व्यवस्था समेत अन्य व्यवस्थाएं कर ली गई हैं।

# बुंदेलखंड अनएेडेड स्कूल एसो. चुनाव में दिखाएगा सियासी दांव

समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।



बुंदेलखंड क्षेत्र में संचालित निजी विद्यालयों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के हितों के लिए पिछले 10 वर्षों से अधिक समय से कार्य कर रहे बुंदेलखंड अनएेडेड स्कूल एसोसिएशन ने आगामी शिक्षक/ स्नातक एमएलसी चुनाव में संगठन की ओर से अपना प्रत्याशी मैदान में उतारने का निर्णय लिया है। बुंदेलखंड क्षेत्र के विभिन्न निजी विद्यालयों के प्रबंधकों एवं संगठन के पदाधिकारियों की बैठक में संगठन के सचिव एवं संत तुलसी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक डॉ. मनीष गुप्ता को सर्वसम्मति से संगठन का प्रत्याशी नामित किया गया। संगठन का मानना है कि बुंदेलखंड के निजी विद्यालयों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से शासन और विधान परिषद तक पहुंचाने के लिए आवश्यक है कि इस क्षेत्र का अपना प्रतिनिधि विधान परिषद में मौजूद हो। संगठन चाहता है कि बुंदेलखंड के विद्यालयों का प्रतिनिधित्व करने वाला व्यक्ति इस महत्वपूर्ण पद पर आसीन हो, जिससे क्षेत्र के विद्यालयों एवं शिक्षकों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ विधान परिषद में उठाया जा सके और उनके समाधान के लिए प्रभावी प्रयास किए जा सकें। बुंदेलखंड अनएेडेड स्कूल एसोसिएशन पिछले 10 वर्षों से अधिक समय से इस क्षेत्र में निजी विद्यालयों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के हितों के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। संगठन द्वारा समय-समय पर विद्यालयों की समस्याओं, शिक्षकों से जुड़े विषयों, विद्यार्थियों के हितों तथा शिक्षा व्यवस्था से संबंधित विभिन्न मुद्दों को शासन एवं प्रशासन के समक्ष उठाया जाता रहा है। इसी क्रम में फतेहपुर स्थित आर एस एक्सेल इंग्लिश एकैडमी में संगठन द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में बुंदेलखंड अनएेडेड स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधकों ने भाग लिया। इस अवसर पर तुलसी फ्लावर स्कूल के जुगल किशोर सोनी, आर एस एक्सेल इंग्लिश एकैडमी के प्रिंसिपल धर्मेंद्र श्रीवास्तव सहित संगठन से जुड़े पदाधिकारी एवं विद्यालय प्रबंधक उपस्थित रहे।संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि बुंदेलखंड के निजी विद्यालयों एवं शिक्षकों की समस्याओं को मजबूती से उठाने के लिए संगठन का अपना प्रतिनिधि विधान परिषद में होना आवश्यक है। वर्तमान समय में निजी विद्यालयों के सामने मान्यता, शुल्क, विद्यालय संचालन, शिक्षकों से जुड़े विषय, परिवहन व्यवस्था तथा विभिन्न प्रशासनिक एवं शैक्षिक नियमों से संबंधित अनेक समस्याएं हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए एक मजबूत और प्रभावी प्रतिनिधित्व की आवश्यकता है। संगठन ने कहा कि डॉ. मनीष गुप्ता को सर्वसम्मति से प्रत्याशी नामित करने का उद्देश्य व्यक्तिगत राजनीति नहीं, बल्कि बुंदेलखंड के विद्यालयों, शिक्षकों और विद्यार्थियों की सामूहिक आवाज को विधान परिषद तक पहुंचाना है।

# जश्ने ईद मिलादुन्नबी जुलूस में स्वागत की होड़

समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।



जश्ने ईद मिलादुननबी का जुलूस धूमधाम से निकाला गया। इस दौरान तमाम अलग-अलग लोगों ने जुलूस का स्वागत किया जिसमें नगर पंचायत जहानाबाद के अध्यक्ष सैयद आबिद हसन के नेतृत्व में जुलूस में चल रहे लोगों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तो वहीं उन्हें शील्ड देकर सम्मानित भी किया गया। इस दौरान उनके ऊपर फूलों की वर्षा की गई तो मिष्ठान भी खिलाया गया इस दौरान बसपा के जिला अध्यक्ष वीर प्रकाश लोधी, आरिश सिद्दीकी मौजूद रहे तो बसपा के मो आसिफ एडवोकेट व आसिफ मकसूद के नेतृत्व मे जुलूस का स्वागत किया गया। तो वही जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी व शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ गुड्डा के नेतृत्व में जुलूस के ऊपर फूलों की वर्षा की गई और उन्हें मिष्ठान खिलाकर व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया तो वही सदर विधायक चंद्रप्रकाश लोधी, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, जिला महासचिव चौधरी मंजर यार के नेतृत्व में जुलूसे मोहम्मदी में लोगों के ऊपर फूलों की वर्षा की गई और माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तो वही भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के अजहर उर्फ जुगनू के नेतृत्व में जुलूस में चल रहज लोगों के ऊपर फूलों की वर्षा की गई और उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया गया इस अवसर पर अंकित सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम सहित तमाम लोग मौजूद रहे तो वही जुलूस के दौरान भारी भीड़ देखी गई तो सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे।



### टेंडर अनियमितता मामले की जांच के लिए नगर निगम पहुंची एसआईटी टीम

कानपुर। कानपुर नगर निगम में टेंडर अनियमितता मामले की जांच तेज हो गई है। प्रभारी एडीसीपी डॉ. अर्चना सिंह के नेतृत्व में एसआईटी टीम नगर निगम पहुंची और मुख्य अभियंता कार्यालय में फाइलों की जांच शुरू की। टीम ने भुगतान और फर्म रजिस्ट्रेशन से जुड़े दस्तावेजों को खंगाला। गोविंद शर्मा और कैला देवी से जुड़े भुगतान संबंधी दस्तावेजों में कुछ कमियां मिलने की बात सामने आई है। संदिग्ध दस्तावेजों की एसआईटी टीम ने फोटो भी लिए। जांच के दौरान कार्यालय में मुख्य अभियंता एसएफए जैदी, अधिशासी अभियंता दिवाकर भास्कर और आरके सिंह मौजूद रहे। मामले में एसआईटी की जांच जारी है।

# रक्षाबंधन पर माताओं, बहनों को नि:शुल्क बस सेवा

समृद्धि न्यूज,कानपुर नगर।



रक्षाबंधन के पर्व से पहले बुधवार को चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) का सभागार मातृशक्ति के सम्मान और उत्सव का साक्षी बना। प्रदेश सरकार द्वारा रक्षाबंधन पर महिलाओं को निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा तथा 60 वर्ष से अधिक आयु की माताओं-बहनों के लिए 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा' योजना के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राकेश सचान रहे। रक्षाबंधन के दृष्टिगत प्रदेश सरकार की बसों में माताओं, बहनों एवं बेटियों को सहयात्री सहित निःशुल्क यात्रा की सुविधा 27 अगस्त को प्रातः 6 बजे से 29 अगस्त की मध्यरात्रि 12 बजे तक उपलब्ध रहेगी। इससे त्योहार पर महिलाओं को अपने भाइयों एवं परिजनों के यहां आने-जाने में सहूलियत मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। सभागार में मौजूद जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में महिलाओं ने मुख्यमंत्री के संबोधन को देखा और सुना। महिलाओं के सम्मान, सुविधा और सशक्तीकरण से जुड़े मुख्यमंत्री के संदेश पर मातृशक्ति का उत्साह देखते ही बन रहा था। कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिलाओं की सुविधा, सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को केंद्र में रखकर लगातार फैसले ले रही है।

# नारायणी का जलस्तर बढ़ने की आशंका, डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

**टीम सहित नदी के उस पार के गांवों का किया निरीक्षण**

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**







नेपाल क्षेत्र के अंतर्गत चीन-तिब्बत सीमा से लगे रसुवा जिले में भारी अतिवृष्टि के कारण ग्लेशियर जनित झील के फटने (Glacial Lake Outburst) की सूचना प्राप्त हुई है। इसके कारण नारायणी नदी के जलस्तर में वृद्धि होने की संभावना बनी हुई है। प्राप्त सूचना के अनुसार वाल्मीकि बैराज से लगभग 2.50 लाख से 3.00 लाख क्यूसेक तक पानी का डिस्चार्ज प्रवाहित होने की संभावना है। संभावित जलस्तर वृद्धि को देखते हुए जनपद प्रशासन द्वारा सतर्कता बढ़ा दी गई है।इसी बीच खबर मिली है कि बड़ी गंडक के रेत क्षेत्र में स्थित विंध्याचल पुर गाँव के एक सौ से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थान पर नाव से पहुंचाया गया है।

उक्त स्थिति के दृष्टिगत जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने पुलिस अधीक्षक के साथ आज नारायणी नदी के तटवर्ती एवं संवेदनशील शिवपुर क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने क्षेत्र में नदी के जलस्तर एवं संभावित प्रभाव वाले स्थानों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों से वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शिवपुर सहित आसपास के ग्रामों के ग्रामीणों से संवाद किया तथा उन्हें संभावित जलस्तर वृद्धि के संबंध में जागरूक किया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि प्रशासन द्वारा जारी की जाने वाली सूचनाओं एवं चेतावनियों का गंभीरता से पालन करें तथा नदी के समीप अनावश्यक रूप से न जाएं। साथ ही पशुओं को भी नदी एवं निचले क्षेत्रों से सुरक्षित स्थानों पर रखने की अपील की गई। संभावित आपात स्थिति को देखते हुए मौके पर एसडीआरएफ (State Disaster Response Force) की टीम की तैनाती कर दी गई है। एसडीआरएफ की टीम को आवश्यक राहत एवं बचाव उपकरणों के साथ अलर्ट मोड में रखा गया है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य संचालित किया जा सके। जिलाधिकारी ने संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि संवेदनशील एवं तटवर्ती क्षेत्रों में अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर रहकर लगातार निगरानी सुनिश्चित करें। नदी के जलस्तर में होने वाले परिवर्तन की नियमित जानकारी प्राप्त करते हुए तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाए। उन्होंने संभावित परिस्थितियों को देखते हुए राहत एवं बचाव से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं को सक्रिय रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की कार्ययोजना तैयार रखने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम स्तर पर भी कर्मचारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से लोगों को लगातार जागरूक किए जाने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने और केवल प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन पूरी स्थिति पर सतत निगरानी रखे हुए है और संभावित जलस्तर वृद्धि को देखते हुए सभी संबंधित विभागों को अलर्ट मोड में रखा गया है। किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं तैयार रखी गई हैं तथा राहत एवं बचाव टीमों को भी सक्रिय कर दिया गया है।

## नेपाल में आकस्मिक बाढ़ के दृष्टिगत डीएम ने सतर्कता बढ़ाने का दिया निर्देश

**महाराजगंज।** नेपाल के रसुवा जिले के सीमावर्ती टिमुरे क्षेत्र में तिब्बत की ओर से अचानक अत्यधिक मात्रा में जलप्रवाह आने के कारण भोटेकोशी नदी में आकस्मिक बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने तथा टिमुरे बाजार एवं आसपास के नदी तटीय क्षेत्रों में क्षति की प्रारंभिक सूचना के दृष्टिगत जनपद महाराजगंज में जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल द्वारा विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है। आज प्रातः लगभग 9 बजे नेपाल के टिमुरे क्षेत्र में अचानक आए अत्यधिक जलप्रवाह के कारण भोटेकोशी नदी का जलस्तर बढ़ा है। उक्त जलप्रवाह का प्रभाव आगे भोटेकोशी–त्रिशूली नदी तंत्र के माध्यम से निचले क्षेत्रों में पड़ने की संभावना को देखते हुए जनपद में गंडक नदी के जलस्तर की लगातार निगरानी की जा रही है। डीएम के निर्देश पर संबंधित तहसीलों, राजस्व विभाग, पुलिस, एसडीआरएफ तथा अन्य संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं। नदी तटीय एवं निचले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखते हुए आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित लोगों को तत्काल सुरक्षित एवं ऊंचे स्थानों पर पहुंचाने के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं।

जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों से विशेष अपील की गई है कि नदी तटीय एवं निचले क्षेत्रों में रहने वाले नागरिक सतर्क रहें और अनावश्यक रूप से नदी, नालों अथवा जलभराव वाले क्षेत्रों के समीप न जाएं। जलस्तर बढ़ने या प्रशासन द्वारा चेतावनी जारी किए जाने की स्थिति में तत्काल सुरक्षित एवं ऊंचे स्थानों की ओर चले जाएं। बच्चों, बुजुर्गों तथा पशुओं को नदी एवं जलभराव वाले क्षेत्रों के आसपास जाने से रोकें।किसी भी प्रकार की अफवाह अथवा अपुष्ट सूचना पर विश्वास न करें और केवल जिला प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें। साथ ही आपातकालीन संपर्क नंबर 05523–222162, 1077 — आपदा हेल्पलाइन, 9628819145, 9621333537 पर सम्पर्क कर आवश्यक सूचना अथवा सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

# जमानियां पुलिस ने किया 86 लीटर अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, चार पहिया वाहन बरामद

**समृद्धि न्यूज़, गाज़ीपुर।**




थाना जमानियां पुलिस द्वारा 5 बोरी अंग्रेजी शराब 8PM ( कुल- 86.4 लीटर, मूल्य-115000/-रू0) व चार पहिया वाहन के साथ एक तस्कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 26.08.2026 को उनि अश्वनी प्रताप सिंह मय हमराह के साथ चेकिंग संदिग्ध वाहन/अपराध के रोकथाम हेतु बरेसर नहर पुलिया पर मौजूद थे कि मुखबिर खास की सूचना पर बहादुरपुर पुलिया के पास से अभियुक्त मुन्ना सिंह पुत्र गनेश सिंह निवासी खरोज थाना सूर्यपुरा जनपद रोहतास प्रान्त बिहार उम्र 36 वर्ष को 05 बोरी अंग्रेजी शराब 8PM (कुल 480 पाउच नाजायज प्रत्येक पाऊच 180ML कुल- 86.4 लीटर मूल्य-115000 रुपया व 01 अदद स्विफ्ट डिजायर वाहन संख्या JH01AN2676 के साथ गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार। गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना जमानियां पर मुअसं 287/2026 धारा 60/72 आबकारी अधि. का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# ईद मिलाद उन नबी के अवसर पर निकला जुलूस

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**



पैगंबर-ए- इस्लाम हज़रत मोहम्मद के जन्मदिन के अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने जुलूस निकाला। मुख्यालय और जनपद के विभिन्न कस्बो में सड़कों पर झंडा लिए नौजवान, बच्चे, बच्चियां एवं बुजुर्ग पैदल तथा वाहनों से गाजे बाजे के साथ भ्रमण किये। इस दौरान पैगंबर हजरत मोहम्मद के शान में नारे लगाए एवं अपने धर्म के प्रति लगाव व्यक्त किया गया। इस दौरान भारी संख्या में लोग जुलूस में शामिल रहे। जुलूस के चलते मुख्यालय की सड़के जगह-जगह आवागमन हेतु बाधित होती रही।इस बीच ट्रैफिक पुलिस एवं पुलिस के जवान शांति व्यवस्था एवं यातायात बहाल करने में लग रहे। जनपद में ईद मिलाद उन नबी के मुबारक मौके पर जगह-जगह जुलूस निकला और भारी संख्या में लोगों ने शिरकत किया।

# सादगी और धूमधाम से मनाया गया जश्ने ईद-मिलादुन्नबी

**पडरौना समेत जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में निकले शांतिपूर्ण जुलूस, जगह-जगह लगे स्टाल**

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**



पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर जश्ने ईद-मिलादुन्नबी का पर्व कुशीनगर जनपद में हर्षोल्लास और सादगी के साथ मनाया गया। पडरौना नगर समेत जिले के विभिन्न कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुलूस-ए-मोहम्मदी निकालकर खुशी का इजहार किया। जुलूस में बच्चे, युवा, बुजुर्ग और धर्मगुरु बड़ी संख्या में शामिल हुए।

पडरौना के छावनी, जमालपुर, खिरिया टोला, चिकटोली, कसेरा टोली, पवरिया टोला, हाथीसार, राईनी मोहल्ला और साहबगंज सहित आसपास के बलोचहा, सोहरौना, मंसाछापर, जोगीछापर व नंदलाछापर क्षेत्रों में भी जुलूस निकाले गए। छावनी क्षेत्र में पेश इमामों की हिदायत पर बिना डीजे के जुलूस निकाला गया। युवाओं ने हाथों में इस्लामी परचम लेकर धार्मिक नारे लगाए। जुलूस में मक्का - मदीना आदि की खुबसूरत झांकियां सजाई गई थी ।जुलूस सुभाष चौक, कोतवाली रोड, तिलक चौक और साहबगंज होते हुए बावली चौक पहुंचा, जहां इसका समापन हुआ। जुलूस के मार्ग में जगह-जगह स्थानीय लोगों और समाजसेवियों ने स्टाल लगाकर ठंडे पानी, मीठे चावल व अन्य जलपान की व्यवस्था की। मुस्लिम परिवारों में मिठे पकवान बनाकर एक-दूसरे में बांटे गए। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। अधिकारियों और पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। पूरे आयोजन में अमन, भाईचारे और आपसी सौहार्द का संदेश देखने को मिला।

# डीएम-एसपी ने किया जिला कारागार का स्थलीय निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**




जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागार (जेल) गाजीपुर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, जिलाधिकारी एंव पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला कारागार मे कारागार चिकित्सालय, महिला एंव पुरूष बैरक, रसोई घर, का निरीक्षण किया तथा कारागार में लगाये गये सी सी टी वी के संचालन व्यवस्था की जानकारी ली। जिलाधिकारी एंव पुलिस अधीक्षक ने कारागार चिकित्सालय मे भर्ती कैदियों से बीमारियो के सम्बन्ध मे पूछा तथा उनके खान-पान एवं साफ-सफाई की जानकारी ली। जिला कारागार के हवालात कार्यालय के स्टाक रजिस्टर की जांच की गयी, इसके पश्चात बारी-बारी से सभी बैरको का निरीक्षण किया गयां। बैरको मे बन्दियो के कार्ड पर अगली पेशी का दिनांक को चेक किया गया। कारागार मे रसोई घर के निरीक्षण मे प्रत्येक दिनं बनने वाले भोजन के मीनू की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि जेल के अन्दर किसी भी दशा मे मोबाइल व अन्य उपकरण का प्रवेश न होने पाये इस हेतु रोस्टर बनाकर चेंकिग अभियान चलाकर चेक किया जायें।

इसके उपरान्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जय प्रकाश यादव, जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा द्वारा संयुक्त रूप से जनपद में महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित राजकीय प्लेस ऑफ सेफ्टी तथा राजकीय संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश द्वारा राजकीय संप्रेक्षण गृह गाजीपुर में पहुंचकर बारी-बारी से बैरक मे जाकर निरुद्ध विचाराधीन बंदियों से प्रतिदिन के खान पान, दैनिक उपयोग की सामग्रियों तथा किसी प्रकार कि समस्या के बाबत जानकारी ली। उन्होने शौचालय एवं रसोईयो का भी निरीक्षण किया तथा प्रतिदिन साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के समय सी जी एम, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एवं अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने स्वतंत्रता सेनानी सरजू पांडेय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन

**गाजीपुर।** पूर्व सांसद एवं महान स्वतंत्रता सेनानी कामरेड सरजू पांडे की पुण्यतिथि के अवसर पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला काउंसिल की ओर से मंगलवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर गिरीश चंद्र शर्मा ने कहा कि किसी व्यक्ति की लोकप्रियता उसके पद और सत्ता सीन से नहीं होती बल्कि उसके जीवन में किए गए संघर्ष से मिलती है वह व्यक्ति किस समाज के लिए अथवा किसी वर्ग के लिए संघर्ष करता है और जनता के उत्थान में कितना योगदान देता है। सरजू पांडे ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ काफी संघर्ष किया जिसके परिणाम स्वरूप आज आजादी के दिन देखने को मिल रहे हैं डॉ गिरीश चंद्र शर्मा ने 1 सितंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आवाहन किया राज्य सचिव अरविंद राज स्वरूप ने कहा की सरजू पांडे एक महान स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं वे गरीबों मजदूरों किसानों की आवाजथे। किसान सभा के जिला अध्यक्ष अशोक मिश्रा ने कहा कि आज स्वतंत्रता सेनानी की पुण्यतिथि मनाई जा रही है पर सरकार का कोई प्रतिनिधि अपनी भागीदारी देने नहीं आया जो आज उन्हें स्वतंत्रता सेनानियों की बदौलत नौकरी कर रहे हैं यह लोग महोत्सव मीटर की दूरी पर है और आवाज सुन रहे हैं पर नजरअंदाज कर रहे हैं उन्हें डर है कि वर्तमान सरकार की कुपित नजरे उन पर न पड़ जाए। इस अवसर पर पूर्वविधायक राजेंद्र यादव अमेरिका सिंह यादव शशिकांत कुशवाहा राजदेव ऋषि पांडे ऋषि यादव सुरेंद्र राम राम अवध राम रविंद्र यादव शमी मोहम्मद इरशाद अहमद राजीव कुमार सिंह सूरज रामबागी सच्चे लाल राम सहित बड़ी संख्या में पार्टी तथा अन्य सम्मानित लोगों ने शिरकत किया।

# मिलावट पर रोकथाम के लिए अभियान चलाकर लिए गए 6 नमूने

**रक्षाबंधन पर गुणवत्ता पूर्ण खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए की जा रही कारवाई**

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**



आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उप्र, लखनऊ एवं जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला गाजीपुर एवं अपर जिलाधिकारी (वि/रा) गाजीपुर तथा आरसी पाण्डेय सहायक आयुक्त (खाद्य)-II गाजीपुर के निर्देश पर जनपद में आगामी रक्षाबन्धन पूर्व के अवसर पर आम जनमानस को गुणवत्तापूर्ण खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराये जाने हेतु मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाकर कुल-6 नमूना संग्रहित किया गया। जिसमें दिनांक 26.08.2026 को सिधौना, सैदपुर गाजीपुर स्थित राहुल कुमार के प्रतिष्ठान से पनीर का 1 नमूना संग्रह किया गया, सिधौना बाजार, सैदपुर गाजीपुर स्थित विराट यादव के पनीर विनिर्माण प्रतिष्ठान से पनीर का 01 नमूना संग्रह किया गया, सैदपुर चन्दौली रोड, गाजीपुर स्थित अशरफ अली के डिलीवरी वैन से गन्ने का गुड का 1 नमूना संग्रह किया गया।

रायपुर बहरियाबाद, गाजीपुर स्थित मुन्ना प्रजापति के विनिर्माण प्रतिष्ठान मेसर्स-प्रजापति इमरती एण्ड स्वीट हाउस से बूँदी का लड्डू एवं छेना मिठाई का 1-1 नमूना संग्रह किया गया, सिधौना बाजार गाजीपुर स्थित विनिर्माण प्रतिष्ठान मेसर्स-धर्मेन्द्र छेना एवं पनीर उद्योग से छेने का 1 नमूना संग्रह किया गया। संग्रहित नमूनें खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला, उप्र प्रेषित किये जा रहें है, जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जायेगी।

नमूना संग्रह की कार्यवाही खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण गुलाबचन्द गुप्त, बिपिन कुमार गिरि, धनन्जय सिंह, अरविन्द्र प्रजापति, पंकज कुमार कन्नौजिया एवं अमर नाथ द्वारा की गयी।

# बाबा गंगेश्वर नाथ धाम में गूंजा हरि नाम, भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**



श्रावणी महोत्सव के तहत पतार स्थित बाबा गंगेश्वर नाथ धाम पर अखंड राम नाम संकीर्तन, हवन, भंडारा एवं भजन संध्या का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। 24 घंटे तक चले अखंड राम नाम संकीर्तन के समापन के बाद क्षेत्र से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। वहीं भोजपुरी गायकों ने भक्ति गीतों और सावन के पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। भजन संध्या का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुआ। इसके बाद गायक बंटी वर्मा ने (रउआ आईं हम कजरी सुनाईं भोले जी) प्रस्तुत कर माहौल भक्तिमय कर दिया। गायक हरिनारायण हलचल ने (गूंज रहा मिट्टी में कण-कण, कण-कण में अभिराम, जय श्रीराम-जय श्रीराम) की प्रस्तुति दी, जिस पर पंडाल में मौजूद श्रद्धालु तालियां बजाते हुए झूम उठे। इसी क्रम में हरेंद्र सिंह ने (भोला बाबा जोगिया के अजबे बा घर हो, देखला पर लगता हमरा के डर हो) गीत प्रस्तुत किया। अभय सिंह ने पारंपरिक सावन गीत 'रिमझिम बरसे ला सावनवा के पनिया ए राजा' सुनाकर श्रोताओं का मन मोह लिया। वहीं अनिल यादव ने 'बड़ा दर्द होला नरम कलाई में, भांग के पिसाई में' गीत प्रस्तुत किया। महिला गायिका आरती सुमन और पिंकी डोली ने भी मनमोहक भजन एवं गीत प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम के दौरान आयोजक टीम की ओर से पधारे गायकों एवं गणमान्य लोगों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। राम नाम संकीर्तन एवं हवन के पश्चात हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के अंत में व्यवस्थापक जितेंद्र सिंह एवं सहयोगियों ने आयोजन में पहुंचे सभी श्रद्धालुओं, अतिथियों और कलाकारों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मातृ व शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी: जिलाधिकारी

**'स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करें'**

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**




जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में कल सायंकाल कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में संचालित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सा व्यवस्थाओं तथा विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मातृत्व योजना के अंतर्गत मन्त्रा एप पर लंबित भुगतान की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी लंबित भुगतानों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को समय से योजना का लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने माइक्रोप्लान के अंतर्गत सभी संबंधित एमवाईसी को अपने क्षेत्र में लंबित भुगतानों को एक सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी पंजीकृत सरकारी एवं निजी अस्पतालों से प्रतिदिन निर्धारित समयावधि में हुए प्रसव एवं मृत्यु के संबंध में अद्यतन विवरण गूगल फॉर्म के माध्यम से अनिवार्य रूप से प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित आंकड़ों का नियमित, सटीक एवं व्यवस्थित संकलन किया जाए, जिससे जनपद में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की वास्तविक स्थिति की प्रभावी निगरानी की जा सके तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित हो। मातृ एवं शिशु मृत्यु के प्रत्येक प्रकरण की होगी गहन समीक्षा* जिलाधिकारी ने मातृ एवं शिशु मृत्यु के प्रत्येक प्रकरण की निष्पक्ष, विस्तृत एवं समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने के लिए स्थायी समिति गठित करने के निर्देश दिए। समिति में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संबंधित मजिस्ट्रेट एवं चिकित्सक को शामिल किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जांच के दौरान यदि किसी अस्पताल, चिकित्सक अथवा संबंधित स्वास्थ्यकर्मी की लापरवाही या कार्य में शिथिलता सामने आती है तो उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु से संबंधित प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से लिया जाए तथा केवल आंकड़ों के संकलन तक सीमित न रहकर उसके कारणों का विश्लेषण करते हुए भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

**चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों के लिए सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश:** जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी एवं निजी क्षेत्र के चिकित्सकों तथा स्वास्थ्यकर्मियों को भयमुक्त, सुरक्षित एवं बिना किसी अनुचित दबाव के अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध कराना सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता एवं मरीजों की सुरक्षा के साथ-साथ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा, सम्मान एवं गरिमापूर्ण कार्य वातावरण सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया। सीएचसी पर ऑक्सीजन व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश, जिलाधिकारी ने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर ऑक्सीजन व्यवस्था को सुदृढ़ एवं व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आवश्यक धनराशि की उपलब्धता एवं समय से उपयोग सुनिश्चित करने को कहा, ताकि आकस्मिक परिस्थितियों में मरीजों को तत्काल आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके और किसी भी स्तर पर ऑक्सीजन की कमी के कारण उपचार प्रभावित न हो। बैठक में शव वाहन की उपलब्धता एवं उसके उपयोग से संबंधित व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आमजन को शव वाहन की उपलब्धता, संपर्क व्यवस्था एवं उपयोग की प्रक्रिया के संबंध में स्पष्ट, पारदर्शी एवं विधिवत जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि जरूरतमंद परिवारों को समय से इस सुविधा का लाभ मिल सके और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।